निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



दुमका स्थित बासुकी नाथ मंदिर में पूजा करते बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रोशन

• बोकारो, रविवार 24 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 07 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ मामले में आरोपित सेना का जवान गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची में 38 वर्षीय सेना के जवान को कॉलेज छात्रा से कथित छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार को लालपुर थाना क्षेत्र में उस समय हुई जब 23 वर्षीय छात्रा कॉलेज से अपने घर लौट रही थी। लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि आरोपी सेना के जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किशोरी को मां बनाने वाला हैवान धराया

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह पुलिस ने 14 साल की बच्ची को गर्भवती बनाने वाले हैवान को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम संतोष राम है जो बेंगाबाद थाना इलाके के एक गांव का रहनेवाला है। आरोपी संतोष को एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व वाली टीम ने गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अज्ञात शव बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वैद्य बिगहा गांव में एक आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे खेत से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। व्यक्ति की हत्या तेज धारदार हथियार और ईंट से कुचलकर की गई है। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार देर रात की प्रतीत होती है। शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखा और तत्काल इसकी सूचना हरिहरगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

भीषण गर्मी पर सीएम गंभीर : सार्वजनिक जगहों पर पेयजल व्यवस्था का निर्देश

# राहत पहुंचाना पहली प्राथमिकता : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित पंचायत प्रतिनिधियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने जनहित को सर्वोपरि बताते हुए साफ किया है कि इस संकट की घड़ी में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करें ताकि राज्य के किसी भी नागरिक को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, थाना प्रभारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कड़ा निर्देश जारी किया है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों के बाहर और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता और राहगीरों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि पानी की व्यवस्था वाली जगहों पर स्पष्ट सूचना भी प्रदर्शित की जाए ताकि राहगीरों को इसकी जानकारी आसानी से मिल सके और उन्हें भीषण गर्मी में राहत मिले। झारखंड में गहराते जल संकट पर काबू पाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी जिला उपायुक्तों को सीधी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आदेश दिया है कि जहां कहीं भी पानी की किल्लत या संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है वहां बिना किसी देरी के तत्काल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही गांवों और शहरों में खराब पड़े चापाकलों की तुरंत मरम्मत कराने और अन्य वैकल्पिक जल स्रोतों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर जारी अपने इस महत्वपूर्ण निर्देश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रशासनिक संवेदनशीलता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसी भी गांव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी के कारण आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए और इसे सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस भीषण गर्मी के दौर में आम जनता के हितों की रक्षा करना और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जमीन विवाद में फायरिंग, एक की मौत, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर इलाके में जमीन विवाद में दबंगों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। दरअसल चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर इलाके में एक विधवा महिला घर बना रही थी। घर की जमीन को लेकर गांव के ही मंटू सिंह और एक अन्य व्यक्ति से विवाद चल रहा था। निर्माण के दौरान मंटू सिंह और अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर काम रोक दिया। इसके बाद विधवा महिला के गोतिया और अन्य लोग इकट्ठा हुए और दबंगों का विरोध किया। बाद में दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और फायरिंग कर दी। दबंगों ने राइफल और पिस्टल से फायरिंग की। इस घटना में सिकंदर चौधरी, मधु चौधरी, संजय चौधरी और यशवंत कुमार को गोली लगी। सभी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने सिकंदर चौधरी को मृत घोषित कर दिया। एसडीपीओ राजेश यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि दबंगों ने जमीन कब्जा करने की कोशिश की है। पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करे। ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

# बिहार के मंत्री ने बासुकीनाथ मंदिर में परिवार के साथ की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रोशन शनिवार को परिवार समेत दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। मंदिर के पंडा-पुरोहितों ने उन्हें विधि-विधान पूर्वक बाबा भोलेनाथ, माता पार्वती और अन्य देवी-देवताओं की पूजा कराई। इस दौरान मंत्री ने विश्व कल्याण के लिए भोलेनाथ की मंगल आरती भी की। मंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। पूजा अर्चना के बाद मंत्री को वन विभाग के विश्रामगृह में जिला प्रशासन की ओर से ओर से अल्पाहार कराया गया। इसके बाद मंत्री अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। इसके पूर्व मीडिया से बातचीत में बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रोशन ने कहा कि उन्होंने बाबा फौजदारी की पूजा कर बिहार और झारखंड के विकास और दोनों राज्यों की समृद्धि की कामना की है।

# पीवीयूएनएल, पतरातू से प्रथम फ्लाई ऐश रेक रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पतरातू ने 22 मई 2026 को 4000 टन फ्लाई ऐश की पहली ऐश रेक को मि./ स्टार सीमेंट, टेटेलिया, असम के लिए रवाना किया। यह गंतव्य पतरातू से लगभग 1243 किलोमीटर दूर स्थित है। विशेष बात यह रही कि पीवीयूएनएल में प्राप्त कोयला रेक को ही बैक-लोडिंग के माध्यम से फ्लाई ऐश परिवहन हेतु उपयोग में लाया गया जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर रेक को पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल ने

हरित एवं सतत भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम





हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीजीएम (प्रोजेक्ट)अनुपम मुखर्जी, जीएम (ओ एंड एम) मनीष खेतरपाल, जीएम (मेंटेनेंस एवं एडमिनिस्ट्रेशन)ओम प्रकाश सोलंकी एवं पीवीयूएनएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मि./ स्टार सीमेंट के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। यह पहल पीवीयूएनएल की सतत विकास एवं कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करती है। रेल रेक के माध्यम से 4000 टन फ्लाई ऐश के परिवहन से लगभग 15,000 लीटर डीजल की बचत हुई है, जो सामान्यतः ऐश को डिस्पोजल साइट तक पहुंचाने में प्रयुक्त होता। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ऊर्जा संसाधनों की भी महत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित होगी।

DISHA INDIAN AIR FORCE

## JOIN THE INDIAN AIR FORCE

For Technical Branch aspirants: AE(L) & AE(M)

An aspirant can join the Technical Branch of the Indian Air Force through any one of the following:

ENTRY THROUGH AFCAT and/or GATE ENTRY SCHEME

NATIONALITY: Indian
GENDER: Men and Women
COMMISSION TYPE: Permanent Commission (PC) & Short Service Commission (SSC)
MARITAL STATUS: Unmarried
AGE LIMIT: 20 to 26 years as on the date of commencement of training

AERONAUTICAL ENGINEER (ELECTRONICS) {AE(L)}

Candidates with Physics and Mathematics at 10+2 level and a minimum of four years graduation/integrated Post-Graduation qualification in Engineering/Technology from a recognised University OR cleared sections A and B examination of Associate Membership of Institution of Engineers (India) or Aeronautical Society of India or Graduate Membership Examination of the Institution of Electronics and Telecommunication Engineers by actual studies with disciplines including: Advanced Computer Application, Artificial Intelligence (AI) and Data Science, Artificial Intelligence and Machine Learning, Computer and Communication Engineering, Computer Science and Applied Mathematics, Computer Engineering, Computer Engineering (Software Engineering), Computer Engineering and Application, Computer Science and Design, Computer Networking, Computer Science and Engineering, Cyber Physical Systems, Computer Science, Computer Science and Engineering (Internet of Things and Cyber Security Including Block Chain Technology), Computer Science and Technology, Robotics and AI, Computer Science and Engineering (Internet of Things), Computer Science and Information Technology, Computer Science and Engg. (AI & Machine Learning), Computer Science and Engineering (Cyber Security), Computer Science and Systems Engineering, Computer Science and Engineering (Networks), Computer Science and Engineering (Data Science), Computer Science and Engineering (AI), Computer Technology, Electrical and Computer Engineering, Electronics and Computer Science, Electronics and Computer Engineering, Mathematics and Computing, Software Engineering, Information and Communication Technology, Information Engineering, Information Science and Engineering, Information Science and Technology, Information Technology, Information Technology and Engineering, Electrical and Electronics (Power System), Electrical and Electronics Engineering, Electrical Power Engineering, Electrical and Instrumentation Engineering, Electrical, Electronics and Power Engineering, Electrical and Mechanical Engineering, Electrical and Power Engineering, Electrical Engineering, Electrical Engineering (Electronics and Power), Electrical Engineering Industrial Control, Electrical Instrumentation and Control Engineering, Electrical, Electronics and Power, Electronics and Electrical Engineering, Electronics and Power Engineering, Electronic Engineering, Electronic Science and Engineering, Electronics, Electronics and Control Systems, Electronics Engineering (VLSI Design and Technology), Electronics Design Technology, Electronics Instrument and Control, Electronics Engineering, Electronics System Engineering, Electronics Technology, Optics and Optoelectronics, Power Electronics, Power Electronics Engineering, Radio Physics and Electronics, Advanced Communication and Information System, Advanced Electronics and Communication Engineering, Applied Electronics and Communications, Electronics and Communication (Communication System Engineering), Communication Engineering, Electronics and Communication Technology, Electronics and Communication Engineering, Electronics and Communication Engineering (Industry Integrated), Electronics and Tele-Communication Engineering, Electronics and Telecommunications Engineering, Electronics and Telecommunications Engineering, Electronics and Telecommunication Engineering, Electronics and Communication Engineering (Microwaves), Electronics Communication and Instrumentation Engineering, Electronics and Telematics Engineering, Telecommunication Engineering, Applied Electronics and Instrumentation Engineering, Automation and Robotics, Automation Engineering, Electronic Instrumentation and Control Engineering, Electronics and Instrumentation Engineering, Electronics Instrumentation and Control Engineering, Power Electronics and Instrumentation Engineering, Instrument Technology, Instrumentation, Instrumentation and Control Engineering, Instrumentation and Electronics, Instrumentation Engineering, Instrumentation Technology, Robotics and Automation.

AERONAUTICAL ENGINEER (MECHANICAL) {AE(M)}

Candidates with Physics and Mathematics at 10+2 level and a minimum of four years degree graduation/integrated Post-graduation qualification in Engineering/Technology from a recognised University or cleared sections A and B examination of Associate Membership of Institution of Engineers (India) or Aeronautical Society of India by actual studies from a recognised University with disciplines including: Aero Space Engineering, Airline Management, Aeronautical Engineering, Mechanical Engineering (Industry Integrated), Mechanical Engineering (Automobile), Mechanical Engineering (Welding Technology), Mechanical and Mechatronics Engineering, Mechanical Engineering (Manufacturing Engineering), Mechanical Engineering, Mechanical Engineering Design, Mechanical Engineering (Repair and Maintenance), Power Engineering, Industrial and Production Engineering, Machine Engineering, Manufacturing Engineering, Manufacturing Engineering and Automation, Manufacturing Engineering and Technology, Manufacturing Process and Automation Engineering, Industrial Production Engineering, Manufacturing Science and Engineering, Manufacturing Technology, Mechanical Engineering (Production), Precision Manufacturing, Production and Industrial Engineering, Production Engineering, Automobile Engineering, Automotive Technology, Mechanical Engineering Automobile, Industrial Engineering, Mechanical and Automation Engineering, Mechanical and Mechatronics Engineering (Additive Manufacturing), Mechanical and Smart Manufacturing, Mechatronics, Mechatronics Engineering, Material Science and Technology, Metallurgical and Materials Engineering, Metallurgy and Material Technology, Advanced Mechatronics and Industrial, Automation.

For GATE Score Entry: Graduate in the above listed disciplines with a valid GATE score in specified disciplines only.

| S No. | GATE SUBJECTS | |
|---|---|---|
| | AE (M) | AE (L) |
| 1 | Aerospace Engineering | Computer Science and Information Technology |
| 2 | Mechanical Engineering | Data Science and Artificial Intelligence |
| 3 | Production and Industrial Engineering | Electronics and Communication Engineering |
| 4 | Metallurgical Engineering | Electrical Engineering |
| 5 | Engineering Sciences (Permitted only with optional subjects - Fluid Mechanics, Materials Science, Solid Mechanics, Thermodynamics and Energy Science) | Instrumentation Engineering |

CBC 10801/13/0003/2627

ENTRY & BRANCHES
• AFCAT Entry: Flying/ Technical/ Weapon System/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology
• GATE Score Based Entry: Technical (Valid GATE score is mandatory)
• NCC Special Entry: Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory)

For AFCAT Entry registration and online exam are mandatory/ NCC Special Entry registration mandatory and no online exam/ GATE Score Based Entry for Technical Branch only and no online exam

Aadhar Card is mandatory for online registration

Registrations open from 20 May 2026 till 19 June 2026

For more details, refer to Employment News dated 16 May 2026 and for detailed notification visit our website careerairforce.gov.in and afcat.edcil.co.in

FOR UPDATES, FOLLOW US ON

011-23013690 | 1800-112-448 | careeriniaf@gmail.com
DISHA, Air Headquarters (Vayu Bhawan) Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106
www.careerairforce.gov.in

C M Y K

# बकरीद को लेकर विधि-व्यवस्था एवं शांति समिति की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व 2026 के अवसर पर जिले में विधि व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर नगर भवन, हजारीबाग में उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में शांति समिति एवं विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।




बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने जिले के सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करें तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें। दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को संदिग्ध एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध धारा 126 के तहत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से निबटने के लिए अस्पतालों एवं अग्निशमन वाहनों को 24७७ क्रियाशील रखने का निर्देश दिया, साथ ही गर्मी के मद्देनजर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बकरीद पर्व के दौरान होने वाली कुबार्नी को देखते हुए पशुओं के अवशेषों का व्यवस्थित तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने आमजनों से किसी भी सूचना अथवा आपात स्थिति की जानकारी तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की तथा जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06546-265233, 8002529349 एवं पुलिस सहायता हेतु 112 जारी किया गया। बैठक में त्योहारों के दौरान सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने हेतु आम सूचना जारी करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विशेष रूप से विष्णुगढ़, ईचाक, बरही, बड़कागांव एवं टाटीझरिया क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री अमन कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था संधारण के लिए सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अलर्ट मोड में कार्य करें। उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया तथा आमलोगों से सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक एवं जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट से बचें तथा प्रशासन को सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखें। बैठक के अंत में जिलेवासियों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व मनाने की अपील की गई।

## जिला प्रशासन की पहल से दिव्यांगजनों को मिली नई गति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती के निदेर्शानुसार शनिवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह द्वारा डीएमएफटी मद से उपलब्ध कराए बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण कुल 24 दिव्यांगजनों के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिंह मौजूद थी। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के चेहरे पर खुशी एवं उत्साह साफ झलक रहा था। इस संबंध में उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। बैटरी चालित ट्राईसाइकिल से दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियां आसान होंगी, उनकी शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सहभागिता को नई दिशा मिलेगी तथा वे आत्मनिर्भर जीवन की ओर मजबूती से कदम बढ़ा सकेंगे। उपायुक्त ने आगे कहा कि जिला प्रशासन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन भविष्य में भी जनहित एवं समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारता रहेगा। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमंत मंदिर परिसर का बदला स्वरूप बना आकर्षण का केंद्र, विधायक मनोज यादव ने किया सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन

**चौपारण/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिगहा स्थित प्रसिद्ध हनुमंत सेवा संस्थान मंदिर परिसर अब नए और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। मंदिर परिसर में कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन विधायक मनोज यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और भक्तों ने मंदिर परिसर की नई भव्यता का अवलोकन किया। जानकारी के अनुसार विधायक मनोज यादव की अनुशंसा पर मंदिर परिसर में भव्य प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रास्ते में शेड तथा मंदिर गढ़ के दोनों कोनों पर आकर्षक गुंबदों का निर्माण कराया गया है। नए निर्माण कार्यों ने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं। मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं गढ़ पर निर्मित भव्य गुंबद श्रद्धालुओं और आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मंदिर परिसर की रंग-सज्जा और स्थापत्य शैली को देखकर लोगों को राजस्थान की पारंपरिक वास्तुकला का अहसास हो रहा है। यही कारण है कि परिसर में तस्वीर और सेल्फी लेने की होड़ मची रही। युवा वर्ग से लेकर महिलाएं और बच्चे तक मंदिर परिसर की खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं होते, बल्कि समाज को संस्कृति, संस्कार और आध्यात्म से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा क्षेत्र की धार्मिक पहचान और अधिक मजबूत होगी। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी, सचिव कुमार राहुल, कोषाध्यक्ष मनीष सिन्हा, प्रकाश साहु, बलराम यादव, नीरज चंद्रवंशी, प्रेम कुमार, शिवनंदन केशरी, सिटन साहु सहित अन्य सदस्यों ने विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, रामचंद्र सिंह, संजय सिंह, सतेन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, सुरेंद्र साहु, विकास यादव, अशोक सिंह, पवन सिंह, बब्लु गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।



### असहाय बच्चों के बीच पहुंचे उपायुक्त रामनिवास यादव, मिशनरीज ऑफ चैरिटी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह उपायुक्त श्री रामनिवास यादव ने शुक्रवार को लखारी स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी का भ्रमण कर वहां रह रहे असहाय एवं परित्यक्त बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा संस्थान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया उपायुक्त ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके दैनिक जीवन एवं जरूरतों के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्थान में 0 से 10 वर्ष तक के उन बच्चों की देखरेख की जा रही है, जिनके माता-पिता नहीं हैं अथवा जिन्हें परित्यक्त अवस्था में पाया गया है। वर्तमान में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सीडब्लूसी की निगरानी में 19 बच्चों का पालन-पोषण एवं संरक्षण किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संस्थान में उपलब्ध साफ-सफाई, पोषण, चिकित्सा सुविधा एवं बच्चों के लिए बनाए गए सुरक्षित वातावरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे कमजोर और असहाय बच्चों की सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा कार्य है। ऐसे बच्चों को संरक्षण के साथ-साथ स्नेह, शिक्षा और बेहतर भविष्य देना भी जरूरी है ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों की आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा संस्थान को हर संभव प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और हर जरूरतमंद बच्चे तक सहायता पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।इस अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी जीतू कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई की परामर्शी नीलम कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### गिरिडीह नगर में 10 घंटे से बिजली गुल, 50 से ज्यादा कर्मी मरम्मत में जुटे

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह नगर में शनिवार सुबह से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। लगातार करीब 10 घंटे से शहर अंधेरे में डूबा हुआ है। भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से आमजन काफी परेशान हैं बिजली विभाग के 50 से अधिक कर्मी युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। विभागीय अधिकारी खुद हाथ में टॉर्च लेकर अलग अलग इलाकों में फॉल्ट की तलाश कर रहे हैं, जबकि मिस्त्री पोल पर चढ़कर लाइन दुरुस्त करने में लगे हैं मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। हालांकि विभाग लगातार समस्या दूर करने का प्रयास कर रहा है। स्थिति अभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है, लेकिन कभी भी बिजली बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है बिजली कटौती से शहर में पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। इन्वर्टर जवाब देने लगे हैं और दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है।

### ओवरलोड वाहनों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, विभिन्न थाना क्षेत्रों से 8 वाहन जब्त

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक जांच अभियान चलाया। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान संचालित किया गया अभियान के दौरान कुल 8 ओवरलोड वाहनों को जब्त किया गया। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र से 2, निमियाघाट थाना क्षेत्र से 3 तथा बगोदर थाना क्षेत्र से 3 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। जांच में परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इससे सड़कें और पुल-पुलियां क्षतिग्रस्त होती हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। प्रशासन सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

## गर्मी और तकनीकी खराबी से प्रभावित बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में प्रशासन जुटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में भीषण गर्मी, तेज हवा और सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विद्युत लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित बिजली व्यवस्था को बहाल करने के लिए प्रशासन और बिजली विभाग युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। उपायुक्त श्री रामनिवास यादव ने शुक्रवार को करहरबारी पावर ग्रिड, बस स्टैंड पावर सब स्टेशन और डांडीडीह पावर ग्रिड स्टेशन का निरीक्षण कर मरम्मत कार्यों का जायजा लिया जानकारी के अनुसार पचम्बा रोड चौड़ीकरण कार्य के दौरान करहरबारी पावर ग्रिड और बस स्टैंड पावर सब स्टेशन की कई लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि अत्यधिक गर्मी और तेज हवा के कारण भी 33 केवीए लाइन को नुकसान पहुंचा है।



कई स्थानों पर बिजली पोल और ओवरहेड तार क्षतिग्रस्त होने से शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से बिजली बाधित होने के कारणों और आपूर्ति सामान्य होने में लगने वाले समय की जानकारी ली। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी टीमें लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं और क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत तेजी से की जा रही है। अतिरिक्त संसाधनों और तकनीकी कर्मियों की मदद से आपूर्ति जल्द बहाल करने का प्रयास जारी है उपायुक्त रामनिवास यादव ने अधिकारियों और तकनीकी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत आपूर्ति बहाल करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी शहर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए 45 मैनपावर को लगाया गया है, जो लगातार फील्ड में रहकर मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। प्रशासन और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है।इस दौरान अधीक्षण अभियंता शकील आलम, कार्यपालक अभियंता दक्षिण मृणाल गौतम, सहायक अभियंता टाउन सुरजीत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा के भैया-बहनों ने कबड्डी में रचा इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विद्या भारती द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह के भैया-बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे झारखंड में विद्यालय का परचम लहराया। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष वंदना सभा के दौरान प्रधानाचार्य आनंद कमल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी विजेता भैया-बहनों ने अपनी सफलता का श्रेय खेल आचार्या अनीता बहन जी को दिया। खिलाड़ियों ने कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन, कठिन अभ्यास और प्रोत्साहन के कारण ही टीम यह मुकाम हासिल कर सकी।इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्यगण, दीदी जी तथा बड़ी संख्या में उपस्थित भैया-बहनों ने करतल ध्वनि से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## बकरीद को लेकर केरेडारी थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को केरेडारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों, पत्रकारों एवं शांति समिति सदस्यों ने भाग लेकर त्योहार की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

साथ ही कहा गया कि कुबार्नी निर्धारित स्थलों पर ही की जाए तथा खुले में या प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी से परहेज किया जाए।



साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और अवशेषों को इधर-उधर नहीं फेंकने की भी हिदायत दी गई। प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस साइबर सेल सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगी। बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि केरेडारी क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखते हुए आपसी भाईचारे के साथ बकरीद मनाई जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि पर्व को लेकर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी अप्रिय स्थिति या सूचना के लिए लोगों से तत्काल थाना अथवा डायल 112 पर संपर्क करने की अपील की गई। बैठक में उपप्रमुख अमेरिका महतो, सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, मुखिया दिनेश साव, अशोक कुमार राम, पंसस चंद्रिका रजक, बालेश्वर कुमार, रामेश्वर साव, बैद्यनाथ महतो, इस्लाम अंसारी, मो. अजीज, कासिम खान, एसआई टिंकू सिंह, अनूप कुमार, एएसआई चमेली राम, सिद्धेश्वर पंडित समेत शांति समिति के सदस्य एवं प्रखंड के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा और जनजागरूकता को लेकर एसपी के नेतृत्व में रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। रैली में पुलिस पदाधिकारी, जवानों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया बाइक रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी, जहां लोगों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, नशे में वाहन नहीं चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान एसपी डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता बेहद जरूरी है।



छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की रैली के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह लोगों को जागरूकता संदेश भी दिए गए।

## अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन देगा व्यावसायिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पूर्णतः निःशुल्क नामांकन एवं प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के युवा-युवतियों को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क नामांकन एवं प्रशिक्षण की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दानापुर, पटना द्वारा मैनेजमेंट, लॉ, नर्सिंग, पारामेडिकल, फामेर्सी, पाठ्यक्रमों का संचालन विगत 25 वर्षों से किया जा रहा है, जिसका प्रधान कार्यालय गोला रोड मोड़, बेली रोड, दानापुर, पटना में स्थित है। यहाँ से प्रतिवर्ष युवा-युवतियों के शैक्षणिक विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हेतु योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।



इस योजना में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बी.बी.ए., बी.एसी.ए. जर्नलिज्म एण्ड मास-कॉम के अंतर्गत बैचलर डिग्री तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रम एम.बी.ए., पी.जी.डी.एम. के अंतर्गत मास्टर स्तरीय उच्चत्तर डिग्री का संचालन किया जाता है, जिसकी मान्यता ए.आई.सी.टी.ई.. नई दिल्ली से तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबद्धता प्राप्त है। सभी पाठ्क्रमों में विद्यार्थियों का नामांकन प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। विद्यार्थियों को नामांकन हेतु मात्र 1075/- रुपए संस्थान में जमा करने होंगे। उसके उपरांत सत्र के अनुसार उनको प्रशिक्षण की व्यवस्था राज्य के विख्यात एवं अनुभवी शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विदित हो कि संस्थान में लाईब्रेरी एवं कम्प्यूटर लैब की बेहतर व्यवस्था परिसर में की गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की आवासीय सुविधा संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियो को यह पूरी योजना बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत दी जा रही है। दो वर्ष उपरान्त विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में इर्स्टनशीप के लिए तथा पार्ट-टाईम जॉब के लिए विभिन्न जगहों एवं शहरों में भेजा जाएगा।

## गिरिडीह साइबर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गिरिडीह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम-कच्छेल के समीप तेलखारी जंगल में कुछ साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल के माध्यम से लोगों से ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर, फर्जी ऐप लिंक भेजकर तथा अन्य तरीकों से लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या-16/2026 दिनांक 23 मई 2026 को दर्ज किया गया है गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनराज मंडल 23 वर्ष ग्राम रसनजोरी, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडीह गिरीश कुमार मंडल 24 वर्ष ग्राम छोटकी सरिया, थाना सरिया, जिला गिरिडीह पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड तथा 3 चेकबुक बरामद किए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी धनराज मंडल पूर्व में भी गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या-36/2019 में जेल जा चुका है इस छापेमारी दल में साइबर थाना प्रभारी रमेन्द्र प्रसाद समेत कई पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

## मतदाताओं के सत्यापन और मैपिंग में तेजी, विशेष अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर 2026 के तहत गिरिडीह जिले में उन्माप्पड़ मतदाताओं के सत्यापन एवं मैपिंग का कार्य तेज गति से चल रहा है। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतों, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विस्पुते सहित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ऐरो क्षेत्रवार उन्माप्पड़ मतदाता सूची के प्रकाशन, सत्यापन और विशेष पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं अभियान के दौरान मतदान केंद्रवार मतदाताओं की जानकारी का मिलान किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए और सभी मतदाताओं की सही मतदान केंद्र एवं क्षेत्र से मैपिंग सुनिश्चित हो सके। बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ और निर्वाचन कर्मियों को घर-घर जाकर सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही, तकनीकी या अन्य कारणों से अब तक मैप नहीं हो पाए मतदाताओं की पहचान पर विशेष जोर दिया जा रहा है।उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में सही तरीके से शामिल करना और सूची को पूरी तरह शुद्ध एवं अद्यतन बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित तरीके से सत्यापन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने आम लोगों से अपील की कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, स्थानांतरण या किसी भी त्रुटि से संबंधित मामलों में संबंधित बीएलओ या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर सहयोग करें। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि प्रत्येक पात्र मतदाता को उसके मताधिकार का पूरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर

### कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार

**कौआकोल।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अंचल कार्यालय कौआकोल में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया,जबकि शेष एक अन्य मामले में आवश्यक जांच एवं साक्ष्य के आधार पर अगली तिथि निर्धारित कर सुनवाई के लिए रखा गया।जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार के दिन नगरनौसा बस स्टैंड के पास नाराज लोगों ने एनएच 431 जाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया था। अनिश्चितकालीन हड़ताल का नेतृत्व कर रहे कांति कुमारी ने कहा कि आज कुछ लोगों के कारण हमलोगों के संघर्ष के बाद नगरनौसा में स्थापित हुई डिग्री कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर कैला पंचायत के लोदीपुर कर दिया गया जो गलत है। नगरनौसा बालिका उच्च विद्यालय खाली रहने के बाद भी नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लोदीपुर स्थानांतरित कर देना समझ से परे है। नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय के आसपास बहुत सारी सरकारी जमीन है जिसपर कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा है। हमारी मांग है कि डिग्री कॉलेज को तत्काल नगरनौसा बाजार के बालिका उच्च विद्यालय से संचालित किया जाए और जो जमीन पर अवैध कब्जा है उसे खाली करा कर कॉलेज का नया भवन बनाया जाए। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं कि जाति जबतक हमलोगों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। इस मौके पर कान्ति कुमारी, रिशु कुमार, जय प्रकाश कुमार, ऋषि कुमार, पप्पू कुमार, धर्मदेव कुमार, मोनी कुमार, गायत्री कुमारी, सावित्री कुमारी आदि उपस्थित थे।

### स्व. जनार्दन प्रसाद को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, शिक्षकों ने याद किया योगदान



**नवादा।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय में स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं संघ पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शिक्षा और शिक्षक हितों के लिए उनके योगदान को स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद एक कर्मठ, इमानदार और शिक्षकों के हितों के प्रति सदैव समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था के विकास एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं शिक्षक समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विजय कुमार (पूर्व अध्यक्ष, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ, नवादा), राम नरेश सिंह (पूर्व सदस्य, जिला कार्यकारिणी), ओंकार नाथ राय (जिलाध्यक्ष), रंजीत कुमार (जिला सचिव), अविनाश कुमार (कोषाध्यक्ष), पुष्कर कुमार अरुण (संयुक्त सचिव), राजेश कुमार (उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र कुमार (संगठन सचिव), महेश कुमार (संघ प्रवक्ता), दयानन्द सिन्हा (मीडिया प्रभारी), सुरेंद्र कुमार (कार्यालय सचिव), आनंदी कुमार (प्रखंड अध्यक्ष, नवादा), अविनाश कुमार (प्रखंड सचिव, नवादा), प्रमोद कुमार (प्रखंड कोषाध्यक्ष, नवादा), सुनील कुमार रजक (जिला प्रतिनिधि), प्रीतम कुमार (राज्य प्रतिनिधि), अलख निरंजन यादव (प्रखंड अध्यक्ष, कौआकोल) एवं सत्येंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### शिक्षा सेवक सनोज राजवंशी के असामायिक निधन से शिक्षा सेवकों में शोक की लहर

**पकरीबरावां।** प्रखंड स्थित बिहटा गांव निवासी 30 वर्षीय शिक्षा सेवक सनोज राजबंशी का निधन बीते दिनों गुरुवार को हो गया। वे अपने एक रिश्तेदार बुधौली गांव से अपने भाई को छोड़कर वापस घर लौट रहे थे, जहां विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाईकिल रोह शेखपुरा के बीच रोड पर शाम सात बजे सनोज राजबंशी का मोटरसाइकिल में जोड़दार टकर मार दी जिससे दुर्घटना स्थल पर ही सनोज राजवंशी का मौत हो गई। वे प्राथमिक विद्यालय ओरानी, कोनन्दपुर में शिक्षा सेवक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपने पीछे मां, पत्नी,पुत्री संध्या कुमारी 14 वर्ष, पुत्र अंशु कुमार 10 वर्ष,पुत्र हिमांशु कुमार 8 वर्ष को छोड़कर इस दुनिया से अलविदा हो गये। वहीं सनोज राजवंशी का मौत की खबर सुनते हीं बिहार मुसहर भुंईया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव मुकेश मांझी ने भी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी है। और जल्द हीं शिक्षा विभाग से उनके पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि दिलाने का भरोसा दिया। मृतक शिक्षा सेवक सनोज राजबंशी एक अच्छे स्वभाव के थे। उनके असामायिक निधन से संघ, समाज के साथ साथ शिक्षा जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है।

### बीमार सास की देखभाल के लिए शिक्षिका ने की मंत्री से स्थायी पदस्थापन की मांग

**बिहारशरीफ।** बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त मनोविज्ञान शिक्षिका प्रीति कुमारी ने मानवीय आधार पर बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस टू उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ में स्थायी पदस्थापना की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने बिहार सरकार के सूचना एवं जन-सम्पर्क सह ग्रामीण विकास मंत्री को आवेदन सौंपा है। प्रीति कुमारी वर्तमान में टीआरई-2 के तहत प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय, गोपालबाद-परनामा में पदस्थापित हैं। आवेदन में बताया कि उनका वर्तमान कार्यस्थल घर से करीब 80 किलोमीटर दूर है, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में कठिनाई हो रही है। बताया कि उनकी सास सुशीला देवी गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं और उनकी देखभाल के लिए घर पर उनकी उपस्थिति आवश्यक है। इसी परिस्थिति को देखते हुए डीएम के हस्तक्षेप पर उन्हें तीन माह के लिए बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस 2 उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया था। कहा कि प्रतिनियुक्ति की अवधि इस माह समाप्त हो रही है। ऐसे में उन्होंने मानवीय आधार पर स्थायी पदस्थापना अथवा अगले आदेश तक प्रतिनियुक्ति जारी रखने की मांग की है। इस संबंध में शिक्षिका ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को भी आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है।

# आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार को लेकर डीसी सख्त, कई एलएस को शोकॉज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना, पोषण ट्रैकर, फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस), पीएम मातृ वंदना योजना, टीएचआर वितरण, एबीएचए आईडी, अपार आईडी, होम विजिट एवं बच्चों के पोषण मापन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े सेविका पदों की जानकारी लेते हुए नियमानुसार पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से सेविका चयन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, जो गंभीर विषय है। सभी आवेदकों के शैक्षणिक दस्तावेजों की गहन जांच करने और चयन प्रक्रिया की रेंडम जांच कराने की बात कही। पोषण ट्रैकर पर समय पर एंट्री नहीं करने और केंद्रों का समुचित पर्यवेक्षण नहीं पाए जाने पर चैनपुर, पांकी, पाटन एवं नौडीहा बाजार सहित कई क्षेत्रों के एलएस को शोकॉज किया गया। उपायुक्त ने जिन केंद्रों में बिजली की सुविधा नहीं है, वहां शीघ्र व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजल, शौचालय और पोषण वाटिका जैसी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में टीएचआर वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में एक लाख दस हजार से अधिक पात्र लाभुकों में से 66 हजार से अधिक को एफआरएस के माध्यम से पोषण आहार वितरित किया गया है। उपायुक्त ने सभी पात्र लाभुकों तक नियमित रूप से पोषण आहार पहुंचाने तथा पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपार आईडी निर्माण में भी तेजी लाने पर बल दिया गया। पीएम मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान 22 मई 2026 तक विभिन्न स्तरों पर 620 आवेदन लंबित पाए गए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जबकि विभिन्न प्रखंडों के सीडीपीओ वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।

## जनजाति सांस्कृतिक समागम में भाग लेने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन दिल्ली रवाना

**रांची/नबिटा ब्यूरो।** जनजाति सांस्कृतिक समागम के जरिए 24 मई को झारखंड सहित देशभर के आदिवासियों का दिल्ली में महाजुटान होगा। जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा आयोजित इस जनजाति समागम को देश के गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करने वाले हैं। इसमें भाग लेने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को रांची से रवाना हुए। इस मौके पर चंपाई सोरेन ने रांची एयरपोर्ट में मीडियाकर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एतिहासिक होगा। जिसमें देश भर के लाखों आदिवासी शामिल होंगे।

**आदिवासियों की दूरदशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदारः चंपाई सोरेन**

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में आदिवासियों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार हैं। कांग्रेस ने झारखंड आंदोलन के दौरान हमेशा आदिवासियों और मूलवासियों पर लाठी चार्ज करवाने एवं गोलियां चलवाने का काम किया है। पूर्व सीएम ने कहा कि अगर कांग्रेस आदिवासियों की हितैषी होती तो अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को 1961 की जनगणना से नहीं हटाती। चंपाई सोरेन ने याद दिलाया कि सन 1967 में बाबा कार्तिक उरांव ने संसद में डिलिस्टिंग प्रस्ताव पेश किया था। जिसमें उन्होंने धर्म बदल चुके लोगों को आरक्षण से बाहर करने की बात कही थी। उनके प्रस्ताव को तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा संसदीय समिति को भेज दिया गया। इस विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने बहुत छानबीन की और 17 नवंबर 1969 को अपनी सिफारिशें दीं। उनमें प्रमुख सिफारिश यह थी कि कोई भी व्यक्ति, जिसने आदिवासी परंपराओं का परित्याग कर दिया हो और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा।

## बिजली संकट के बीच 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदल रहा है विभाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद लोगों को पहले एक सप्ताह से 15 दिनों तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब कुछ घंटे में खराब ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं। बिजली विभाग ने पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके के लिए खास योजना बनाई है और 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदल दिए जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर को लेने के लिए ग्रामीणों को अब कार्यालय नहीं आना पड़ता है, बल्कि विभाग खुद मौके पर पहुंच कर ट्रांसफार्मर को बदल रहा है। दरअसल, पलामू के इलाके का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। भीषण गर्मी के बीच पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके में ओवरलोड के कारण प्रतिदिन 16 से 17 ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं, जिन्हें 24 घंटे में बदल दिया जा रहा है। सामान्य मौसम में पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके में प्रतिदिन में पांच से छह ट्रांसफार्मर खराब होते हैं। लातेहार में ट्रांसफार्मर मरम्मत का सेंटर खोला गया है, जबकि पलामू के छतरपुर में दिसंबर में सेंटर की शुरुआत हो जाएगी। पहले पलामू के मेदिनीनगर से ही तीनों जगह ट्रांसफार्मर भेजे जाते थे।

## लाइफ सर्टिफिकेट नहीं जमा करने पर 56 सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन रुकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**रांची।** झारखंड के रांची विश्वविद्यालय के 56 सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारियों की पेंशन फिलहाल रोक दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित कर्मियों द्वारा अब तक जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) जमा नहीं किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

रांची विश्वविद्यालय ने सभी पेंशनधारियों से जल्द से जल्द आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अपील की है ताकि उनकी पेंशन प्रक्रिया फिर से शुरू की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रत्येक वर्ष पेंशनधारियों के जीवित होने की पुष्टि के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होता है। यह प्रक्रिया सरकारी नियमों एवं वित्तीय पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देश्य से की जाती है। लेकिन इस बार 56 सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना प्रमाण पत्र जमा नहीं किया। जिसके कारण उनका पेंशन भुगतान बाधित हो गया है। रांची विश्वविद्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि संबंधित पेंशनधारियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जैसे ही जीवन प्रमाण पत्र जमा होंगे, संबंधित लोगों की पेंशन तत्काल प्रभाव से बहाल कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने जागरूक एवं सक्रिय सेवानिवृत्त शिक्षक और कर्मचारियों से भी विशेष सहयोग की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि कई बुजुर्ग पेंशनधारी स्वास्थ्य, दूरी या अन्य कारणों से समय पर दस्तावेज जमा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जो लोग इन 56 पेंशनधारियों के संपर्क में हैं, वे उन्हें जानकारी दें और जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने में मदद करें। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान करता है और उनकी सुविधाओं को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा, जीवन प्रमाण पत्र जमा करना एक नियमित और अनिवार्य प्रक्रिया है। कई बार जानकारी के अभाव या अन्य कारणों से पेंशनधारी समय पर दस्तावेज नहीं जमा कर पाते हैं। रांची विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसी को परेशानी में डालना नहीं, बल्कि नियमों के तहत कार्य करना है। हम सभी संबंधित पेंशनधारियों से अनुरोध करते हैं कि वे जल्द से जल्द लाइफ सर्टिफिकेट जमा करें, ताकि उनकी पेंशन बिना किसी विलंब के पुनः शुरू की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि सभी संबंधित पेंशनधारी शीघ्र प्रक्रिया पूरी करेंगे और पेंशन भुगतान सामान्य रूप से बहाल हो जाएगा।

## चीतल का रेस्क्यू, उपचार के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**साहिबगंज।** शहर के नॉर्थ कॉलोनी स्थित बिजली कार्यालय के समीप शुक्रवार को एक जंगली चीतल (स्पॉटेड डियर) दिखाई देने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चीतल को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर चीतल को सुरक्षित कब्जे में लिया। **जानकारी के अनुसार, जंगली चीतल संभवतः** रास्ता भटककर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया था। वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित संरक्षण में लेकर उपचार के लिए पशु चिकित्सक के पास पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि साहिबगंज शहर क्षेत्र में पहली बार किसी जंगली चीतल का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। भीड़भाड़ वाले शहरी इलाके में वन्यजीव का सुरक्षित रेस्क्यू विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वन विभाग ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार का वन्यजीव रिहायशी क्षेत्र में दिखाई दे, तो उसे पकड़ने, घेरने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। विभाग की ओर से बताया गया कि चीतल की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक जांच की जा रही है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## बकरीद को लेकर स्पेशल ब्रांच ने किया अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश जारी किया है। बकरीद पर्व के दौरान पूर्व में हुए घटनाओं का जिक्र करते हुए विभाग ने सभी जिलों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। स्पेशल ब्रांच के द्वारा पशु तस्करों पर भी विशेष नजर रखने की हिदायत दी गई है। स्पेशल ब्रांच के पत्र में बताया गया है कि इस वर्ष बकरीद का पर्व 28 मई को मनाए जाने की सूचना है। हालांकि चांद के दृष्टिगोचर होने के आधार पर तिथि में परिवर्तन भी संभव है। बकरीद के दिन मुस्लिम धर्म से जुड़े लोग मस्जिदों और शहर के जामा मस्जिदों सहित छोटे-बड़े मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अता करने के लिए इकट्ठा होते हैं। भीड़ अधिक होने पर मस्जिद के सामने सड़क पर भी नमाज अता की जाती है। जिससे आवागमन बाधित होने की संभावना बनी रहती है। वहीं नमाज के बाद लगातार तीन दिनों तक छोटे-बड़े जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। जिसके लिए विशेष कर बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के सड़क मार्ग से अवैध पशु तथा ऊंट इत्यादि की तस्करी किए जाने का प्रयास किया जाता है। कुर्बानी के अवसर पर जानवरों की कुर्बानी को लेकर हिंदू संगठनों विशेष कर गौ सेवकों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा विरोध की संभावना बनी रहती है। ऐसे समय में आसामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिरों के आसपास जानवरों के अवशेष फेक कर सांप्रदायिक सदभाव बिगड़ने की कोशिश भी की जाती है।

## आकाश ने साढ़े 17 हजार फीट ऊंची बर्फीली छोटी पर लहराया भारत का तिरंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोडरमा।** जिले के झुमरी तिलैया निवासी एनसीसी कैडेट आकाश कुमार ने भारत-चीन सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश की करीब 17,500 फीट ऊंची बर्फीली चोटियों पर तिरंगा फहराकर कोडरमा समेत पूरे झारखंड का गौरव बढ़ाया है। आकाश ने अरुणाचल प्रदेश के दिरांग स्थित राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान से उन्नत पर्वतारोहण प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस उपलब्धि के बाद शनिवार को कोडरमा पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। एनसीसी कैडेट्स, अधिकारियों और परिजनों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान आकाश की मां ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर बेटे का स्वागत किया। स्टेशन परिसर देशभक्ति और उत्साह के माहौल से गूंज उठा। एनसीसी अधिकारियों ने आकाश की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके धैर्य, अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। अधिकारियों ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन मेहनत और समर्पण के बल पर आकाश ने यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। जानकारी के अनुसार, इस पर्वतारोहण प्रशिक्षण के लिए देशभर के करीब 20 लाख एनसीसी कैडेट्स में से केवल आठ कैडेट्स का चयन किया गया था, जिसमें आकाश कुमार ने अपनी जगह बनाई। आकाश ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कई कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और हौसला अफजाई से उन्होंने हर बाधा को पार किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुओं और माता-पिता को दिया।

## 'जन भागीदारीः सबसे दूर, सबसे पहले' कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रजौली।** अनुसूचित जनजातीय परिवारों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत शुक्रवार को रजौली प्रखंड की हरदिया पंचायत अंतर्गत चोरडीहा के चरघरवा में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवश्यक बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य आदि विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं। स्थानीय मड़की मुण्डा, बहादुर मुण्डा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पूर्व से संचालित नल-जल योजना भी बंद हो चुकी है। आवागमन हेतु उचित सड़क के अभाव में दैनिक जरूरी कार्य भी प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने सरकार से गुहार लगाई कि जनजातीय परिवारों की समस्याओं का समाधान किया जाए ताकि वे अच्छे से जीवन-निर्वाह कर सकें। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेशु कुमार एवं डॉ. अमर कुमार के नेतृत्व में 17 पशुपालक परिवारों के कुल 89 पशुओं का उपचार किया गया। साथ ही पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक सुझाव व जागरूकता प्रदान की गई और कृमिनाशक दवाओं का वितरण किया गया। स्थानीय जनजातीय पशुपालकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनजाति क्षेत्रों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेन्द्र चौहान के द्वारा ग्रामीण डोमच मुण्डा और बहादुर मुण्डा का जॉब कार्ड बनाकर मौके पर ही दिया गया। अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने भी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने सफल जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या सुने जाने तथा योजनाओं का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित करने की इच्छा जताई।

## अपराध की योजना बना रहे नौ अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा।** सारण जिले के मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बना रहे नौ अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने फोरलेन सड़क पूल के समीप एक करकटनुमा घर की घेराबंदी कर छापामारी शुरू की। जिसके कारण उक्त मकान में अपराध की योजना बना रहे सभी अपराधी भागने लगे।जिसे पुलिस बल ने घेराबंदी कर पकड़ने के साथ जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से तीन देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस और राहगीरों से छीने गए पांच मोबाइल फोन को बरामद किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट के सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


### आसनसोल मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के तहत बर्द्धमान-आसनसोल अनुभाग के पानागढ़ स्टेशन में पैनल इंटरलॉकिंग का इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में रूपांतरण के लिए, **दिनांक 24.05.2026 से 26.05.2026 तक 03 दिनों हेतु प्री नॉन-इंटरलॉकिंग** तथा **दिनांक 27.05.2026** को **नॉन-इंटरलॉकिंग** के कार्य निम्नानुसार संपादित किए जाएंगेः

• **प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यः 1. दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को 12.00 बजे से 18.00 बजे तकः** डाउन/लूप लाइन पर (06 घंटा), डाउन-II एवं अप/लूप-III लाइनों पर (03 घंटा) एवं गुड्स शेड लाइन पर (03 घंटा)। **2. दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को 12.00 बजे से 18.00 बजे तकः** डाउन-II लाइन, डाउन-लूप-I एवं II लाइनों पर (06 घंटा), अप-लूप-I एवं III लाइनों पर (03 घंटा)। **3. दिनांक 26.05.2026 (मंगलवार) को 12.00 बजे से 18.00 बजे तकः** डाउन/लूप-I, II एवं III लाइनों पर (06 घंटा)।

• **नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यः दिनांक 27.05.2026 (बुधवार) कोः**

1. सभी लाइनों पर **13.15 बजे से 15.15 बजे तक सम्पूर्ण ब्लॉक।**
2. अप-II एवं डाउन-II लाइनों पर **15.15 बजे से 17.15 बजे तक** ब्लॉक।

फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगीः

**एमईएमयू/पैसेंजर ट्रेनों का निरस्तीकरण**

• **दिनांक 24.05.2026, 25.05.2026, 26.05.2026 एवं 27.05.2026 कोः** 1. **63518** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 2. **63522** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 3. **63513** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, 4. **63515** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर।

• **दिनांक 27.05.2026 कोः** 1. **63511** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, 2. **63516** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 3. **63549** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, 4. **63550** अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 5. **63552** आसनसोल-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर, 6. **63517** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, 7. **63524** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 8. **63514** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, 9. **63521** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर।

**मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण**

• **दिनांक 27.05.2026 कोः** 1. **22321** हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस, 2. **22322** सिउड़ी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस।

**ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू**

• **63509/63510** बर्द्धमान-झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर ट्रेनें (दोनों की यात्रा आरम्भ होने की तारीख 24.05.2026, 25.05.2026 एवं 26.05.2026) आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/वहीं संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा दोनों दिशाओं में इसकी सेवा बर्द्धमान एवं आसनसोल के बीच निरस्त रहेंगी।

• **63519/63520** बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर ट्रेनें (दोनों की यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.05.2026) आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/वहीं संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा दोनों दिशाओं में इसकी सेवा बर्द्धमान एवं आसनसोल के बीच निरस्त रहेंगी।

**ट्रेनों का नियंत्रण**

1. **13037** हावड़ा-देहरादून कुम्भ एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.05.2026), 2. **13151** कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.05.2026) एवं 3. **11448** हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 27.05.2026) ट्रेनें मार्ग में 75 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएंगी। 4. **12382** नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.05.2026) मार्ग में 60 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। 5. **04624** अमृतसर-कोलकाता स्पेशल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 25.05.2026) एवं 6. **09709** खातीपुरा-हावड़ा स्पेशल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.05.2026) ट्रेनें (यदि विलम्ब से चलती है) मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पटना विश्व विद्यालय में छात्रों ने काटा बवाल

## छात्रों ने लगाया समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्वविद्यालय परिसर शनिवार को उस समय तनाव का केंद्र बन गया, जब सीनेट की वार्षिक बैठक के दौरान छात्र संगठनों का विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। अक्रअ के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं विवि प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंचे थे। प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे और मुख्य गेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि विवि प्रशासन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है और आवाज दबाने के लिए पुलिस का सहारा लिया जा रहा है। इसी बीच पुलिस ने छात्रों को कैंपस से बाहर कर मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। इससे नाराज छात्र-छात्राएं गेट पर चढ़ गए और जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने गेट का ताला तोड़ दिया और दोबारा कैंपस में प्रवेश कर गए। इसके बाद छात्र जयप्रकाश नारायण सभागार की ओर बढ़े, जहां सीनेट की बैठक चल रही थी। हालांकि पुलिस ने उन्हें सभागार के प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया। छात्र वहीं धरने पर बैठ गए और भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा कर दी।

प्रदर्शन में शामिल छात्रा ने आरोप लगाया कि छात्र अपनी मांगों को लेकर कुलपति से मिलने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें विवि में प्रवेश तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग है कि सीनेट बजट में छात्र हितों के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं, फीस वृद्धि पर रोक लगे और कैंपस में पुलिस की दखलंदाजी कम की जाए। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि देर रात पुलिस कैंपस में प्रवेश कर छात्रों के साथ सख्ती करती है, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। इसी मुद्दे को लेकर वे लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

इस दौरान सीनेट की बैठक में शामिल हुए जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार को भी छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उन्हें घेरकर अपनी मांगों पर जवाब मांगा। नीरज कुमार ने बाद में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच संवाद की कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि सीनेट बैठक में कुलपति से छात्रों के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया है। साथ ही कुलपति से शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ वार्ता करने का अनुरोध किया गया है। नए भवन में कैंटीन का संचालन जीविका के द्वारा कराए जाने तथा विवि के बजट पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## ट्रक ने महिला को कुचला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने महिला को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना सिंघियाघाट-दलसिंहसराय मुख्य पथ पर बेलसंडी डीह मुसहरी के निकट हुई। मृतका की पहचान बाजिदपुर बम्बैया पंचायत के बेलसंडी डीह वार्ड संख्या 9 निवासी छोटू सहनी की 41 वर्षीय पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि उषा देवी अल सुबह सड़क किनारे अपने मवेशी बथान की साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और उन्हें कुचलते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक चालक को संभवतः झपकी आ गई होगी, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# मध्याह्न भोजन में मधुमक्खी मिलने से छात्रों में हड़कंप

## बच्चों ने भोजन फेंक जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जोकमेला में शनिवार को मध्याह्न भोजन में मधुमक्खी मिलने से विद्यालय में हड़कंप मच गया।

एक छात्र की थाली में मधुमक्खी पाए जाने के बाद अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपनी थाली में परोसा गया भोजन फेंक दिया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बनी रही।

मामले की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रीतम कुमार अन्य शिक्षकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भोजन की थाली में पड़े मधुमक्खी की तस्वीर लेकर विभागीय अधिकारियों को भेजी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विभाग द्वारा बच्चों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए आउटसोर्स एजेंसी का चयन किया गया है।

वर्तमान में लखीसराय प्रखंड के 104 विद्यालयों में से 52 विद्यालयों में आउटसोर्सिंग एजेंसी रायल मानव मित्र सेवा समिति के माध्यम से पका-पकाया भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी द्वारा एक डिब्बे में 40 बच्चों के लिए भोजन उपलब्ध कराया जाता है। शनिवार को विद्यालय में चार डिब्बा खिचड़ी एवं चोखा भेजा गया था। तीन डिब्बों का भोजन बच्चों को परोस दिया गया था। चौथे डिब्बे से भोजन परोसने के दौरान एक छात्र की थाली में मधुमक्खी दिखाई दी, जिसके बाद बच्चों ने भोजन फेंक दिया। इधर, शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण योजना) नीलम राज ने कहा कि यह मामला विद्यालय के प्रधानाध्यापक का प्रायोजित कृत्य प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स एजेंसी को जिम्मेदारी मिलने के बाद भी उक्त विद्यालय से पहले भी बच्चों की थाली में कीड़ा मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

डीपीओ ने कहा कि अब एमडीएम बीआरपी की निगरानी में विद्यालय में डिब्बों से भोजन निकालकर सुरक्षित तरीके से रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# ब्रिक्स का महानिदेशक नियुक्त होने पर प्रण शर्मा को माता सती स्पोर्ट्स क्लब ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रसूलपुर।** बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष रहे प्रण शर्मा को ब्रिक्स का महानिदेशक नियुक्त किये जाने पर रसूलपुर माता सती स्पोर्ट्स क्लब ने खुशी जाहिर की है।क्लब से जुड़े फौजी अनिल दूबे ने बताया कि दुनिया की प्रमुख उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले देश ब्राजील, रूस, भारत ,चीन ,दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों का एक महत्वपूर्ण अंतर सरकारी समूह ब्रिक्स का महानिदेशक नियुक्त किए जाने पर उनके प्रशंसकों में काफी खुशी की लहर है। रणनीतिक विकास व अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ब्रांडिंग और निवेश सलाहकार के रूप में लगभग 18 वर्षों से भी अधिक व्यापक अनुभव वाले शर्मा अपनी दैनिक व्यस्तता के बावजूद देश के ग्रामीण स्तर तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर सामाजिक गतिविधि खेलकूद प्रतियोगिता जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों में जमीनी स्तर पर भरपुर सहयोग कर समाज व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे हैं।

इसी क्रम में सारण जिला के रसूलपुर थाना क्षेत्र रसूलपुर गांव में माता सती स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित प्रखंड व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में हमेशा सहयोगी रहे प्रण शर्मा के इस महान उपलब्धि के लिए भरत दुबे, शिवजी दुबे, अनिल कुमार दुबे, सुदामा तिवारी, सूर्यनंदन शाही, राहुल दुबे, अनिल तिवारी, राजेश्वर सिंह, विकास कुशवाहा ,विश्वजीत दुबे, धुमल ,आशीष तिवारी, खेल मंच उद्घोषक उपेंद्र पांडे, लोकगीत गायक फौजी लक्ष्मण योद्धा, रत्नेश रतन के पुत्र गजल गायक रौनक रतन, रमेश सजल, गजेंद्र महाराज, अनुज सिंह, मनिंदर कुमार ,पप्पू, विक्की तिवारी, आशुतोष तिवारी, भोलू, गोलू राज समेत क्षेत्र के तमाम खेल प्रेमी वरिष्ठ समाज सेवी व उम्दा खिलाड़ियों ने हर्ष एवं उत्साह के साथ ब्रिक्स के नवनियुक्त महानिदेशक प्रण शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शराब तस्करों ने किसान को निर्वस्त्र कर पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** कावर झील क्षेत्र में अवैध रूप से देसी शराब बनाने वाले तस्करों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

एक सप्ताह पूर्व छौड़ाही थाना क्षेत्र के नारायणपीपड़ पंचायत निवासी वासुदेव यादव की निर्मम हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब उसी क्षेत्र में शराब तस्करों द्वारा एक किसान को निर्वस्त्र कर पीटने, शरीर पर गर्म पानी डालने , मोबाइल-बाइक छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किसी तरह जान बचाकर भागे युवक पीएचसी छौड़ाही गंभीर स्थिति में इलाज कराने पहुंचे। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। घायल युवक थाना क्षेत्र के नारायणपीपड़ पंचायत के वार्ड संख्या तेरह निवासी सुरेंद्र सहनी पिता विशेश्वर सहनी है। घायल ने बताया कि शनिवार सुबह वह कावर झील के चानन बहियार स्थित अपना खेत देखने गया था। इसी दौरान क्षेत्र में दर्जनों जगह अवैध भट्टी लगा देसी शराब बनाकर व्यापक पैमाने पर तस्करी करने वाले नारायणपीपड़ निवासी विमलेश कुमार उर्फ सुठ्ठा सहनी, पिता युगेश्वर सहनी, महेशपुरा निवासी चंदन सहनी, शिबू सहनी तथा परोड़ा निवासी उपेंद्र सहनी सहित अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। शराब तस्कर ने कहा कि तुम हर वक्त थाना को फोन करता है, अब तुम यहां शराब बनाओ और हम यहां बैठे रहेंगे। इनकार करने पर सभी ने मिलकर पहले उसका पैंट-शर्ट उतरवा दिया, फिर बेरहमी से मारपीट की। उसका मोबाइल और बाइक भी छीन लिया। इसके बाद शरीर पर गर्म पानी डाल कर काफी देर उन्हें तड़पाया।

किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भागा। कुछ दूरी पर घास काट रहे एक किसान ने उसे तौलिया दिया, जिसके बाद वह उसी हालत में थाना पहुंचा।

## जल जमाव से लोग हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मनसाही/कटिहार - कटिहार - मनिहारी रेलखंड के मनसाही रेलवे स्टेशन के समीप मरंगी गांव में मरंगी - मनसाही हाट जाने वाली मुख्यपथ पर रेलवे द्वारा अंडरपास पुल बनाया गया हैं। जो क्षेत्र के लोगों के लिए वर्तमान समय में नासूर बन गया हैं। इस पुल के नीचे जलजमाव हो जाने के कारण इस पथ पर चलने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। लोग किसी तरह जान जोखिम में डाल उस अंडरपास पुल को पार कर रहें हैं। जबकि नियमानुसार बरसात के दिनों में यहां जलनिकासी की व्यवस्था होनी चाहिए मगर रेलवे प्रशासन इसके प्रति काफी उदासीन बनी हुई हैं। जबकि इस पथ व अंडरपास से रोजाना सैकड़ों बड़े छोटे वाहन गुजरते रहतें हैं। क्षेत्र के जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद एवं स्थानीय ग्रामीणों ने रेल प्रशासन से इस समस्या के स्थाई निदान की मांग की हैं।

# एलजीई इंडिया ने दर्ज किया अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस तिमाही में, एलजीई इंडिया ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया।

चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में संचालन से 80.54 बिलियन का राजस्व प्राप्त किया, जबकि चौथी तिमाही वित्त वर्ष 25 में यह 74.48 बिलियन था। साथ ही, चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में एबिटडा मार्जिन 11.7 प्रतिशत रहा। यह मजबूत तिमाही प्रदर्शन सभी श्रेणियों में व्यापक मांग में हुए सुधार और लार्ज-पैनल टीवी, फ्रेंच-डोर रेफ्रिजरेटर, फुली ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर के नेतृत्व में प्रीमियम उत्पादों की निरंतर बढ़ती मांग से प्रेरित था।

## वर्ष 26 में रहा 11.7 प्रतिशत एबिटडा मार्जिन

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने चौथी तिमाही वित्त वर्ष 26 में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया है, जो हमारे ब्रांड की मजबूती और हमारे बिजनेस मॉडल के लचीलता का प्रमाण है। एक जटिल वैश्विक माहौल के बावजूद, एलजीई इंडिया ग्राहक-केंद्रित, चुस्त और विकास-उन्मुख बनी हुई है। हम संतुलित कदमों और प्रीमियम उत्पादों में निरंतर निवेश के साथ इन व्यापक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एलजीई इंडिया इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# जमीन घेराबंदी को ले जमकर हुआ बवाल

## चली गोलियां, वाहन भी फूंके

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। राजधानी के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत निजामपुर इलाके में बीती रात करीब 22 बीघे के एक विवादित भूखंड की घेराबंदी को लेकर जबरदस्त हिंसक झड़प हो गई। ग्रामीणों और जमीन पर दावा करने वाले पक्ष के बीच हुआ यह विवाद देखते ही देखते रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। उग्र भीड़ ने कार्यस्थल पर जमकर तोड़फोड़ की और वहां खड़ी कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस टीम पर भी ग्रामीणों ने चौतरफा पथराव कर दिया, जिसके बाद आत्मरक्षार्थ पुलिस को पीछे हटना पड़ा।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, रेलवे लाइन से सटे इस कीमती भूखंड को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह जमीन मूल रूप से मठ की है, जिस पर भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर निर्माण करा रहा पक्ष इस जमीन पर अपना कानूनी मालिकाना हक होने का दावा कर रहा है। इसी तनातनी के बीच बीती रात भारी संख्या में मजदूर और कर्मी जमीन की घेराबंदी करने पहुंचे, जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा।

प्रत्यक्षदर्शियों और कामगारों के मुताबिक, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अचानक हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से लैस भीड़ ने वहां मौजूद कर्मचारियों की पिटाई शुरू कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कई राउंड हवाई फायरिंग किए जाने की भी चर्चा है। उग्र भीड़ ने परिसर में खड़े वाहनों को निशाना बनाते हुए उनमें आग लगा दी, जिससे कई गाड़ियां धूं-धूं कर जल उठीं।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोनों आरोपित धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर ।** बिहार में शिवहर जिले में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मानवता व रिश्तों को कलंकित यह घटना शहर से सटे फतहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की हैं।

वारदात को उसके चाचा और पड़ोसी ने मिलकर अंजाम दिया है। बच्ची के पिता द्वारा दिए गए आवेदन के बाद एक्शन में आई पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपित 30 वर्षीय चाचा संजीव कुमार मिश्रा व पड़ोसी 40 वर्षीय अमरकांत पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पिता के अनुसार वह अपनी सात व पांच वषीर्या बेटी के साथ रहते हैं। बच्चियों की मां नहीं हैं। पिता रोजाना काम करने चले जाते हैं तब दोनों बेटियां घर में रहती है। पिछले कुछ समय से आरोपित घर में घुसकर सात वषीर्या बच्ची के साथ दुष्कर्म करते थे। साथ ही किसी को



नहीं बताने की धमकी देते थे। 17 मई को बच्ची ने इसकी शिकायत पिता से की थी। हैवानियत की इस घटना के बाद पिता सकते में थे।

आखिरकार उन्होंने गुरुवार को महिला थाने में आवेदन दिया। एसपी शुभांक मिश्रा के निर्देश पर पुलिस टीम ने मामले की जांच की। बच्ची का मेडिकल कराया और शुक्रवार को पुलिस ने सगे चाचा और पड़ोसी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं जांच में कई सामान भी जब्त किए गए है।

## पेट्रोल-डीजल के फिर बढ़े दाम

**मुजफ्फरपुर।** महंगाई की मार झेल रहे लोगों को एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का झटका लगा है। मुजफ्फरपुर में पिछले 10 दिनों के भीतर तीसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। तेल कंपनियों की ओर से जारी नई दर शनिवार की सुबह से प्रभावी हो गई, जिसके बाद पेट्रोल और डीजल दोनों 95 पैसे प्रति लीटर महंगे हो गए हैं। नई दर लागू होने के बाद मुजफ्फरपुर में पेट्रोल अब 111.25 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। इससे पहले इसकी कीमत 110.30 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं डीजल की कीमत बढ़कर 97.25 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 96.30 रुपये प्रति लीटर थी।

पश्चिम एशिया संकट के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी हुई थी। उस समय पेट्रोल 3.32 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3.14 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ था। लगातार बढ़ रही कीमतों से आम उपभोक्ताओं के साथ वाहन चालकों और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।

# मुखिया पुत्र मिले सीएम से, रखी प्रखण्ड की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शिवाजी नगर।** प्रखंड अंतर्गत भटोरा पंचायत के मुखिया पुत्र एवं समाजसेवी युवराज कुमार उर्फ नीतीश ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। इस दौरान उन्होंने शिवाजी नगर प्रखंड में वर्षों से लंबित विकास योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने तथा आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की भी मांग की। श्री कुमार ने प्रखंड की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सिंचाई व्यवस्था की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अब तक कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। ग्रामीण इलाकों की कई सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है

उन्होंने सीएम से मांग की कि प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सड़कों का जल्द निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों में चिकित्सकों एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी बात कही

युवराज कुमार ने कहा कि प्रखंड में युवाओं के लिए खेल मैदान एवं स्टेडियम की कमी है, जिसके कारण ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच नहीं मिल पाता। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम एवं खेल मैदान निर्माण की मांग की। साथ ही विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया इसके अलावा किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उन्होंने सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की ताकि किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो। मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने युवराज कुमार की बातों को गंभीरता से सुना और विकास से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

# जादोपुर-मंगलपुर पुल के स्पैन में आये गैप से यातायात प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** जिले के सदर प्रखंड के दियारा इलाके में स्थित गोपालगंज को पश्चिम चंपारण से जोड़ने वाले अति महत्वपूर्ण जादोपुर-मंगलपुर महासेतु के स्पैन में गैप आने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। महासेतु का पाया संख्या- पांच हल्का दब गया है। जिसके कारण पुल के एक हिस्से में गैप दिखाई देने लगा है।

वहीं, स्पैन में गैप आने की सूचना के बाद शनिवार को डीएम पवन कुमार सिन्हा सहित कई पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। साथ ही डीएम ने आदेश निकालते हुए पश्चिम चंपारण से गोपालगंज को जोड़ने वाली मंगलपुर पुल पर बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दिए है। ताकि कोई बड़ा हादसा नहीं हो सके।

यह महासेतु गोपालगंज व पश्चिम चंपारण जिले के लोगों के लिए लाइफलाइन माना जाता है। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस पुल से होकर गुजरते हैं। ऐसे में पुल के स्पैन में आई खराबी ने यात्रियों और प्रशासन दोनों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, जादोपुर से मंगलपुर तक बने इस महासेतु का निर्माण करीब 549 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 17 मार्च 2016 को इसका उद्घाटन किए थे।

लगभग साढ़े 16 किलोमीटर लंबे इस महासेतु के निर्माण



से गोपालगंज और पश्चिम चंपारण के बीच की दूरी करीब 100 किलोमीटर कम हो गई थी। इससे आवागमन आसान हुआ और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला।

महासेतु में गैप आने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया। मौके पर डीएम पवन कुमार सिन्हा, एसडीएम अनिल कुमार, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित कई पदाधिकारी पहुंचे कर महासेतु का निरीक्षण किए। अधिकारियों ने महासेतु की स्थिति का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

डीएम पवन कुमार सिन्हा ने बताया कि मेगाब्रिज के स्पैन में गैप आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी रिपोर्ट पटना स्थित एनआईटी व आईआईटी की विशेषज्ञ टीम को भेजी गई है।

## स्मैक बरामद, तीन धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जोकीहाट थाना पुलिस को लगातार दूसरे दिन बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 12.4 ग्राम स्मैक बरामद किया है। मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि हाईस्कूल चौक स्थित बाबुल मोटरसाइकिल गैरेज में अवैध रूप से स्मैक का कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी की।छापेमारी के दौरान गैरेज से 5.5 ग्राम स्मैक बरामद किया गया।

# सड़क पर उतरे सफाईकर्मी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक हड़ताल कर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था ठप कर दी। सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

सफाई कर्मियों का कहना था कि उन्हें मजदूरी आधारित कार्य के बजाय नगर पंचायत द्वारा स्थायी नौकरी दी जाए तथा सभी कर्मियों के खाते में सीधे वेतन का भुगतान किया जाए। इसके अलावा संक्रमण से बचाव के लिए सभी सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

हड़ताल में शामिल लगभग 80 से 90 सफाई कर्मियों में मुख्य रूप से अरविंद भूलन, रतनी देवी, अनूप हाड़ी , अरविंद हाड़ी , कुन्ना पासवान, रीमा देवी, सूरज कुमार, सजनी देवी, गोटो देवी, राजकुमार, विशाल हाड़ी , राजा, सोनी देवी, पंकज चौपाल, अरुण हाड़ी ,रतन कुमार दास, पिंकी देवी,मनोज मलिक,तुलसी देवी,अंजू देवी, उमेश पासवान,कन्हैया चौपाल, तपन कुमार हाड़ी सहित अन्य शामिल थे। कर्मियों ने बताया कि अकुशल मजदूरों के लिए जो निर्धारित मजदूरी तय की गई है। उन्हें वही मजदूरी दी जाए। इस संबंध में नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी आरुष ने बताया कि विभाग द्वारा फिलहाल सफाई कर्मियों की स्थायी बहाली पर रोक लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि नगर में स्थायी कर्मियों की बहाली के लिए मांग भेजी गई है। नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था एक एनजीओ को दी गई है, जिसे सफाई कर्मियों को किट उपलब्ध कराने एवं उचित मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि एनजीओ द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो उसका एग्रीमेंट रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही एक जून के बाद चुनाव उपरांत गठित नई सशक्त स्थायी समिति एवं पार्षदों की बैठक में निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि वे नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कार्य में जुटे रहें। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर नगर पंचायत गंभीर है और जल्द समाधान की पूरी संभावना है।

# 350 करोड़ के निवेश से 2300 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आईडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बार की बैठक में समिति द्वारा 20 परियोजनाओं को लगभग 30 एकड़ भूमि आवंटित किया गया। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में 350 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 2300 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं कौशल आधारित अवसर सृजित होंगे। बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, पीइबी फैब्रिकेशन निर्माण, फर्नीचर निर्माण, पीवीसी एवं यूपीवीसी पाइप निर्माण, सीबीजी, हेल्थकेयर तथा जनरल मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में औद्योगिक आधार को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी जिनमें प्रमुख है आइ ए कुमारबाग, आइजीसी बेगूसराय, आइ ए हाजीपुर, आइ ए पाटलिपुत्र, आइ ए बरियारपुर एवं आइ ए सासाराम। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में भारत जीपीएस बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, क्रिसपैनो फूड्स एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, एसपी इंस्टीट्यूट ऑफ वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक्सपीरिया प्रीफैक्सो प्राइवेट लिमिटेड, रायश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, ओआई मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

# बी.डी. कॉलेज, पटना ने अपने नाम किया कॉलेज चैंपियन का खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. द्वारा आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य कैडेटों के सर्वांगीण विकास एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना था जिसके अंतर्गत सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूरे कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार्ली कंपनी कैंप चैंपियन बनी जबकि कॉलेज चैंपियन का खिताब बी.डी. कॉलेज, पटना ने अपने नाम किया। बी.डी. कॉलेज के कैडेट शशि रंजन को बेस्ट फायरिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बी.डी. कॉलेज के कैडेटों ने अनुशासन, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का अद्भुत परिचय दिया है। यह उपलब्धि हमारे संस्थान के गौरव को और ऊंचा करती है। उन्होंने सभी विजेता कैडेटों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में कैंप कमांडेंट कर्नल अमित कुमार ने भी कैडेटों को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# भगवानपुर की आपराधिक घटना की जांच को लेकर कांग्रेस ने गठित की नौ सदस्यीय जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने विगत 17 मई को भगवानपुर, नौबतपुर, जिला-पटना में दलित परिवार के साथ हुई अपराधिक घटना की जांच हेतु एक जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में मिन्नत रहमानी, प्रेमचन्द सिंह, उमेश राम, शशि पंडित, प्रो. कुमारी अनीता, अमर आजाद पासवान, नीलम प्रवीण, रंजीत कुमार बाल्मीकि एवं नन्द किशोर यादव को शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जांच समिति के सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे 24 मई 2026 को घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की स्थलीय जांच करें तथा पीड़ित परिवार से मिलकर वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को सौंपे।

# आपदा पीड़ित परिवारों को मिली राहत, मंत्री ने बांटे लाखों के चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास, सूचना जन-संपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने शनिवार को विभिन्न आपदा के शिकार हुए पीड़ित परिवारों के बीच 4 लाख 75 हजार रुपये का चेक वितरण किया। राजगीर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने पीड़ितों को चेक दिए। हसनपुर के भरत यादव को उनके मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये, डुमरी के अशोक कुमार को मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये और नेकपुर निवासी बेबी देवी को आपदा के तहत 4 लाख रुपये का चेक दिया गया। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सूबे की सरकार समय पर आपदा से मिलने वाली राशि लोगों को उपलब्ध करा रही है। इससे मृतक के परिवार को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को एक नई पहचान दी है। गांवों को स्मार्ट बनाने का काम किया है। गांवों के लोगों को अब शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है। सूबे में सड़कों का जाल बिछाया गया है। हर गांव और कस्बे को सड़क से जोड़ा गया है। पर्यटन स्थलों का काफी विकास किया गया है। इसी कारण से अब बिहार में गोवा से भी अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। सूबे की एनडीए की सरकार हर तरह के विकास का कार्य कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। समाज में अपनी पहचान बनाने में सफल हुई है। सरकार आगे भी इसी तरह के विकास का काम करती रहेगी। इस मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, प्रमुख रानी देवी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, देवेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्य के सभी पंचायतों में बनेंगे शवदाह गृह : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे के सूचना एवं जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में शव दाहगृह या मुक्तिधाम बनाया जाएगा। प्रत्येक मुक्तिधाम के लिए पंचायती राज विभाग के स्तर से मानक प्राक्कलन 22 लाख 17 हजार रुपये का तैयार किया गया है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के स्तर से इन सभी मोक्षधाम/श्मशानघाट/शवदाह गृह/मुक्तिधाम के मुख्य द्वार के दोनों तरफ कुछ अंशों को छोड़कर शेष क्षेत्रों की घेराबंदी, पिलर एवं वायर मेश फेंसिंग से की जाएगी। इसके अलावा घेराबंदी के चारों तरफ दो पंक्ति में वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। वृक्षारोपण एवं उसकी घेराबंदी, फेंसिंग का कार्य विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के माध्यम से किया जाएगा। श्री कुमार ने योजना पर चर्चा करते हुए यह भी बताया कि इस योजना पर होने वाली व्यय वहन विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या जी रामजी से कराया जाएगा।

# रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पूर्व मध्य रेलवे सभागार पटना में 'रोजगार मेले' में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री गिरिराज सिंह उपस्थित रहे। इस विशेष समारोह के दौरान ई.एस.आई.सी. के चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए जिनमें मुख्य रूप से नर्सिंग ऑफिसर, उच्च वर्गीय लिपिक और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने अपने कर-कमलों से चयनित अभ्यर्थियों को मंच पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जबकि अन्य कर्मियों को बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक क्षेत्र में इन युवाओं के शामिल होने से देश की व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने रेखांकित किया कि केंद्र सरकार युवाओं को पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार के अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने भी नए कर्मियों का हौसला बढ़ाया तथा बिहार में ई.एस.आई.सी द्वारा सामाजिक सुरक्षा को अधिक सशक्त बनाने के लिए अपना योगदान देने को प्रेरित किया।

# मोदी सरकार की 'युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति' की प्रतिबद्धता का प्रमाण : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19वें रोजगार मेले में देशभर के 47 केंद्रों पर 51 हजार से अधिक युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र सौंपना 'विकसित भारत 2047' के संकल्प की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम है। रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में चयनित ये युवा न केवल अपने परिवार, बल्कि राष्ट्र निर्माण के भी सारथी बनेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते वर्षों में मिशन मोड में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर यह साबित किया है कि पारदर्शिता और योग्यता ही हमारी प्राथमिकता है। न सिफारिश, न भ्रष्टाचार-केवल मेरिट के आधार पर युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। यह 'नौकरी के नाम पर ठगी' की पुरानी संस्कृति को खत्म कर 'भरोसे की नई संस्कृति' की स्थापना है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि भारत की वैश्विक साझेदारियां युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रही है। नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, यूएई और इटली के साथ तकनीक, ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रक्षा क्षेत्रों में हुए समझौते भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बना रहे हैं।

# बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित हुए बिहार के चर्चित शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार में शिक्षा, कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चर्चित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को आज पटना के प्रतिष्ठित मगध रिसॉर्ट में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित किया गया। यह हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम एएसए बिजनेस एजुकेशन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के दौरान डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों, युवाओं को तकनीकी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. झा लंबे समय से बिहार में कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके द्वारा संचालित संस्थानों के माध्यम से हजारों युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान बिहार के युवाओं, छात्रों एवं शिक्षा जगत से जुड़े सभी लोगों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल देखा गया तथा उपस्थित लोगों ने डॉ. झा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जो नौकरी की तलाश में थे, आज खुद दे रहे रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 2024 में बिहार सरकार द्वारा शुरू की गयी लघु उद्यमी योजना ने गांव-गांव में आत्मनिर्भरता की नयी कहानी लिखी है। राज्य के 8053 पंचायतों में योजना लार्भार्थियों ने अपने इलाकों में छोटे-छोटे उद्यमों को चालू कर सफल स्व-रोजगार का मिसाल कायम किया है। योजना का लाभ लेने वाले ग्रामीणों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि हाथ में हुनर होने के बावजूद भी पूंजी न होने की वजह से व्यापार शुरू करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे जिसके कारण योजना से पहले रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी व पर्यवेक्षक की नौकरी किया करते थे। साल 2024 में बिहार लघु उद्यमी योजना का का लाभ लेकर आज अपने गांव में ही महीने का 25 हजार तक कमा रहे हैं। वैशाली लालगंज के पोझिंया गांव निवासी लाभार्थी रवि कुमार शर्मा ने कहा कि वे अलग-अलग जगहों पर वेल्डिंग और फेब्रीकेशन का काम किया करते है। हाथ में हुनर होने के बावजूद भी उनके पास खुद का उद्योग शुरू करने के लिये पुंजी न होने के कारण खुद का उद्यमी नहीं लगा पा रहे थे। साल 2024 में बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरूआत होने के बाद योजना के लिए आवेदन किया और अंतिम रूप से चयनित होने पर प्राप्त सहायता राशि से गेट ग्रील का उद्योग लगाया। आज वे अपने गांव में ही महीने का लगभग 25 हजार कमा रहे हैं, साथ ही उन्होंने अपने गांव में ही अन्य को रोजगार भी दे रहे हैं।

# सहयोग शिविर में उमड़ा भरोसा, 30 हजार से ज्यादा लोगों ने दर्ज कराई समस्याएं

**लंबित 16 हजार 112 आवेदनों को समय सीमा के भीतर निष्पादित करने का मंत्री ने दिया निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आमजन की सुविधा और राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर 19 मई को आयोजित सहयोग शिविर में राज्यभर से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को इस शिविर के दौरान कुल 30 हजार 390 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 13 हजार 379 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय कार्यालय कक्ष में सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह, अपर सचिव आजीव वत्सराज समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी समेत अन्य राजस्व संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक ही मंच पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। जिलावार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 2,693 आवेदन बेगूसराय जिले से प्राप्त हुए। इसके बाद मुजफ्फरपुर में 1,585, गया में 1,575, खगड़िया में 1,552 तथा पश्चिम चंपारण में 1,459 आवेदन प्राप्त हुए। भोजपुर में 1,391, पूर्णिया में 1,228, पटना में 1,122 तथा पूर्वी चंपारण में 1,120 आवेदन दर्ज किए गए। इसी प्रकार सारण में 1,101, गोपालगंज में 1,017, मधेपुरा में 1,015, अररिया में 865 तथा कटिहार में 854 आवेदन प्राप्त हुए। नालंदा में 774, बांका में 747, मधुबनी में 729, दरभंगा में 727 और भागलपुर में 695 आवेदन आए। वहीं सीवान में 667, रोहतास में 664, सुपौल में 637 तथा शेखपुरा में 571 आवेदन प्राप्त हुए। जमुई में 540, समस्तीपुर में 501, सहरसा में 487, वैशाली में 481 तथा सीतामढ़ी में 478 आवेदन दर्ज किए गए। किशनगंज में 412, लखीसराय में 404, औरंगाबाद में 390, शिवहर में 360 तथा कैमूर में 359 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अरवल में 262, जहानाबाद में 257, बक्सर में 246, नवादा में 234 तथा मुंगेर में 191 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 13379 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। शेष 16112 मामलों का निष्पादन समय सीमा के भीतर करने का निर्देश दिया गया। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम लोगों को राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध हो।

# बिहार एआई समिट 2026 में एआई आधारित विकास और नवाचार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार एआई समिट 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती प्रौद्योगिकियों के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते प्रभाव और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिट में नीति-निर्माताओं, टेक्नोलॉजी लीडर्स, स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों और इनोवेटर्स ने भाग लेकर बिहार में एआई इकोसिस्टम को मजबूत बनाने पर विचार साझा किए। समिट का उद्देश्य बिहार को एआई आधारित नवाचार और तकनीकी विकास के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करना था। कार्यक्रम में एआई नीति, डिजिटल ट्रस्ट, साइबर सुरक्षा, वर्नाक्युलर एआई, गवर्नेंस और समावेशी तकनीकी विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही स्टार्टअप शोकेस, लाइव डेमो, टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी और नेटवर्किंग सत्र भी आयोजित किए गए। साइबरपीस के संस्थापक और ग्लोबल प्रेसिडेंट मेजर विनीत कुमार ने कहा बिहार इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन से चूक गया था। अब उसे इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई का दौर प्रतिभा, नवाचार और दूरदृष्टि से तय होगा और बिहार के युवाओं में बड़ी क्षमता मौजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार एआई आधारित कृषि, साइबर सुरक्षा, एआई संचालित गवर्नेंस और हिंदी, भोजपुरी व मैथिली जैसी भाषाओं में वर्नाक्युलर एआई समाधानों के जरिए समावेशी और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप डिजिटल इकोसिस्टम विकसित कर सकता है।

# महिलाओं को ब्याज दर में विशेष छूट देकर बढ़ाया जाएगा महिला स्वरोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अब राज्य सरकार का सहकारिता विभाग महिलाओं को उनकी बचत पर बेहतर रिटर्न और लोन पर विशेष छूट देने जा रहा है। इसके लिए नारी समृद्धि एवं नारी शक्ति स्वरोजगार योजना की शुरुआत की गई है। नारी समृद्धि योजना महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई विशेष पहल है। इसके तहत महिलाएं अपनी मेहनत की कमाई को सहकारी बैंक में सुरक्षित रख सकेंगी और जमा राशि पर सामान्य खातों की तुलना में बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकेंगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को बचत के लिए प्रोत्साहित कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। वहीं 'नारी शक्ति स्वरोजगार योजना' महिला उद्यमियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इस योजना के अंतर्गत स्वरोजगार शुरू करने या व्यवसाय विस्तार के लिए लोन लेने पर महिलाओं को ब्याज दर में विशेष छूट दी जाएगी। सहकारी बैंक द्वारा ब्याज पर रियायत का प्रावधान किया गया है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपना उद्यम स्थापित कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। सहकारिता विभाग की दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बीते 15 मई को राज्य के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने नारी समृद्धि योजना एवं नारी शक्ति स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया था। माना जा रहा है कि इन योजनाओं से राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सहकारी बैंकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुरू किया मेगा समर सेलिब्रेशन 2026

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने उत्तर भारत के सभी अधिकृत डीलरशिप्स पर 'मेगा समर सेलिब्रेशन 2026' अभियान शुरू किया है। यह कैंपेन मई से जून 2026 तक चलेगा और इसमें नई कारों, आफ्टर-सेल्स सर्विस तथा टोयोटा सर्टिफाइड यूज्ड कार्स पर आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे। कैंपेन के तहत ग्राहकों को नई कार खरीद पर एक्सचेंज ऑफर, स्पेशल समर सर्विस एवं टी ग्लॉस पैकेज, फ्री व्हीकल सेफ्टी और एसी चेक-अप जैसी सुविधाएं मिलेंगी। वहीं प्रमाणित यूज्ड कार्स पर भी विशेष डील्स उपलब्ध रहेगी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट एवं चीफ रिप्रेजेंटेटिव नॉर्थ रीजन, मुथन्ना ने कहा कि कंपनी ग्राहकों को बेहतर ओनरशिप और सर्विस अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्राहकों की संतुष्टि और भरोसे को और मजबूत करेगा।

# पटना में बन रहा लग्जरी फाइव स्टार होटल, तीन साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने राज्य की प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यटन को विकसित कर रोजगार सृजन करना है जिससे राज्य के लोगों को कही और रोजगार के लिए न जाना पड़े। मुख्यमंत्री का विजन है विकसित बिहार बनाना जिसमें पर्यटन की अहम भूमिका है इसके लिए विभाग सतत क्रियाशील है। उन्होंने इस दौरान निर्माणाधीन पांच सितारा होटल पाटलिपुत्र अशोक के विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्धारित समय पर परियोजना को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अभियंता और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात से पहले जमीनी स्तर के काम को पूरा किया जाए। विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए इसके लिए विभाग से संबंधित सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराएं। मंत्री ने बताया कि होटल के निर्माण का जिम्मा कुमार इन्फ्राट्रेड इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। 1.51 एकड़ भूमि पर बन रहे इस होटल में कुल 100 कमरे होंगे। इस शानदार पांच सितारा होटल का निर्माण कार्य अगले तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री श्री गुप्ता गांधी मैदान के पास नवनिर्मित पटना हाट भी पहुंचे। निर्माण कार्यों का जाएजा लेते हुए बताया कि 48.96 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस हाट को तीन मंजिला इम्पोरियम के रूप में विकसित किया जाएगा। हाट में अंडरग्राउंड और सर्फेस पार्किंग की सुविधाएं होंगी। इनमें दो रेस्टोरेंट, बच्चों और युवाओं के लिए गेम जोन, आग से बचाव के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम और फायर अलार्म, लिफ्ट, जल टंकी, सीसीटीवी निगरानी, सोलर पावर जेनरेशन सिस्टम और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं होंगी।

# 11 हजार गांवों तक पहुंचेगी पक्की सड़क, सरकार ने तेज किया अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और प्रत्येक बसावट तक बारहमासी संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। राज्य के उन दुर्गम टोलों, बस्तियों और ग्रामीण बसावटों को विशेष प्राथमिकता के आधार पर पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है जो वर्षों से संपर्कता के अभाव में मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से राज्यव्यापी सर्वेक्षण अभियान चलाकर उन सभी छूटी हुई बसावटों की पहचान की गई है जहां अब तक सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। योजना के क्रियान्वयन में उन जिलों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है जो भौगोलिक दृष्टि से जटिल, पहाड़ी या पूर्व में विकास से अपेक्षाकृत दूर रहे हैं। इस दिशा में पूरे राज्य में कुल 11,020 ऐसी संपर्क-विहीन बसावटों को चिन्हित किया गया है जिन्हें 14,002 किलोमीटर लंबी पक्की सड़कों से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इन बसावटों को मुख्य सड़क नेटवर्क और राज्यमार्गों से जोड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेजी से स्वीकृति प्रदान की कर दी गई है। अब तक 6,078 बसावटों को जोड़ने हेतु 8,035 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रयास से परियोजनाएं धरातल पर तेजी से उतर रही हैं। इस दिशा में पूर्वी चंपारण जिले में सर्वाधिक 252 बसावटों को 361 किलोमीटर लंबी सड़कों के माध्यम से मुख्य मार्गों से जोड़ा जा चुका है। वहीं औरंगाबाद जिले में अबतक 163 छूटी हुई बसावटों को 154 किलोमीटर, बांका जिले में 146 बसावटों को 149 किलोमीटर तथा मुजफ्फरपुर जिले में 82 बसावटों को 70 किलोमीटर लंबी बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से उन ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की दशकों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हुआ है। अंतिम बसावटों तक पहुंची इन पक्की सड़कों का ग्रामीण जनजीवन पर व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है। पहले जहां बरसात के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता था, वहीं अब बारहमासी सड़कों के निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हुआ है।

# संपादकीय

## भारत की मेजबानी में ब्रिक्स ये तीन देश मिलकर तय करेंगे नया वर्ल्ड ऑर्डर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस दौरान दिल्ली आ सकते हैं। इन दोनों नेताओं का दौरा ब्रिक्स की अहमियत को फिर से स्थापित करने वाला है। साथ ही, हाल में दुनिया जिस तरह से बदली है, उसे देखते हुए यह इनके आपसी रिश्तों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। पुतिन पिछले साल दिसंबर में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के लिए भारत आए थे। वहीं, शी का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था। 2020 में गलवान के टकराव के बाद दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। जब भारत-चीन में कूटनीतिक और सैन्य तनाव चरम पर था, तब भी ब्रिक्स ही प्रेशर रिलीज करने का जरिया बना। अक्टूबर 2024 में रूस में ब्रिक्स सम्मेलन के इतर पीएम नरेंद्र मोदी और शी की मुलाकात हुई थी। इसके बाद रिश्ते सामान्य करने के लिए कई कदम उठाए गए। ब्रिक्स की अहमियत अब इसके सदस्य देशों से आगे पूरी दुनिया के लिए है। पश्चिम एशिया संकट की वजह से जो अस्थिरता आई है, उसे संभालने में यह मंच अहम भूमिका निभा सकता है। इसी महीने दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत ने इस दिशा में प्रयास भी किया, हालांकि कोई सहमति नहीं बन पाई। इस समय अध्यक्षता भारत के पास है और सितंबर में असहमतियों को दूर करने का सुनहरा मौका होगा। एक समय भारत-चीन के बीच तल्खी, यूक्रेन युद्ध और ट्रंप की धमकियों की वजह से ब्रिक्स प्रासंगिकता खोता लग रहा था। खासतौर पर ट्रंप नहीं चाहते कि यह मंच मजबूत हो, क्योंकि इससे उन्हें डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती मिलती दिख रही है। लेकिन, ट्रंप फिलहाल आक्रामक रुख अपनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। रूस के प्रति वह नरम पड़ चुके हैं और चीन से दोस्ती को बेकरार हैं। ब्रिक्स के उभरने का यह बिल्कुल सही समय है। इससे किसी एक देश के एकाधिकार को तोड़ने और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस मंच के इतर भारत, रूस और चीन के रिश्तों के बदलते डायनेमिक्स के लिए भी सितंबर दौरा महत्वपूर्ण है। व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा पर तीनों अर्थव्यवस्थाओं को एक-दूसरे का साथ चाहिए। आपसी प्रतिस्पर्धा के बावजूद इनके बीच सहयोग बेहद अहम है। नया वर्ल्ड ऑर्डर कितना संतुलित होता है और कैसा आकार लेता है, बहुत कुछ इन तीनों देशों के आपसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति राहुल गांधी की अमर्यादित टिप्पणी को इसी व्यापक संदर्भ में समझना होगा। यह विवाद केवल एक बयान का विवाद नहीं है। यह भारत की राजनीति में चल रहे उस गहरे वैचारिक संघर्ष का प्रतिबिंब है, जिसमें एक ओर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सभ्यतागत आत्मविश्वास और 'राष्ट्र प्रथम' की चेतना है, जबकि दूसरी ओर वह राजनीति है, जिसने दशकों तक भारतीय समाज को जाति, क्षेत्र, तुष्टीकरण और प्रतीकात्मक धर्मनिरपेक्षता की रेखाओं में बांटकर सत्ता का गणित साधने का प्रयास किया।**

# संघ, राष्ट्रवाद और कांग्रेस की सियासी असहजता

( प्रणय विक्रम सिंह)

भारतीय लोकतंत्र का सौंदर्य उसकी विविधता, वैचारिक बहुलता और संवाद की परंपरा में निहित है। यहां असहमति को स्थान मिला है, आलोचना को भी। किंतु जब राजनीतिक विरोध मर्यादा की सीमा लांघकर राष्ट्रसेवा से जुड़े संगठनों, नेतृत्व और करोड़ों नागरिकों की वैचारिक आस्था को 'गद्दारी' जैसे शब्दों से परिभाषित करने लगे, तब वह केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं रह जाती, वह उस गहरी वैचारिक बेचैनी का उद्घाटन बन जाती है, जो लंबे समय से भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवादी चेतना के प्रति एक विशेष राजनीतिक मानसिकता के भीतर विद्यमान रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति राहुल गांधी की अमर्यादित टिप्पणी को इसी व्यापक संदर्भ में समझना होगा। यह विवाद केवल एक बयान का विवाद नहीं है। यह भारत की राजनीति में चल रहे उस गहरे वैचारिक संघर्ष का प्रतिबिंब है, जिसमें एक ओर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सभ्यतागत आत्मविश्वास और 'राष्ट्र प्रथम' की चेतना है, जबकि दूसरी ओर वह राजनीति है, जिसने दशकों तक भारतीय समाज को जाति, क्षेत्र, तुष्टीकरण और प्रतीकात्मक धर्मनिरपेक्षता की रेखाओं में बांटकर सत्ता का गणित साधने का प्रयास किया।

विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रश्न वही कांग्रेस उठा रही है, जिसका राजनीतिक इतिहास स्वयं लोकतांत्रिक संस्थाओं के केंद्रीकरण, आपातकाल, तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति से जुड़ा रहा है। भारतीय राजनीति का यह शायद सबसे बड़ा विरोधाभास है कि जिसने लोकतंत्र पर आपातकाल थोपकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटा, वही दल आज लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बांटने का प्रयास कर रहा है।

राहुल गांधी की टिप्पणी को यदि केवल चुनावी बयान मानकर छोड़ दिया जाए, तो यह अधूरा विश्लेषण होगा। दरअसल यह उस वैचारिक असहजता का परिणाम है, जो पिछले एक दशक में भारत की राजनीति में आए बड़े परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुई है। लंबे समय तक राष्ट्रवाद को संदेह और संकोच के घेरे में रखने वाली राजनीति अब स्वयं वैचारिक रक्षात्मकता में खड़ी दिखाई दे रही है।

नरेंद्र मोदी का उदय केवल एक नेता का उदय नहीं था। वह उस भारत के पुनरुत्थान का प्रतीक था, जो दशकों तक अपनी सांस्कृतिक पहचान को राजनीतिक संकोच में जीता रहा। पहली बार राष्ट्रवाद केवल चुनावी नारा नहीं रहा, वह शासन का दर्शन बना।

विदेश नीति से लेकर सुरक्षा नीति तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर आत्मनिर्भरता तक, भारत ने स्वयं को एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया।यही वह बिंदु है, जहां कांग्रेस की वैचारिक बेचैनी सबसे अधिक स्पष्ट होती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस की असहजता नई नहीं है। स्वतंत्रता के बाद से ही संघ को संदेह की दृष्टि से देखने का एक स्थायी राजनीतिक आग्रह कांग्रेस के भीतर रहा। क्योंकि संघ सत्ता आधारित संगठन नहीं है, वह समाज आधारित वैचारिक शक्ति है। उसकी जड़ें चुनावी राजनीति में नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन, सेवा और सांस्कृतिक चेतना में हैं।

विश्व के सबसे विशाल सांस्कृतिक संगठन 'संघ' ने शाखा की अनुशासित पंक्ति में राष्ट्रप्रेम के संस्कार बोये, समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, समरसता और संगठन का भाव जगाया।

भारत की आत्मा को आत्मविश्वास दिया, बिखरे समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोया, राष्ट्रवाद को जीवन का आधार बनाया और अखंड भारत के निर्माण के दिव्य संकल्प से जन-जन को जोड़ने का कार्य किया।

यही कारण है कि संघ को केवल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की तरह परिभाषित करना संभव नहीं रहा। आपदा हो, महामारी हो, बाढ़ हो, भूकंप हो या सामाजिक संकट, संघ के स्वयंसेवक बिना प्रचार और राजनीतिक लाभ की अपेक्षा के सबसे पहले मैदान में दिखाई देते हैं। गांवों, वनवासी क्षेत्रों, सीमांत समाज और शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से चल रहे कार्यों ने संघ को समाज के भीतर गहरी स्वीकार्यता दी है। यही सामाजिक स्वीकार्यता कांग्रेस की सबसे बड़ी वैचारिक असहजता का कारण बनती रही है।

दरअसल कांग्रेस की राजनीति लंबे समय तक 'छद्म धर्मनिरपेक्षता' पर आधारित रही। इफ्तार राजनीति, तुष्टीकरण आधारित भाषण, पहचान-आधारित गठजोड़ और वोटबैंक की रणनीतियों को धर्मनिरपेक्षता का पर्याय बना दिया गया। इस राजनीति में राष्ट्रवाद को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा गया, सांस्कृतिक प्रतीकों को 'बहुसंख्यकवाद' कहकर खारिज किया गया और भारत की सभ्यतागत चेतना को राजनीतिक विमर्श में हाशिए पर रखने का प्रयास हुआ।



लेकिन भारत का सामाजिक मानस बदल चुका है। आज का भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर अपराधबोध में नहीं जीता। वह काशी विश्वनाथ धाम के पुनरुत्थान को भी स्वीकार करता है और चंद्रयान की सफलता पर भी गर्व करता है। वह राम मंदिर को भी अपनी सभ्यता का प्रतीक मानता है और 'आत्मनिर्भर भारत' को भी राष्ट्रीय स्वाभिमान का विस्तार समझता है। यही 'नया भारत' कांग्रेस की पुरानी राजनीतिक भाषा को अप्रासंगिक बना रहा है।

यही कारण है कि जब भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता है, सीमाओं पर निर्णायक रुख अपनाता है, आतंकवाद पर कठोर नीति लागू करता है और वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास से अपनी बात रखता है, तब कांग्रेस का वैचारिक संकट और गहरा होता जाता है।

सवाल यह भी है कि 'गद्दारी' का नैतिक अधिकार किसके पास है? क्या राष्ट्रभक्ति पर उपदेश देने का अधिकार उन लोगों को है, जिन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर सेना से सबूत मांगे? क्या नैतिकता का दावा वे लोग कर सकते हैं, जिन्होंने विदेशी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और छवि को कठघरे में खड़ा किया? क्या राष्ट्रवाद पर प्रश्न उठाने वाले यह भूल सकते हैं कि वर्षों तक अलगाववादी राजनीति और तुष्टीकरण आधारित समीकरणों ने देश को कितनी बड़ी वैचारिक क्षति पहुंचाई?

कश्मीर में वर्षों तक अलगाववादी तत्वों के प्रति दिखाई गई राजनीतिक नरमी, यासीन मलिक जैसे चेहरों के प्रति सत्ता प्रतिष्ठानों की अस्वाभाविक सहजता और पंजाब में अस्थिरता के दौर में वोटबैंक आधारित राजनीतिक समीकरणों ने देश की एकता को गहरी चोट पहुंचाई। विडंबना यह है कि राष्ट्रवाद पर प्रश्न वही राजनीति उठा रही है, जिसने कई बार राष्ट्रीय सुरक्षा और वैचारिक स्पष्टता के स्थान पर तुष्टिकरण और राजनीतिक सुविधा को प्राथमिकता दी।

भारत की जनता अब इन प्रश्नों को समझती है। यही कारण है कि कांग्रेस की भाषा जितनी तीखी होती जा रही है, उसका जनाधार उतना ही सिमटता जा रहा है। क्योंकि राजनीतिक आक्रोश और वैचारिक आत्मविश्वास में अंतर होता है। आत्मविश्वास संवाद करता है, हताशा आरोप लगाती है। राहुल गांधी की टिप्पणी को इसी राजनीतिक अधैर्य और वैचारिक संकट के संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए।

राष्ट्रसेवा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारत की एकात्म चेतना को निरंतर सशक्त कर रहे प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और 'संघ' के प्रति कांग्रेस की वैचारिक असहजता स्वाभाविक है।

दरअसल लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है। नरेंद्र मोदी की नीतियों का विरोध भी लोकतांत्रिक अधिकार है।

# क्वाड आपकी रोजमर्रा की जिंदगी को कैसे बदल रहा है?

## अमेरिका को अब समझ आया भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया का मतलब

(वरुण शैलेश)

विदेश मंत्री के निमंत्रण पर मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग और जापान के विदेश मंत्री तोसीमित्सु मोतेगी बैठक में शामिल होने के लिए भारत आएंगे।? अमेरिका काअचानक भारत को लेकर रुख बदला हुआ नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत को लेकर जैसा रवैया और पाकिस्तान की तरफ झुकाव रहा है, वैसे में कहा जाने लगा था कि क्वाड का महत्व खत्म हो गया। लेकिन 26 मई को दिल्ली में होने वाली क्वाड के सदस्य देशों की बैठक से पहले अमेरिकी दूतावास ने इस संगठन के महत्व को रेखांकित किया है।

**क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा भारत**

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो क्वाड सदस्य देशों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे हैं। क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इसका मकसद वैश्विक भलाई के लिए सहयोग करना और एक स्वतंत्र, खुला, समावेशी, समृद्ध तथा लचीला इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना है। भारत 26 मई को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री के निमंत्रण पर मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग और जापान के विदेश मंत्री तोसीमित्सु मोतेगी बैठक में शामिल होने के लिए भारत आएंगे।

**अमेरिका ने जाहिर किया क्वाड का महत्व**– इस बीच, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने क्वाड के महत्व को बताया। एक्स पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने लिखा, क्वाड आपकी रोजमर्रा की ज़िंदगी को कैसे बदल रहा है? उसने कहा, क्वाड पर्दे के पीछे रहकर यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है कि हमारा इलाका स्थिर और समृद्ध बना रहे। इसमें जरूरी सप्लाई चेन को सुरक्षित करना, व्यापार मार्गों की रक्षा करना, टेक्नोलॉजी साझा करना और मानवीय सहायता देना शामिल है। एक स्वतंत्र और खुला इंडो-पैसिफिक बनाना सिर्फ़ एक लक्ष्य नहीं है; यह हमारे हर काम का आधार है।

**क्वाड सदस्यों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी**

बता दें कि चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य देशों के विदेश मंत्री भारत की मेजबानी में मंगलवार को होने वाली बैठक में पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श करेंगे।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी शामिल होंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

रुबियो, वोंग और मोटेगी के जयशंकर के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें करने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने की भी संभावना है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''मंत्री क्वाड के मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र संबंधी दृष्टिकोण के अनुरूप एक जुलाई 2025 को वाशिंगटन डीसी में हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे।''

मंत्रालय ने कहा, ''वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में क्वाड सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, क्वाड की जारी पहलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम एवं आपसी चिंता के अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।''

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का यह समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है।

बैठक की तैयारियों से परिचित अधिकारियों ने बतया कि क्वाड देशों के विदेश मंत्री यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों सहित गंभीर वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा करेंगे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता देखी जा रही है।

**समुद्री सुरक्षा के लिए अहम है क्वाड**

क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की कुछ सबसे अहम जरूरतों और चुनौतियों से निपटने के लिए कई पहल शुरू की हैं।

# महंगाई और वैश्विक संकटों के बीच धीमी पड़ती विकास की रफ्तार और अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत

**एशियाई विकास बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आ सकती है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर 7.6 प्रतिशत थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक ने भी भारत की विकास दर में कमी आने के संकेत दिए हैं। इन तमाम रिपोर्टों में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के ऊंचे दाम, व्यापार मार्ग और आपूर्ति शृंखला में बाधाएं, महंगाई, राजकोषीय घाटा, शेयर बाजार का कमजोर परिदृश्य और रुपए के मूल्य में गिरावट जैसे कारण भारत की तेज विकास दर के सामने चुनौती बन गए हैं।**

(जयंतीलाल भंडारी )

भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच भारत को भी कई तरह की अनिश्चितताओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति में वैश्विक एजेंसियों की अलग-अलग रिपोर्ट में भारत की विकास दर में कमी आने के संकेत सामने आ रहे हैं। अब देश में बढ़ती महंगाई से यह चुनौती और बड़ी होती दिख रही है। हाल ही में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की वृद्धि, खुदरा और थोक महंगाई दर के बढ़कर क्रमशः 3.48 प्रतिशत और 8.3 प्रतिशत हो जाने, निर्यात में कमी और आयात लागत में उछाल जैसे कारणों से अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने लगा है।

ऐसे में विकास की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। इसके तहत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर क्रियान्वयन, नए श्रम कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू करना, निर्यात के नए बाजार तलाशना, सेवा निर्यात को मजबूत करना, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सार्वजनिक डिजिटल ढांचे की मजबूती को प्रमुख आधार बनाना होगा।

एशियाई विकास बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आ सकती है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर 7.6 प्रतिशत थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक ने भी भारत की विकास दर में कमी आने के संकेत दिए हैं। इन तमाम रिपोर्टों में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के ऊंचे दाम, व्यापार मार्ग और आपूर्ति शृंखला में बाधाएं, महंगाई, राजकोषीय घाटा, शेयर बाजार का कमजोर परिदृश्य और रुपए के मूल्य में गिरावट जैसे कारण भारत की तेज विकास दर के सामने चुनौती बन गए हैं।




निस्संदेह इस समय भारत को एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। इससे निर्यात के नए बाजारों में दस्तक देने की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसमें दोराय नहीं कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस समय आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई प्रतीत होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क सुनिश्चित किया जाएगा। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। खास बात यह है कि इस समझौते के तहत ऐसे कई उत्पादों को सूची से बाहर रखा गया है, जो भारत के किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों से जुड़े हुए हैं। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भारत की ओर से ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का भी चालू वित्त वर्ष में क्रियान्वयन शुरू होगा। ये दोनों समझौते भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का क्रियान्वयन भी देश के निर्यात को बढ़ाने में मददगार होगा। इससे दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इसके अलावा अब कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में भी तेजी लानी होगी। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जल्दबाजी नहीं की जाए।

श्रम कानूनों को सरल एवं प्रभावी बनाए जाने से भारत का सेवा निर्यात भी तेजी से बढ़ाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से वैश्विक सेवा निर्यात पर किए गए अध्ययन में कहा गया है कि हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। ये ऐसी सेवाएं हैं, जिन्हें बिना भौतिक निकटता के सीमाओं के पार पहुंचाना आसान है। यानी जैसे-जैसे दूरी का महत्त्व कम होता जा रहा है और डिजिटल व्यापार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत से सेवाओं का निर्यात भी बढ़ रहा है। ऐसे में भारत से सेवा निर्यात में वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता और सुरक्षा को लेकर अधिक प्रयास करने होंगे। युवाओं को कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भी दक्ष बनाना होगा, जिससे सेवा निर्यात की विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी।यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के वास्ते व्यापक स्तर पर प्रयास करने होंगे। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के तहत काम करने वाली एजेंसी 'इन्वेस्ट इंडिया' ने हाल में अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के दस महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में 45 अरब डॉलर का निवेश करने के इच्छुक हैं।

# मनचलों का विरोध करने पर पूरे परिवार को किया लहूलुहान

## बेटी की अस्मत पर हाथ डालने वालों के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा भारी, धारदार हथियारों से किया हमला, डीएम व एसपी मौके पर पहुंचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सीमांचल के प्रमुख और संवेदनशील जिले कटिहार से एक ऐसी हृदयविदारक और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई है। जिससे सामाजिक समरसता और सुरक्षा के दावों की पोल खोलकर रख दी है। नगर थाना क्षेत्र के डहेरिया लक्ष्मण टोला में सरेराह एक बच्ची के साथ स्थानीय मनचलों द्वारा की गई अश्लील हरकत का विरोध करना एक परिवार के लिए काल बन गया।





न्याय की आस में जब परिजनों ने प्रतिवाद दर्ज कराया तो दबंग उपद्रवियों ने उलटा पीड़ित परिवार पर ही लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोल दिया। इस बर्बरता में बीच-बचाव करने आए बच्ची के पिता का सिर फट गया। वहीं भाई समेत परिवार के आधा दर्जन लोग लहूलुहान होकर अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे डहेरिया लक्ष्मण टोला को भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मामले की संवेदनशीलता और सीमांचल की विशेष डेमोग्राफी जहां एक विशेष समुदाय की आबादी लगभग 40 प्रतिशत से अधिक है को देखते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाये हैं। किसी भी संभावित सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस कप्तान शिखर चौधरी स्वयं दलबल के साथ आधी रात को ही घटनास्थल पर पहुंचे। वर्तमान में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और रैपिड एक्शन के जवान फ्लैग मार्च कर रहे हैं, ताकि शांति व्यवस्था भंग न हो सके।इस हिंसक झड़प का एक रूह कंपा देने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें दूसरे समुदाय के उपद्रवियों द्वारा छतों और गलियों से अंधाधुंध पत्थरबाजी करते साफ देखा जा सकता है। पत्थरों की इस मार से पीड़ित परिवार के लोग असहाय होकर जमीन पर गिरते दिखे। घायलों की पहचान शिवशंकर साह, श्याम चौधरी, रोहित कुमार चौधरी और दो पीड़ित लड़कियों के पिता अजित ठाकुर व राजकरण साह के रूप में हुई है। इसके अलावा घर की कुछ महिलाएं भी इस खूनी तांडव में गंभीर रूप से चोटिल हुई हैं। पुलिस कप्तान शिखर चौधरी ने सख्त लहजे में कहा है कि वीडियो के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित किया जा रहा है। और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। नगर थाना के पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में कुणाल फिर बने प्रखंड अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की कोढ़ा प्रखंड इकाई की संगठनात्मक बैठक जिला संयोजक उमाकांत आनंद के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कुणाल कुमार को पुनः निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया और फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बैठक में प्रखंड चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी उदय कुमार सिंह एवं प्रखंड पर्यवेक्षक दयानंद कुशवाहा की मौजूदगी में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला संयोजक उमाकांत आनंद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि प्रखंड में सदस्यता अभियान को तेज करते हुए हर महीने अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि कोढ़ा प्रखंड की क्षेत्रीय समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए पार्टी सक्रिय भूमिका निभाएगी।जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष कुणाल कुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

बैठक में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष मेहता, जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष भानु कुशवाहा, पुनित कुमार, आस्तिक मंडल, दीपक पंडित एवं संजीब घोष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य विद्यालय दिरा चांदपुर में छात्र-छात्राओं का हंगामा

**समेली/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय दिरा चांदपुर में छात्र-छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। मध्यान्ह भोजन योजना में कथित गड़बड़ी और विद्यालय की अव्यवस्था को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें विद्यालय से हटाने की मांग की। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि मध्यान्ह भोजन योजना के तहत मिलने वाला अंडा और केला नियमित रूप से नहीं दिया जाता है। साथ ही विद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। छात्रों ने शौचालय, चापाकल एवं रसोई व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर भी नाराजगी जताई। हंगामे की सूचना मिलते ही पोठिया थाना के अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रधानाध्यापक से पूछताछ की तथा छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को समझा - बुझाकर मामले को शांत कराया। प्रखंड के बीडीओ सत्येंद्र सिंह ने घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय की जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच में शिकायत सही पाये जाने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### तीन नामजद आरोपित पुलिस गिरफ्त में

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलासी पुलिस शिविर की टीम ने कांड संख्या-95/26 में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में सविता देवी,शंभू ऋषि एवं संजय ऋषि शामिल हैं। तीनों अभियुक्त कोढ़ा थाना क्षेत्र के पैकाहा गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार इन सभी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कोलासी पुलिस शिविर की टीम ने सटीक कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को धर दबोचा। इस पूरे अभियान का नेतृत्व कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार ने किया। उनके साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी भी कार्रवाई में शामिल रहे।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### जनता दरबार का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल कार्यालय मनसाही में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 11आवेदन पड़े। जिसमें नौ का निष्पादन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता हैं।इस शनिवार को नौ आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। राजस्व कर्मचारी महबूब आलम, अमरजीत कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### प्राणपुर ओवरब्रिज पर अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, चालक घायल

**प्राणपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राणपुर एनएच 31 सड़क में प्राणपुर ओवरब्रिज पर शनिवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल चालक को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि चालक नशे की हालत में था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घायल चालक केहुनियां गांव का निवासी बताया जा रहा है।इस संबंध में प्राणपुर थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिली है। घटनास्थल पर प्राणपुर पुलिस पहुंचकर घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है। ऑटो में कोई सवारी नहीं था। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में प्रमुख अनिता देवी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर सभी जनप्रतिनिधियो से बचाव की तैयारी पर सुझाव मांगा गया । जनप्रतिनिधियो ने बाढ़ के दौरान अपने अपने पंचायतो मे होने वाली कठिनाईयो को बैठक मे साझा किया। बैठक में जीआर राशि की सूची, आश्रय स्थल,चलंत शौचालय,पॉलिथिन आदि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर जिप सदस्य सुमति देवी , सीओ निहारिका, बीपीआरओ सोनू गुप्ता,मुखिया शरीफुल,पंसस मुन्ना रजक, कुंदन पासवान आदि लोग मुख्य रूप से बैठक मे शामिल रहे ।

### फेटकी चौक के पास ट्रक-बाइक की भिड़ंत, मां-बेटी समेत तीन घायल, बच्ची की हालत नाजुक

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जोकीहाट नेशनल हाईवे 327ई पर फेटकी चौक ओवरब्रिज के समीप शनिवार को आलू लदे ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार मां-बेटी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल 1033 सड़क एंबुलेंस से सदर अस्पताल अररिया भेजा गया, जहां बाइक चालक की बेटी की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घायल लोग बाइक से अररिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिलीगुड़ी की तरफ जा रहे आलू लदे ट्रक ने फेटकी चौक के पास बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार सिमरिया गांव से आ रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही जोकीहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाना ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अंडरपास पुल में जलजमाव से लोगों का जीवन बना नर्क

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार - मनिहारी रेलखंड के मनसाही रेलवे स्टेशन के समीप मरंगी गांव में मरंगी - मनसाही हाट जाने वाली मुख्यपथ पर रेलवे द्वारा अंडरपास पुल बनाया गया हैं। जो क्षेत्र के लोगों के लिए वर्तमान समय में नासूर बन गया हैं। इस पुल के नीचे जलजमाव हो जाने के कारण इस पथ पर चलने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। लोग किसी तरह जान जोखिम में डाल उस अंडरपास पुल को पार कर रहें हैं।

# सफाईकर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर की हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक हड़ताल कर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था ठप कर दी। सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों का कहना था कि उन्हें मजदूरी आधारित कार्य के बजाय नगर पंचायत द्वारा स्थायी नौकरी दी जाए तथा सभी कर्मियों के खाते में सीधे वेतन का भुगतान किया जाए।

इसके अलावा संक्रमण से बचाव के लिए सभी सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। हड़ताल में शामिल लगभग 80 से 90 सफाई कर्मियों में



मुख्य रूप से अरविंद भूलन, रतनी देवी,अनूप हाड़ी , अरविंद हाड़ी , कुन्ना पासवान, रीमा देवी, सूरज कुमार, सजनी देवी, गोटो देवी, राजकुमार, विशाल हाड़ी, राजा, सोनी देवी, पंकज चौपाल, अरुण हाड़ी, रतन कुमार दास, पिंकी देवी, मनोज मलिक,तुलसी देवी,अंजू देवी, उमेश पासवान,कन्हैया चौपाल, तपन कुमार हाड़ी सहित अन्य शामिल थे।कर्मियों ने बताया कि अकुशल मजदूरों के लिए जो निर्धारित मजदूरी तय की गई है। उन्हें वही मजदूरी दी जाए। इस संबंध में नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी आरुष ने बताया कि विभाग द्वारा फिलहाल सफाई कर्मियों की स्थायी बहाली पर रोक लगी हुई है। उन्होंने कहा कि नगर में स्थायी कर्मियों की बहाली के लिए मांग भेजी गई है। नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था एक एनजीओ को दी गई है, जिसे सफाई कर्मियों को किट उपलब्ध कराने एवं उचित मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि एनजीओ द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो उसका एग्रीमेंट रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही एक जून के बाद चुनाव उपरांत गठित नई सशक्त स्थायी समिति एवं पार्षदों की बैठक में निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि वे नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कार्य में जुटे रहें। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर नगर पंचायत गंभीर है।

# अधिवक्ताओं ने फूंका आंदोलन का बिगुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज।** अररिया न्याय मंडल अंतर्गत सिविल कोर्ट फारबिसगंज में वर्षों पूर्व नवनिर्मित टेन कोट रूम बिल्डिंग (भवन) का उद्घाटन एवं फौजदारी न्यायालय का शुभारंभ आज तक माननीय उच्च न्यायालय प्रशासन बिहार पटना के द्वारा नहीं करवाऐ जाने तथा फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के न्यायर्थी को सस्ता और सुलभ न्याय नहीं मिल पाने को लेकर अधिवक्ताओं ने आंदोलन का बिगुल फूंका।

पहले चरण में काला पट्टी लगाकर विधि व्यवसाय करने का लिया निर्णय। विगत दिनों बार एवं एडवोकेट एसोसिएशन सिविल कोर्ट फारबिसगंज के अधिवक्ताओं द्वारा संयुक्त बैठक वकालत खाना में आहूत किया गया। जिस बैठक की अध्यक्षता तिलकधारी यादव (वरीय अधिवक्ता) के किया गया। बैठक में उपस्थित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चंद्र वर्मा एवं एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वजीत प्रसाद के द्वारा विचारणीय विषय पर गंभीरता पूर्वक अपना - अपना विचार व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित उभय संघ के अधिवक्तागण में से अनिल कुमार सिन्हा, सुरेश साह, गोपाल मंडल, संतोष कुमार दास, सुमन मिश्रा, मोड्ड कमाल उद्दीन, दिलीप कुमार वर्मा, भास्कर देव, विनोदानंद ठाकुर, शिवानंद मेहता, मदन लाल गुप्ता, मोड्ड तालिब, मोड्ड मुबीर, तरुण सिन्हा, सुनील विश्वास, रामशंकर दास आदि थे।

# महाप्रबंधक ने न्यू जलपाईगुड़ी वर्ल्ड क्लास स्टेशन एवं विभिन्न रेल परियोजनाओं का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी वर्ल्ड क्लास स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन डेवलपमेंट, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, वर्ल्ड क्लास स्टेशन के मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किये।



महाप्रबंधक ने यात्रियों को बेहतर एवं विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने ठाकुरगंज-गलगलिया झ अररिया रेलखंड का विंडो ट्रेल निरीक्षण किया गया। जिसमें ट्रैक, रेलवे संरचना, परिचालन सुरक्षा तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही रौतारा स्थित बुट लॉउन्ड्रिं का भी व्यापक निरीक्षण किया गया। जहां मशीनों के संचालन, कार्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्य अभियंता, मालीगांव , कटिहार मंडल के मंडल रेल प्रबंधक करेंद्र नरह ,अपर मंडल रेल प्रबंधक न्यू जलपाईगुड़ी , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ,वरिष्ठ मंडल अभियंता, निर्माण, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी,अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

# जिप सदस्य ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** जिप सदस्य गुलजार आलम ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर विधायक संगीता देवी को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की। सौंपे गए मांग पत्र में काजीटोला से मुख्य सड़क तक चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा जबदपुर घाट पुल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग भी की गई।वहीं जबदपुर, जाताहार,मथुरापुर एवं बाड़ियोल नदी किनारे कटाव रोकने के लिए बोल्डर



पिचिंग कराने की आवश्यकता बताई गई। गुलजार आलम ने आबादपुर बिजली फीडर को स्थानांतरित करने,क्षेत्र संख्या-26 के सातों पंचायतों में बंद पड़े नल-जल योजना को अविलंब चालू कराने तथा पंचायत कर्मियों की पंचायतों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग भी विधायक के समक्ष रखी। मांग पत्र में आबादपुर थाना क्षेत्र में आग बुझाने के लिए अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने एवं बीमार लोगों के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू करने की मांग भी शामिल है।जिप सदस्य गुलजार आलम ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से परेशान है। जनहित को देखते हुए इन मांगों पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में विधायक संगीता देवी ने कहा कि जिला परिषद द्वारा मांग पत्र दिए गए है। जिसमें क्षेत्रकी समस्याओं से अवगत कराए गए है। जिला परिषद द्वारा जो भी मांग है वह पूरी तरह से जनहित में है।

# जोकीहाट पुलिस ने 12.4 ग्राम स्मैक किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जोकीहाट थाना पुलिस को लगातार दूसरे दिन बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 12.4 ग्राम स्मैक बरामद किया है। मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि हाईस्कूल चौक स्थित बाबुल मोटरसाइकिल गैरेज में अवैध रूप से स्मैक का कारोबार किया जा




रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी की।छापेमारी के दौरान गैरेज से 5.5 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। मौके से नगर पंचायत जोकीहाट वार्ड संख्या 11 सिसौना निवासी बाबुल, पिता ताहा आलम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर नगर पंचायत वार्ड संख्या 03 निवासी लक्ष्मण ततमा एवं संतोष ततमा, पिता सीताराम विश्वास के घर पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान उनके घर से 6.9 ग्राम स्मैक बरामद किया गया।पुलिस ने बरामद स्मैक को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रशिक्षण वर्ग संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल्यों का महत्वपूर्ण माध्यम : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शहर के राम दरबार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल शामिल रहे । कार्यक्रम की शुभारंभ के पूर्व मुख्य अतिथि ने प्रशाल में लगे प्रदर्शनी एवं झंडोतोलन किया। जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अवसर पर मंच में उपस्थित प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा,पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राजनगर मधुबनी के विधायक सुजीत पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्रदेश प्रवक्ता प्रीति





शेखर,पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. एसएन पोद्दार मुख्य रूप से शामिल उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बंदे मातरम् एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र के अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज राय ने मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप जायसवाल को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। डॉ. दिलीप जायसवाल ने जिला प्रशिक्षण वर्ग में अपनी विषय सरकारो की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका के बारे में उपस्थित प्रशिक्षण में आए कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं राष्ट्र प्रथम के विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। संगठन की मजबूती, सेवा भाव और जनसंपर्क ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल संगठनात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि कार्यकताओं के वैचारिक, सामाजिक एवं नेतृत्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम कार्यकताओं में नई ऊर्जा,नई सोच और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को और अधिक मजबूत करते हैं। उन्होंने संगठन और सरकार की कई महत्वपूर्ण योजना के बारे में बताने के साथ साथ सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, सेवा, समर्पण एवं संगठनात्मक मजबूती विषय पर अपने देवतुल्य कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रदेश महामंत्री ने जिला प्रशिक्षण वर्ग में अपनी विषय को रखते हुए कहा कि कार्यकताओं का उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण यह दशार्ता है कि संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करें।इस अवसर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन पूर्व प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, राजवंशी सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने अपने विभिन्न विभिन्न सत्रों में अपनी अपनी विषयों को उपस्थित कार्यकताओं के बीच रखने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, जिला के सभी पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री,मंडल प्रभारी,सभी सातों मोर्चा के अध्यक्ष, सभी सोलह प्रकोष्ठ की संयोजक जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# चांदी 3300 फिसली, सोना भी टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिला। चांदी 2.71 लाख रुपये प्रति किलो पर फ्लैट रही। वहीं, सोना फिसलकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। दूसरी तरफ मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों कीमती धातुओं में गिरावट दिखी। एमसीएक्स पर चांदी 3000 रुपये से ज्यादा गिरी तो वहीं सोना भी 1000 रुपये से ज्यादा फिसल गया। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार शाम सोना-चांदी के भाव में गिरावट आई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को जून डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 1018 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,588 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1,58,104 रुपये तक गिर गया था। वहीं जुलाई डिलीवरी वाली चांदी प्रति किलो 3,283 रुपये गिरकर 2,71,600 रुपये




पर बंद हुई थी। दिन में कारोबार के दौरान चांदी की कीमत 2,69,500 रुपये तक लुढ़क गई थी। आज शनिवार को एमसीएक्स बाजार बंद है। ऐसे में आज सोना-चांदी का भाव वही है जो शुक्रवार रात बंद हुआ था। आईबीजेए के मुताबिक भी सोने-चांदी के भाव में कमी आई। शुक्रवार को शाम के सत्र में 24-कैरेट सोने की कीमत 1,58,117 रुपये प्रति 10 ग्राम (3% जीएसटी और मेकिंग चार्ज के बिना) थी। वहीं चांदी का भाव प्रति किलो 26,6000 रुपये था। सर्राफा बाजार में कीमत अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, शुक्रवार को बाजार बंद होने तक राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। वहीं, 24-कैरेट वाले सोने के दाम 600 रुपये टूटे। ये गिरकर 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर पहुंच गए। गुडरिटर्न्स के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

### क्या कह रहे हैं जानकार

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट देखी गई। सर्राफा बाजार में हाल के उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से वैश्विक तनावों के साथ-साथ भारतीय रुपये की अस्थिरता और कच्चे तेल की कीमतों में होने वाले बदलावों से प्रभावित है। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, 'शुक्रवार को हाजिर सोना नीचे 4,522 डॉलर प्रति औंस पर रहा, क्योंकि ईरान और अमेरिका के बीच मतभेद कम होने के बावजूद परमाणु और होर्मुज नियंत्रण अभी भी विवादित मुद्दे बने हुए हैं।' इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली आवाजाही शुल्क-मुक्त रहनी चाहिए। इस चेतावनी ने अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक प्रगति के संकेतों के बावजूद निवेशकों को सतर्क रखा है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो की ओर से बातचीत में शुरुआती प्रगति के संकेत दिए जाने के बाद सर्राफा कीमतों में कुछ सुधार हुआ।

**53 अरब डॉलर बेचकर तिजोरी में आए 50000 करोड़**

# रुपये को बचाने के चक्कर में चमकी आरबीआई की किस्मत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 में रुपये की विनिमय दर (एक्सचेंज रेट) में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए डॉलर की बिक्री में भारी बढ़ोतरी की है। इस दौरान केंद्रीय बैंक ने पूरे वित्त वर्ष में कुल 53.1 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में हुई 41.1 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री के मुकाबले 12 अरब डॉलर अधिक है।

**डॉलर की बिक्री से बंपर मुनाफाः** बैंकरों के अनुमान के मुताबिक, आरबीआई ने डॉलर की इस बिक्री से कम से कम 10% का मुनाफा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ये डॉलर तब खरीदे गए थे जब रुपये की स्थिति काफी मजबूत थी। इस विदेशी मुद्रा हस्तक्षेप के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में आरबीआई की कुल आय में करीब 50,000 करोड़ रुपये का योगदान सिर्फ डॉलर बेचने से आया है। विदेशी मुद्रा भंडार से डॉलर की इस भारी बिकवाली के असर को सोने की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने काफी हद तक संभाल लिया।

आखिरी महीनों में दिखी आक्रामक रणनीति वित्त वर्ष 2025-26 के आखिरी महीनों में आरबीआई का रुख काफी आक्रामक और रणनीतिक रहा। इस दौरान केंद्रीय बैंक ने कई फैसले



लिए। इनमें कुछ इस प्रकार हैंः आरबीआई ने मार्च 2026 में बाजार में भारी मात्रा में डॉलर बेचे और 9.8 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री दर्ज की। फरवरी 2026 मार्च के बिल्कुल उलट था। इस दौरान केंद्रीय बैंक ने डॉलर को बाजार से सोखते हुए *7.4 अरब डॉलर की शुद्ध खरीद की थी। पिछले दो वर्षों में डॉलर की सबसे बड़ी मासिक शुद्ध बिक्री नवंबर 2024 में हुई थी, जब आरबीआई ने बाजार में 20.2 अरब डॉलर झोंक दिए थे। उच्चतम बिक्री महीना अक्टूबर 2025 रहा, जिसमें 11.9 अरब डॉलर बेचे गए। आरबीआई ने डॉलर जमा करने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी मार्च 2025 में दिखाई थी।

### आरबीआई के दखल से मजबूत हुआ रुपया

आरबीआई के इस हस्तक्षेप और 5 अरब डॉलर के स्वैप के ऐलान के चलते शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में रुपया मजबूत हुआ। रुपया 51 पैसे की बढ़त के साथ 95.69 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को भी रुपये में 62 पैसे की मजबूती देखी गई थी, जिससे इस हफ्ते की शुरुआत में हुए नुकसान की भरपाई हो गई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिका-इरान शांति वार्ता में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय मुद्रा को आरबीआई के इस कदम से मजबूत सहारा मिला।

## पेट्रोल बचाने या सोना कम खरीदने से दूर नहीं होगी रुपये की कमजोरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अवमूल्यन और बाजार की उठापटक के बीच अक्सर सुनने में आता है कि आयात कम करो, पेट्रोल बचाओ, सोना कम खरीदो, विदेश में घूमने की बजाय देश में घूमो। ऐसी सलाह पहली नजर में तो सही लगती हैं, लेकिन इनकी दिक्कत यह है कि ये असल मसले को नहीं पकड़ती! सच तो यह है कि रुपया इसलिए कमजोर नहीं हो रहा क्योंकि भारतीय खर्च बहुत कर रहे हैं। दरअसल, हम पूंजी बाजार की समस्या को कारोबार की समस्या मान रहे हैं, जबकि असली मुद्दा पूंजी के प्रवाह और वित्तीय ढांचे की कमजोरी है, जिसका असर समूची अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इस साल निफ्टी 50 इंडेक्स करीब 11% गिर चुका है और प्रमुख वैश्विक सूचकांकों में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में है। दक्षिण कोरिया का 50% ऊपर है, ताइवान का 48% और जापान का 18% ऊपर है। साल की शुरुआत में एक डॉलर की वैल्यू 89.86 रुपये थी, जो अब 96 के करीब है। यानी रुपया पांच महीने में 6.5% कमजोर हुआ है। दखल के बावजूद रुपये में गिरावट नहीं थमी और फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशकों का बाजार से पैसा निकालने का सिलसिला जारी है। भारत की समस्या मांग या बचत नहीं, बल्कि पूंजी के गलत वितरण की है। विनिर्माण, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अवसर हैं, लेकिन निवेश की कमी है।

# चीन ने की थी समाधान पैनल बनाने की अपील, भारत ने रोक दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन में चीन के एक अनुरोध को रोक दिया है। उसने एक विवाद समाधान पैनल बनाने की अपील की थी। यह मामला नई दिल्ली की ओर से सोलर सेल, मॉड्यूल और इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टरों को दिए जा रहे समर्थन उपायों जुड़ा है। चीन ने इन उपायों को चुनौती दी है।

**मामले की टाइमलाइनः** चीन ने इस महीने की शुरुआत में की विवाद समाधान संस्था से संपर्क किया था। इस मामले में उसकी ओर से एक पैनल बनाने की मांग की गई थी। पिछले साल दिसंबर में चीन ने एक विवाद दायर किया था। विवाद पर द्विपक्षीय बातचीत से कोई आपसी सहमति वाला समाधान नहीं निकला था। इसी के बाद चीन ने पैनल बनाने की मांग करने के लिए कदम उठाया था।

जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने 22 मई को हुई विवाद समाधान संस्था की बैठक में पैनल बनाने के बीजिंग के पहले अनुरोध को खारिज कर दिया।

### चीन ने भारत पर लगाए हैं ये आरोप

चीन ने आरोप लगाया है कि कुछ तकनीकी उत्पादों पर भारत



की ओर से लगाए गए आयात शुल्क और आयातित सामानों के मुकाबले घरेलू उत्पादों को प्राथमिकता देने वाले उपाय चीनी सामानों के साथ भेदभाव करते हैं। बीजिंग ने तर्क दिया कि ये उपाय के कई प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। इनमें शामिल हैंः

**भारत ने दिया है चीन को जवाबः** भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। कहा है कि उसके उपाय के नियमों के अनुरूप हैं। भारत ने यह भी कहा कि यह 'विडंबना' है कि एक 'जिम्मेदार और डायवर्सिफाइड सप्लाई चेन' की जरूरत को स्वीकार करने के बावजूद एक ऐसा देश जिसका ग्लोबल सोलर मॉड्यूल वैल्यू चेन पर 80 फीसदी से अधिक कंट्रोल होने का अनुमान है, ऐसे उपाय कर रहा है जो अन्य देशों में उद्योग के विकास में बाधा डाल सकते हैं। नियमों के तहत, जिस देश पर आरोप लगा है (प्रतिवादी देश), वह पैनल बनाने के पहले अनुरोध को रोक सकता है। हालांकि, अगर चीन अगली में अपने अनुरोध को फिर से पेश करता है तो पैनल अपने आप बन जाएगा। यह पैनल जांच करेगा कि क्या कुछ हाई-टेक गुड्स पर भारत के आयात शुल्क और सोलर उत्पादों के लिए प्रोत्साहन उपाय देश की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं।

### भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने की कोशिश

भारत ने सोलर सेक्टर में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। इनमें सोलर सेल और मॉड्यूल पर आयात शुल्क, कुछ सरकारी-समर्थित परियोजनाओं के लिए स्थानीय खरीद की आवश्यकताएं, 'मॉडल और निर्माताओं की अनुमोदित सूची' और 'प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम' शामिल हैं। चीन अलग से भी भारत के खिलाफ में एक विवाद पर आगे बढ़ रहा है। यह ऑटोमोटिव और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टरों में भारत की ओर से उठाए गए उपायों से संबंधित है।

# आईपीओ में आ रही हैं 2 और कंपनियां, एक का सोने-चांदी का है कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ पर दांव लगाकर कमाई की सोच रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, दवा क्षेत्र की कंपनी कोटेक हेल्थकेयर और आभूषण क्षेत्र की कंपनी दीपा ज्वेलर्स को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बता दें कि कोटेक हेल्थकेयर ने सितंबर 2025 में और दीपा ज्वेलर्स ने दिसंबर 2025 में अपने मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल किए थे। दोनों कंपनियों को 18 मई 2026 को सेबी की टिप्पणिया प्राप्त हुई, जिसे आईपीओ लाने की मंजूरी माना जाता है।

**क्या है डिटेलः** कोटेक हेल्थकेयर का आईपीओ 295 करोड़ रुपये तक के नए शेयर इश्यू के साथ-साथ 60 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का प्रस्ताव है। कंपनी नई परियोजना स्थापित करने, मौजूदा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नए उत्पादों के निर्माण के लिए 226.25 करोड़ रुपये का उपयोग करेगी। शेष रकम सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए खर्च की जाएगी। कंपनी एक कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन, या काम करती है। यह कई थेराप्यूटिक सेगमेंट में फार्मास्युटिकल कंपनियों को सेवाएं देती है। कंपनी 24 डोज कैटेगरी में फॉर्मूलेशन बनाती है, जिनमें इंजेक्टेबल, टैबलेट, कैप्सूल, ऑइंटमेंट, सिरप और इन्फ्यूजन शामिल हैं। इसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एनेस्थेटिक्स, एंटीबायोटिक्स, कार्डियोवैस्कुलर दवाएं, डर्मेटोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, न्यूट्रिशन, सप्लीमेंट और महिलाओं की हेल्थकेयर जैसे थेराप्यूटिक क्षेत्र शामिल हैं।

**दीपा ज्वेलर्सः** दीपा ज्वेलर्स का आईपीओ 250 करोड़ रुपये के नए इश्यू और 1,18,48,340 शेयरों की बिक्री




पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है, जिसे प्रर्वतक अशोक अग्रवाल और सीमा अग्रवाल द्वारा बेचा जाएगा। 2016 में स्थापित कंपनी दीपा ज्वेलर्स हॉलमार्क वाली सोने की ज्वेलरी के बिजनेस-टू-बिजनेस प्रोसेसर और सप्लायर के तौर पर काम करती है। इसकी दक्षिण भारत के राज्यों– तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में मजबूत मौजूदगी है। कंपनी मुख्य रूप से 22-कैरेट सोने की ज्वेलरी की प्रोसेसिंग पर ध्यान देती है और एक आउटसोर्स्ड मैन्युफैक्चरिंग मॉडल के जरिए काम करती है, जिसे लगभग 40 कारीगरों का सहयोग प्राप्त है।

इसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में पारंपरिक दक्षिण भारतीय ज्वेलरी की श्रेणियां शामिल हैं, जैसे कि वड्डनम, ष्टहृष्ट मशीन से कटी चूड़ियां, पुरुषों के कड़े, वांकी, कंगन, झुमके, मांगटीका, माटिल, चोटी के गहने और अंगूठियां। ज्वेलरी प्रोसेसिंग के अलावा, कंपनी जॉब-वर्क असाइनमेंट भी लेती है, जिसमें ग्राहक कच्चा माल देते हैं और कंपनी तैयार गहने बनाकर देती है। दीपा ज्वेलर्स चांदी के गहनों, सोने के बुलियन, कीमती पत्थरों और 18-20 कैरेट के ज्वेलरी प्रोडक्ट्स की ट्रेडिंग में भी लगी हुई है। कंपनी के अनुसार, नवंबर 2025 तक 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में इसके 315 ग्राहकों का बेस था, जिसमें ज्वेलरी रिटेल चेन और अलग से ज्वेलरी स्टोर शामिल हैं। कंपनी का बिजनेस मॉडल सीधे रिटेल ऑपरेशन के बजाय मुख्य रूप से थोक वितरण और प्रोसेसिंग पर केंद्रित है।

# 15 लाख जमा करके हर महीने 9,250 की बंधी-बंधाई इनकम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम काफी पॉपुलर है। यह कम रिस्क लेने वाले ऐसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बचत योजना है, जो फिक्स्ड मंथली इनकम चाहते हैं। इस स्कीम को सरकार का समर्थन हासिल है। इस स्मॉल सेविंग्स स्कीम को खासतौर से रिटायर हो चुके लोग और ऐसे व्यक्ति पसंद करते हैं, जो बाजार से जुड़े रिस्क लिए बिना नियमित कमाई करना चाहते हैं। एक जॉइंट पोस्ट ऑफिस खाते में कोई भी व्यक्ति 15 लाख रुपये तक का निवेश कर सकता है। अगर वे अपने जॉइंट पोस्ट ऑफिस खाते में 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो उन्हें कितनी मंथली इनकम हो सकती है, आइए यहां उसका जवाब जानते हैं। मौजूदा नियमों के तहत, कोई भी व्यक्ति सिंगल अकाउंट में 9 लाख रुपये तक और जॉइंट अकाउंट में 15 लाख रुपये तक का निवेश कर सकता





है। इस स्कीम में अभी सालाना 7.4 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। इस ब्याज का भुगतान हर महीने किया जाता है।किसी एक व्यक्ति के सभी पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम खातों में जमा की गई कुल रकम एक सिंगल अकाउंट में 9 लाख रुपये और एक जॉइंट अकाउंट में 15 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम के लिए ब्याज दर निश्चित होती है। केंद्र सरकार की ओर से हर तीन महीने (तिमाही) में इसकी घोषणा की जाती है। स्कीम में 15 लाख रुपये के निवेश से आपको कितनी मंथली इनकम हो सकती है अगर आप 7.4 फीसदी की मौजूदा ब्याज दर पर एक जॉइंट पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम खाते में 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो मंथली पेआउट का कैलकुलेशन इस तरह किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 8.1 अरब की भारी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** ईरान-इजरायल युद्ध के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया में भारी गिरावट हो रही है। इस बीच रुपया को सहारा देने के लिए रिजर्व बैंक ने सीधे हस्तक्षेप किया और खुले बाजार में डॉलर बेचा। इससे भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 8 से ज्यादा की गिरावट हुई। इससे एक सप्ताह पहले इसमें बढ़ोतरी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 15 मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई। इससे एक सप्ताह पहले की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 688.894 का रह गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार 728.494 के ऑल टाइम हाई पर था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15




मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 6.483 की तगड़ी कमी हुई। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 562 की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 545.904 बिलियन का रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के मूल्य में गिरावट हुई है। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में 1.536 की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसकी वैल्यू में 5.637 का इजाफा हुआ था।

### एसडीआर में मामूली कमी

बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली कमी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 49 की कमी हुई है। इससे सप्ताह भर पहले इसमें 84 की बढ़ोतरी हुई थी। अब यह घट कर 18.824 का रह गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 25 कमी हुई है। एक सप्ताह पहले इसमें की वृद्धि हुई थी।

# गोद में 4 महीने की बेटी और सड़क हादसे में पति की मौत, 500 से शुरू किया काम, अब 75 लाख का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनिका तालुकदार असम के नलबारी की रहने वाली हैं। उनकी कहानी साहस, आत्मनिर्भरता और कड़े संघर्ष की मिसाल है। साल 2008 में एक सड़क हादसे में पति को खोने के बाद कनिका के सामने अपनी चार महीने की बेटी को पालने की चुनौती थी। सिर्फ 10वीं क्लास तक पढ़ीं कनिका ने विपरीत परिस्थितियों के सामने घुटने टेकने के बजाय खुद का रास्ता चुनने का फैसला किया। उन्होंने सिर्फ 500 रुपये से वर्मीकम्पोस्ट बनाना शुरू किया। 'जयातु ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स' की नींव रखी। अब यह कंपनी वर्मीकम्पोस्ट के अलावा ऑर्गेनिक कीटनाशक और गाय के गोबर से बनी अगरबत्तियां भी बनाती है। कनिका का छोटा सा प्रयास सफल कारोबार बन चुका है। इसका सालाना टर्नओवर 75 लाख रुपये तक पहुंच गया है। आइए, यहां कनिका तालुकदार की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। सालों तक घरेलू कामों में हाथ बंटाती रहीं। लेकिन, साल 2014 में उन्होंने वित्तीय स्वतंत्रता की ओर कदम बढ़ाए। एक सेल्फ हेल्प ग्रुप ज्वाइन किया। एसएचजी में वह 'जीविका सखी' बनीं। उन्हें पहली बार यहीं बिजनेस और टीमवर्क की समझ मिली। इसी दौरान समूह के साथ नलबारी के कृषि विज्ञान केंद्र के एक दौरे ने उनकी जिंदगी बदल दी। वहां एक्सपर्ट डॉ. मानोषी चक्रवर्ती से केंचुआ खाद



(वर्मीकम्पोस्ट) बनाने की ट्रेनिंग लेने के बाद कनिका बेहद प्रेरित हुईं। उन्होंने बिना वक्त गंवाए अपने माता-पिता के घर के पिछले हिस्से (बैकयार्ड) में सिर्फ 500 रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ केंचुआ खाद बनाने का बेहद छोटा प्रयोग शुरू किया। महंगे संसाधन खरीदने के पैसे न होने के कारण उन्होंने शुरुआत में घर के आसपास मिलने वाले ऑर्गेनिक कचरे को जुटा कर खाद का पहला बैच तैयार किया। शुरुआत में कनिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि उनके इलाके के किसानों और आम लोगों को वर्मीकम्पोस्ट या जैविक खेती के फायदों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### सरकारी मदद से बढ़ा कारोबार

साल 2017 में कनिका ने आधिकारिक तौर पर 'जयातु ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स' ब्रांड के तहत काम शुरू किया। लेकिन, उनके बिजनेस को सबसे बड़ा मोड़ 2019 में मिला। जिला उद्योग केंद्र ने उनके जज्बे को देखते हुए ब्रांडिंग और मार्केट विस्तार में मदद की। सरकारी सहयोग की बदौलत कनिका अपने उत्पादों को अमेजन, फ्लिपकार्ट और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर ले जाने में सफल रहीं। पोर्टल पर रजिस्टर होने से उन्हें सरकारी विभागों से बड़े और स्थायी सालाना कॉन्ट्रैक्ट मिलने लगे। इसके अलावा, असम कृषि विश्वविद्यालय के नीडहब, आईआईएम कलकत्ता और राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण परियोजना जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से उन्हें कुल 27.50 लाख रुपये का बिजनेस ग्रांट मिला। इस वित्तीय मदद से उन्होंने अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बढ़ाई।

# सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था का निर्देश

## भीषण गर्मी में लोगों को मिलेगी राहत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा** । झारखंड में लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए राज्य के सभी उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सभी सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि अपने कार्यालयों के बाहर, एवं सार्वजनिक स्थलों पर आम जनों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा इसकी स्पष्ट सूचना भी प्रदर्शित करें, ताकि राहगीरों एवं आम लोगों को राहत मिल सके।

साथ ही सभी उपायुक्त यह सुनिश्चित करें कि जहाँ कहीं भी जल संकट की स्थिति हो, वहाँ तत्काल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति, चापाकलों की मरम्मत एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएँ की जाएँ।

किसी भी गाँव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी के कारण लोगों को परेशानी न हो - यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भीषण गर्मी के इस दौर में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करे।

## इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर मिलेगी छूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और निबंधन पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए एसओपी जारी कर दी है। इसके अनुसार 15 मई 2026 के बाद खरीदे गए ई-वाहनों पर ही अनुदान मिलेगा। योजना 31 मार्च 2027 तक लागू रहेगी। पात्र आवेदकों को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर ईवी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के आवेदकों को अतिरिक्त लाभ के लिए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। एसओपी के मुताबिक सभी आवेदनों का निपटारा 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाएगा। इसके लिए जिला परिवहन पदाधिकारी विभाग को आवश्यक अधियाचना भेजेंगे। जो आवेदक पहले ही बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत सब्सिडी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें इस योजना का दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा।

प्रोत्साहन राशि पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। यदि किसी अधिकारी द्वारा क्रम तोड़कर भुगतान किया जाता है तो उसका स्पष्ट कारण बताना होगा।

# आरक्षण के मुद्दा को ले लोगों का जत्था दिल्ली रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका**। दिल्ली के लाल किला मैदान में 24 मई को आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक समागम में भाग लेने वाले जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों को दुमका रेलवे स्टेशन से भाजपा कार्यकर्ताओं ने रवाना किया। इस कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे

शुक्रवार को हावड़ा से चलकर वाया दुमका दिल्ली तक जाने वाली एक दिन के लिए बहाल स्पेशल ट्रेन पर बैठ कर यहां के लोग दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली गए लोग इसी ट्रेन से दुमका लौटेंगे।

मालूम हो कि 24 मई को जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के लाल किला मैदान में समागम हो रहा है।

जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजकिशोर हांसदा के मुताबिक भगवान बिरसा मुंडा देश में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं।

यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

अपनी धर्म-संस्कृति, परंपरा के विषय को लेकर जनजातीय समाज राजधानी दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में पहली बार एकत्रित हो रहा है। दुमका रेलवे स्टेशन पर कार्यकताओं को विदा करने भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, ओम केशरी, मृणाल मिश्रा समेत कई कार्यकर्ता पहुंचे थे। पोड़ैयाहाट रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को आदिवासी समाज के लोग जनजाति सांस्कृतिक समागम एवं विशाल गर्जना रैली में शामिल होने लालकिला मैदान नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।लोगों ने कहा कि संथाल परगना के चार जिले के लोग दिल्ली समागम में हजारों हजार की संख्या में भाग लेकर अपनी मांगों को रखेंगे।

लोगों ने कहा कि जाति की अपनी भाषा धर्म संस्कृति और परंपरागत रीति रिवाज ही उनकी पहचान के मूल्य आधार होते हैं। जन्म विवाह और मृत्यु जैसी संस्कारों से जुड़ी परंपरागत रीति हमें यह पहचान देती है कि हम किस समुदाय और किस जनसमूह के सदस्य हैं।

भाषा, धर्म और संस्कृति से ही किसी जाति का अस्तित्व बना रहता है। इसलिए अपनी मातृभाषा धार्मिक विश्वास परंपरागत रीति नीतियों एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य और धर्म है।

वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रलोभनों के माध्यम से भारत के निर्धन जनजातीय समुदायों का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में कई जनजाति लोग नाम मात्र के लिए जनजाति रह गए हैं और उनकी भाषा धर्म और संस्कृति विकृत होकर लुप्तप्राय अवस्था में पहुंच रही है।

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार प्राप्त है। यदि कोई व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे रोकना हमारा उपदेश से नहीं है, किंतु विचारणीय यह है कि जब कोई व्यक्ति अपना मूल जनजातीय धर्म छोड़कर अन्य धर्म स्वीकार करता है, तो वह पहले अपनी जाति की परंपरागत रीति रिवाज को त्याग देता है और बाद में अपने ही समुदाय के लोगों को नीचा दिखाने अपमानित करने तथा उनके विरुद्ध दुष्प्रचार करने लगता है।

इसके अतिरिक्त व्यक्ति अपने मूल सामुदाय से अलग होकर भी उस समुदाय के लिए संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण और सुविधाओं का लाभ उठाता रहता है।

# दीपिका चिखलिया ने लॉन्च की भोजपुरी वेब सीरीज 'महाश्मशान'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंबई**। प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने आज भोजपुरी वेब सीरीज 'महाश्मशान' का मुहूर्त किया। इस अवसर पर निर्माता लेखक धीरज मिश्रा और सह निर्मात्री इशिका मिश्रा, निर्देशक राजा रणदीप गिरी, और अभिनेता कुणाल सिंह राजपूत, गोलू तिवारी, प्रशांत राय, परी, गौरव उपाध्याय,जीसान खान, लाइन प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय और प्रचारक संजय भूषण पटियाला उपस्थित थे।

दीपिका चिखलिया ने पूरी टीम को शुभ कामनाएं दी और कहा कि महाश्मशान का टाइटल ही एक उम्मीद जगाता हैं कि ये सीरीज अच्छी बनेगी उन्होंने स्टेज की तारीफ करते हुए कहा कि क्षेत्रीय भाषा में बहुत अच्छा काम कर रहा हैं।

निर्माता धीरज मिश्रा ने बताया की, हम दीपिका चिखलिया का आभारी हैं कि उन्होंने हमारी वेब सीरीज का मुहर्त किया। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह सीरीज पसंद आएगी।

निर्मात्री इशिका मिश्रा ने कहा, हमने इस सीरीज के लिए बहुत मेहनत की है और हमें विश्वास है कि यह दर्शकों को आकर्षित करेगी।




निर्देशक राजा रणदीप गिरी ने कहा, यह एक अनोखी कहानी है जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। हम मई लास्ट से शूटिंग शुरू करेंगे और जल्द ही इसे रिलीज करेंगे।

'महाश्मशान' एक भोजपुरी वेब सीरीज है जो जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है। इसमें कुणाल सिंह राजपूत, गोलू तिवारी, प्रशांत राय, परी सिंह, गौरव उपाध्याय, शिवम सिंह विवेक त्रिपाठी और जीसान खान मुख्य भूमिकाओं में हैं।

स्टेज ओटीटी आप टीम की तरफ से अमर दुबे और धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे अमर दुबे ने कहा कि स्टेज हर तरह के कलाकारों और निमार्ताओं के साथ हैं और हम मनोरंजन जगत में एक क्रांति लेकर आ रहे हैं। धर्मेंद्र सिंह ने टिम को शुभकामनाएं दी हैं और कहां स्टेज के माध्यम से हम अलग तरह की कहानियां लेकर आ रहे हैं।

## पंचायत में प्याऊ जल की व्यवस्था ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी**। भीषण गर्मी में भी पंचायत क्षेत्र में नहीं की गई प्याऊ जल की व्यवस्था जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण पिंटू यादव, त्रिलोकी तिवारी ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर पहले भी प्याऊ जल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान समय में अधिकांश जगहों पर पानी उपलब्ध नहीं है। कहीं मोटर खराब है तो कहीं टंकी खाली पड़ी हुई है। इससे राहगीरों, मजदूरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में प्याऊ जल केंद्र लोगों के लिए राहत का साधन होता है, लेकिन व्यवस्था ठप रहने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने सम्बंधित बिभाग से अनुरोध किया है की जल्द से जल्द प्याऊ जल व्यवस्था की जाय ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

# मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के 17 हजार लाभुकों का हुआ चयन

## शिविर में कतारबद्ध दिखीं महिलाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने के लिए प्रखंड के 14 पंचायत भवनों में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्य 28 मई तक चलेगी।

सत्यापन कराने के लिए पंचायत भवनों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी कराने के लिए सुबह से ही महिलाएं कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करती नजर आईं।

अधिक भीड़ होने के कारण पंचायत भवनों में काफी चहल-पहल रही। कई महिलाओं ने समय पर सत्यापन कार्य पूरा कराने की मांग की, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। सत्यापन कार्य करने में पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व वीएलई जुटे रहे।

प्रखंड के 14 पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के 17 हजार तीन लाभुकों का सत्यापन होना है। बदिया पंचायत में सर्वाधिक 1474 एवं रानीडीह पंचायत में सबसे कम 920 लाभुक हैं।

सत्यापन कराने के समय लाभुकों को अपने साथ पहचान व पते के प्रमाण के लिए आधार कार्ड, पारिवारिक विवरण व पात्रता जांच के लिए राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक, आवेदन पावती रसीद व स्वघोषणा पत्र की मूल व छायाप्रति लाना जरूरी है।

## अनमैप्ड मतदाताओं की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोड्डा**। पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 195 एवं 196 का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश कुमार जायसवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान अनमैप्ड मतदाताओं की जांच और मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए छूटे एवं गलत तरीके से मैप मतदाताओं के सुधार में तेजी लाने को कहा गया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से मतदाता सूची में नाम जांचने और त्रुटि मिलने पर सूचना देने की अपील की।

# नाबालिग ने अस्पताल के बाथरूम में दिया बच्ची को जन्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सदर अस्पताल में शुक्रवार की शाम को एक अजीबोगरीब घटना घटित हुई। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक गर्भवती नाबालिग छात्रा अपने स्वजन के साथ सदर अस्पताल पहुंची और बाथरूम में चली गई जहां उसने एक स्वस्थ नवजात बच्ची को जन्म दिया।

बच्ची को जन्म देने के बाद रक्तस्राव हो रहा था लेकिन नाबालिग उसी स्थिति में सदर अस्पताल के शौचालय में नवजात को छोड़कर भागने की असफल कोशिश करने लगी।

इसी बीच रक्तस्राव होता देख स्वास्थ्य कर्मियों की नजर पड़ी तो उसे रोका गया और पूछताछ की गई। इसके बाद शौचालय से नवजात को बरामद करते हुए पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात समेत नवजात को जन्म देने वाली नाबालिक को



समुचित चिकित्सीय सुविधा प्रदान कराने को लेकर एंबुलेंस से चैताडीह स्थित मातृत्व शिशु अस्पताल पहुंचाई जहां नवजात को एसएनसीयू में गहन चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है जबकि नाबालिग प्रसूता को भर्ती कर उसे चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा रही है।

नाबालिग प्रसूता गांव के बगल में स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा नौवीं में पढ़ाई करती है। वहीं कुछ लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए नवजात को गोद लेन के लिए भी प्रयास में जुटे रहे।

# 26 करोड़ की लागत से बन रहे डिग्री कालेज का निर्माण अंतिम चरण में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। बोकारो के नावाडीह प्रखंड में लंबे समय से सरकारी डिग्री कालेज की मांग अब पूरी होने जा रही है। यह बीबीएमकेयू का 14वां अंगीभूत कालेज होगा। इसका निर्माण अंतिम चरण में है।

लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस कालेज में इसी वर्ष नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन शुरू करने की तैयारी चल रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही कालेज भवन को अपने अधीन लेने की प्रक्रिया शुरू करेगा।यह कालेज बिनोद बिहारी महतो चौक के समीप बनाया जा रहा है।

नावाडीह प्रखंड में कोई सरकारी डिग्री कालेज नहीं था। ऐसे में यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बोकारो, चास, धनबाद और हजारीबाग जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक और आवागमन दोनों

## रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर रहेगा जोर



तरह की परेशानी होती थी।

इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने 2023 में कालेज स्थापना का निर्णय लिया। फरवरी 2024 से इसका निर्माण शुरू हुआ और अब यह अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है।

कालेज में पारंपरिक शिक्षा के साथ रोजगार आधारित पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया गया है। यहां सात रेगुलर विषयों के अलावा दो वोकेशनल कोर्स शुरू होंगे। एक शैक्षणिक सत्र में 900 विद्यार्थियों को नामांकन होगा। रेगुलर विषयों में इतिहास, राजनीति शास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और गणित शामिल है। बीबीए और बीसीए विद एआइ एवं एमएल जैसे आधुनिक कोर्स सेल्फ फाइनेंस माडल पर संचालित होंगे। सरकार ने विषयवार सीटों और शिक्षकों के पदों को पहले ही स्वीकृति दे दी है।

इतिहास, राजनीति शास्त्र, हिंदी और अंग्रेजी में 120-120 सीटें होंगी। वाणिज्य में 180 सीटें तथा अर्थशास्त्र और गणित में 60-60 सीटों का प्राविधान किया गया है।

इन विषयों के लिए 20 शिक्षकों के पद स्वीकृत किए गए हैं। प्राचार्य के अतिरिक्त 14 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों और 18 मल्टी टास्क स्टाफ के पदों का सृजन किया गया है।

# एसडीओ ने की पेयजल की व्यवस्था



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा**। ललमटिया स्थित सिद्धू-कान्हू चौक में महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक एवं थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह के पहल पर ग्रामीणों एवं राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई।भीषण गर्मी को देखते हुए चौक पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराए जाने से आम लोगों को काफी राहत मिल रही है।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस जनहित पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे राहगीरों एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल आसानी से मिल सकेगा।

# नया मोड़ में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो**। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को जिला परिवहन विभाग द्वारा बोकारो स्टील सिटी के नया मोड़ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में परिवहन विभाग की टीम, पर्वतारोहियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने सक्रिय सहभागितानिभाई।

इस दौरान आमजनों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट वितरण किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने एवं हेलमेट के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।पर्वतारोहियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी



लाने के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। हेलमेट न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि यह जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन भी है।

कार्यक्रम के दौरान लोगों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।

मौके पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## खेसारी लाल थामेंगे भाजपा का दामन

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन के जन्मदिन के अवसर पर देश और राज्य के दिग्गज राजनेताओं सहित कई जानी-मानी हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें बधाई संदेश भेजे। पीएम मोदी ने नितिन नवीन के ऊजार्वान नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की। इन सबके बीच, शनिवार देर शाम भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता और सिंगर खेसारी लाल यादव भी नितिन नवीन को बधाई देने उनके पटना स्थित आवास पहुंचे। इस मुलाकात के बाद बिहार के सियासी गलियारों में खेसारी लाल यादव के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं, जिस पर खुद अभिनेता ने विराम लगा दिया है। नितिन नवीन से मुलाकात कर जब खेसारी लाल यादव बाहर निकले, तो मीडिया कर्मियों ने उनसे भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर सवाल पूछा।

# मामूली विवाद में पीट-पीटकर महिला की हत्या




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। भगवानपुर थाना क्षेत्र के प्रतापटांड गांव में दीवार पर पानी पटाने के दौरान छींटा उड़ने के विवाद में हुई मारपीट में जख्मी महिला की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। इस मामले में मृतका के पुत्र रितिक रंजन ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दर्ज प्राथमिकी में रितिक रंजन, पिता उमेश राय ने आरोप लगाया है कि बीते शुक्रवार को उसकी मां प्रमिला देवी घर की दीवार पर पानी का छिड़काव कर रही थी।

इसी दौरान पानी का छींटा पड़ोसी ममता देवी, पति रमेश राय के आंगन में चला गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर ममता देवी गाली-गलौज करने लगी।

कुछ ही देर में उसके पति रमेश राय और ससुर देव नारायण राय भी वहां पहुंच गए और प्रमिला देवी के साथ मारपीट करने लगे। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान ममता देवी ने आंगन में रखा बांस उठाकर प्रमिला देवी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गईं।

स्वजन ने आनन-फानन में घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर पहुंचाया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया।

बताया गया कि अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही प्रमिला देवी की मौत हो गई। इसके बावजूद स्वजन उन्हें सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार को सदर-2 एसडीपीओ गोपाल मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में महिला की मौत हुई है। मृतका के पुत्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

CMYK

# आरसीबी को आखिरी लीग मैच में हैदराबाद ने 55 रन से हराया



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर आरसीबी को आखिरी लीग मैच में 55 रन से हरा दिया। आरसीबी के लिए इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने संघर्षभरी अर्धशतकीय पारी जरूर खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो पाए।

हैदराबाद की ये 14 मैचों में 9वीं जीत रही जबकि आरसीबी की ये 14 मैचों में 5वीं हार रही। हैदराबाद की जीत में अहम भूमिका इशान किशन, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारी ने निभाई। इशान किशन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 67वां मैच राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मैच में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हैदराबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 255 रन बनाए और आरसीबी को जीत के लिए 256 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बनाए।

**रजत पाटीदार ने खेली 56 रन की पारी-** कोहली ने ओपन करते हुए 15 रन की पारी खेली जबकि वेंकटेश अय्यर 44 रन बनाकर आउट हुए। देवदत्त पडीक्कल 21 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए।

### अभिषेक, इशान क्लासेन के अर्धशतक

हैदराबाद के ओपनर हेड ने आरसीबी के खिलाफ 16 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली जबकि अभिषेक ने 20 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो 56 रन बनाकर आउट हो गए। इशान ने 31 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और ये उनके इस सीजन का छठा अर्धशतक भी रहा। इशान ने 46 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली जबकि नितिश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए और नाबाद रहे।

### आरसीबी ने किया एक बदलाव


इस मैच के लिए हैदराबाद ने अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया जबकि आरसीबी ने अपने अंतिम ग्यारह में एक बदलाव किया। आरसीबी के ओपनर जैकब बेथेल टीम से बाहर हुए जबकि कप्तान रजत पाटीदार की वापसी हुई।

## अभिषेक-इशान से आगे क्लासेन, कोहली नंबर 1

### 14 लीग मैचों के बाद RCB और हैदराबाद के टॉप-3 बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का 67वां मैच हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेला गया और ये इस सीजन में दोनों टीमों का आखिरी लीग मैच भी था। इस मैच में आरसीबी को 55 रन से हार मिली, लेकिन इसके बावजूद ये टीम 18 अंक के साथ अंकतालिका में पहले स्थान पर बनी रही जबकि हैदराबाद की टीम भी अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। ये दोनों टीमें प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन 14 लीग मैचों के बाद आरसीबी और हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-3 बैटर कौन-कौन रहे इसके बारे में जानते हैं।



### अभिषेक-इशान से आगे रहे क्लासेन

हैदराबाद टीम की बात करें तो 14 लीग मैचों के बाद आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर हेनरिक क्लासेन रहे। क्लासेन ने लीग मैचों में अपना जलवा बिखेरा और उन्होंने 14 मैचों में 606 रन 6 अर्धशतक की मदद से बनाए। उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 69 रहा। इशान किशन इस मामले में दूसरे नंबर पर रहे जिन्होंने 14 मैचों में 569 रन बनाए और इस दौरान 6 अर्धशतक लगाए और उनका बेस्ट स्कोर 91 रन रहा।

## 'विनेश फोगाट को ट्रायल में हिस्सा लेने दें'

### दिल्ली हाई कोर्ट ने WFI को लगाई फटकार, कहा- किसी भी कीमत पर खेल का नुकसान नहीं हो



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 'अयोग्य' घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार (22 मई) को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और केंद्र को उनका मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना 'बहुत कुछ कहता है'।

पीठ ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए। विनेश फोगाट मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा, क्योंकि सरकारी वकील ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के नियम कुछ मामलों में पात्रता मानदंडों में छूट देते हैं।

### एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती

अदालत ने मौखिक रूप से कहा, 'विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके।' अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह दोपहर 2:30 बजे इस मामले पर फिर से सुनवाई करेगी ताकि सरकारी वकील टीम के गठन के संबंध में और अधिक जानकारी पेश कर सकें। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी।

### कारण बताओ नोटिस पर नाराजगी

वकील ने यह तर्क दिया कि नौ मई को गोंडा में एक घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी से एक दिन पहले उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया जिसे यह पता चलता है कि कोई उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है। अदालत ने कारण बताओ नोटिस पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए दावा किया कि पेरिस ओलंपिक में फोगाट की अयोग्यता 'राष्ट्रीय शर्म' की बात थी और सवाल उठाया कि यह क्यों नहीं माना जाना चाहिए कि डब्ल्यूएफआई ने उसके लिए चयन मानदंड बदल दिए थे।

### डोपिंगरोधी नियमों के तहत अयोग्य घोषित

अदालत में आगे कहा, 'सर्कुलर में किए गए बदलाव से सब कुछ स्पष्ट हो जाता है। इस तरह का व्यवहार न करें। यह खेलों के हित में नहीं है। पहले के सर्कुलर का पालन नहीं करना बहुत कुछ कहता है।' डब्ल्यूएफआई ने डोपिंगरोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए छह महीने की अनिवार्य नोटिस अवधि का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून, 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

### चयन मानदंड में बदलाव

अदालत ने कहा, 'वह जुलाई 2025 में मां बनीं। अभी मई का महीना है। वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान हैं। यह क्यों नहीं माना जा सकता कि आपने उनके लिए चयन मानदंड में बदलाव किया होगा? विवाद या मतभेद चाहे जो भी हो, खेल जगत को क्यों नुकसान होना चाहिए? देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है, क्या इसकी कीमत किसी व्यक्ति को भुगतनी चाहिए?'

## अभिषेक ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड, वैभव टॉप पर

**नई दिल्ली।** आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2026 के 67वें मैच में हैदराबाद के ओपनर बैटर अभिषेक शर्मा ने शानदार पारी खेली और 20 गेंदों पर अर्धशतक भी लगाया। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दौरान 5 छक्के और 4 चौके भी जड़े। इन 5 छक्कों के दम पर उन्होंने अपना ही एक शानदार रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि शुभमन गिल के इस खास रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली।

### अभिषेक ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

अभिषेक ने आरसीबी के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 5 छक्के लगाए और आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर आ गए। अभिषेक ने आईपीएल 2026 में अब तक कुल 43 छक्के लगाए हैं जबकि साल 2024 में उन्होंने कुल 42 छक्के लगाए थे। यानी अभिषेक ने अपने रिकॉर्ड में सुधार कर लिया जबकि इस लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बैटर्स की लिस्ट में वैभव अभी 53 छक्कों के साथ पहले स्थान पर मौजूद हैं।

## विजय शंकर का संन्यास

### 2019 वर्ल्ड कप में अंबाती रायुडू की जगह चुने गए



### 9626 रन बनाए और 154 विकेट झटके

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में खेले गए 2019 वर्ल्ड कप में अंबाती रायुडू की जगह चुने गए विजय शंकर ने शुक्रवार (22 मई) को संन्यास ले लिया। तब भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने उन्हें 3डी प्लेयर बताया था। उन्होंने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैनचेस्टर में भारतीय टीम के लिए अपना आखिरी मैच खेला था। पैर के अंगूठे की चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा और फिर वह टीम में वापसी नहीं कर सके। विजय शंकर ने भारत का 2018 से 2019 तक 12 वनडे और 9 टी20 में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने करियर में 9626 रन बनाए और 154 विकेट लिए। 35 साल के विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने का कारण नए मौकों की तलाश और ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट खेलने को बताया। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने तमिलनाडु और 2025-2206 सत्र में त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल में विजय शंकर ने चार टीमों का प्रतिनिधित्व किया।



- **आईपीएल में 4 टीमों का प्रतिनिधित्व किया-** इसमें चेन्नई सुपर किंग्स (2014 और 2025), सनराइजर्स हैदराबाद (2017, 2019-2021), दिल्ली कैपिटल्स (2018) और गुजरात टाइटंस (2022-2024) शामिल है। वह मौजूदा सत्र में वह किसी टीम का हिस्सा नहीं थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शंकर ने 2012 में अपने पदार्पण के बाद कुल 77 प्रथम श्रेणी, 112 लिस्ट ए और 159 टी20 मैच खेले। विजय शंकर ने प्रथम श्रेणी में 46.73 की औसत से 4,253 रन बनाए, जिनमें 13 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं, और 43 विकेट भी लिए।

### विजय शंकर ने क्या कहा?

विजय शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, 'क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा। नागपुर में भारत के 500वें वनडे में आखिरी ओवर फेंकना और 2019 विश्व कप में पहली गेंद पर पहला विकेट लेना मेरे लिए अविस्मरणीय पल हैं।'

## प्लेऑफ का गणित: 27 की रात में तय होगा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (IPL 2026) का लीग स्टेज आखिरी पड़ाव पर है। चार मैच बाकी हैं और 27 मई की रात में आखिरी मैच में यह तय होगा कि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली चौथी टीम कौन होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। राजस्थान रॉयल्स के 14 अंक हैं और वह एकमात्र टीम है जो 16 अंक तक पहुंच सकती है। उसे अपना आखिरी लीग मैच 27 मई को दिन के दूसरे मुकाबले में खेलना है। यही कारण है कि आखिरी लीग स्टेज मैच तक प्लेऑफ की चौथी टीम तय नहीं होगी।



## खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ | 24 मई को देशभर में चलेंगी साइकिल

### 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' पर 8000 जगहों पर फिट इंडिया इवेंट



**नई दिल्ली।** भारत 24 मई 2026 को 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' के अवसर पर फिटनेस और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने जा रहा है। 'खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ' बने इस खास दिन देश भर में आठ हजार से अधिक स्थानों पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' अभियान के तहत लाखों लोग साइकिल चलाते नजर आएंगे।

इस राष्ट्रव्यापी आयोजन का मुख्य केंद्र गुजरात का अहमदाबाद होगा, जहां इस अभियान का ऐतिहासिक 75वां एडिशन आयोजित किया जाएगा। 'ए न्यू आइकन फॉर ए फिटर इंडिया- पेडलिंग टू 2030' अर्थात 'फिट इंडिया की नई पहचान- 2030 की ओर बढ़ते साइकिल के कदम' थीम के साथ होने वाला यह मेगा इवेंट भारत के फिट और खेल महाशक्ति बनने के विजन को भी दुनिया के सामने पेश करेगा।

### इस प्रकार हैं आयोजन के मुख्य आकर्षण

विशेष प्रदर्शनी : कार्यक्रम में कॉमनवेल्थ गेम्स थीम पर एक खास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें पिछले 12 वर्षों में भारत की खेल उपलब्धियां, 'खेलो इंडिया मिशन' और खेल उपकरण बनाने से जुड़ी पहलें दिखाई जाएंगी। जन सहभागिता : देशभर में केंद्रीय मंत्री, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि लोगों के साथ साइकिल चलाएंगे। इस अभियान में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

**बड़ा रिकॉर्ड:** फिट इंडिया अभियान के अब तक 74 संस्करण हो चुके हैं। इसके जरिये 3.07 लाख जगहों तक पहुंच बनाई गई है और 50 लाख से ज्यादा साइकिल चालकों के साथ 7 करोड़ भारतीय इससे जुड़ चुके हैं।

## विराट कोहली इतिहास रचने से 58 रन दूर

### गेल, वॉर्नर और राहुल को छोड़ देंगे पीछे



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (ढ्ढक्करु2026) में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 13 मैचों में 542 रन बनाए हैं। अगर वह इस सीजन में 58 रन और बना लेते हैं तो इतिहास रच देंगे। 58 रन बनाने पर उनके 600 रन पूरे हो जाएंगे। इसके साथ वह आईपीएल में लगातार 4 सीजन में 600 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। वह क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर और केएल राहुल से आगे निकल जाएंगे। विराट कोहली ने 2023, 2024 और 2025 में 600 से ज्यादा रन बना चुके हैं। क्रिस गेल ने 2011, 2012 और 2013 में ऐसा किया था। डेविड वॉर्नर ने 2016, 2017 और 2019 में ऐसा किया था। केएल राहुल ने 2020, 2021 औ 2022 में ऐसा किया था।

# साइबर सिटी में ड्रोन से होगा ट्रैफिक जाम का सर्वे, समस्या के वास्तविक कारणों की स्टडी की जाएगी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** ट्रैफिक जाम से जूझ रही साइबर सिटी में ड्रोन से ट्रैफिक का सर्वे किया जाएगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख चौराहों, व्यस्त सड़कों और जाम प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाएगा। इसके जरिए ट्रैफिक मूवमेंट, वाहन दबाव और जाम के वास्तविक कारणों की स्टडी की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार ड्रोन सर्वे के दौरान सड़क पर वाहनों की संख्या, ट्रैफिक फ्लो, कट और यू-टर्न की स्थिति, सिग्नल संचालन तथा भीड़भाड़ के समय का विश्लेषण किया जाएगा। ड्रोन से मिलने वाले रियल टाइम डेटा के आधार पर यह समझने में मदद मिलेगी कि किन स्थानों पर ट्रैफिक सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है और वहां किस प्रकार के सुधार की जरूरत है।

जीएमडीए की स्टडी में खासतौर पर साइबर सिटी, गोल्फ कोर्स रोड, सोहना रोड, दिल्ली-जयपुर हाईवे,ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, ओल्ड दिल्ली रोड और उनसे जुड़े आंतरिक मार्गों को शामिल किया जाएगा। इन क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय भारी ट्रैफिक दबाव रहता है, जिससे लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता है।

सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ट्रैफिक सुधार के लिए शार्ट टर्म और लांग टर्म प्लान तैयार किए जाएंगे। जाम वाले प्वाइंट पर सिग्नल टाइमिंग में बदलाव, यू-टर्न व्यवस्था सुधारने, सड़क डिजाइन संशोधित करने और ट्रैफिक डायवर्जन जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। जीएमडीए इस



स्टडी को ट्रैफिक पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे शहर में ट्रैफिक प्रबंधन को और बेहतर किया जा सकेगा। गोल्फ कोर्स रोड, मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो जंक्शन, सेक्टर 27-29-43-44 जंक्शन बख्तावर चौक, ओल्ड दिल्ली रोड, न्यू रेलवे रोड, ओल्ड रेलवे रोड, राजीव चौक, राजीव चौक से सोहना चौक, झाड़सा चौक, सेक्टर 29 रोड, सेक्टर 44 रोड, गैलेरिया रोड, 953 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क शहर के दायरे में है।

20 से ज्यादा चौराहों और सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लगता है। 8 बजे सुबह से 11 बजे और शाम को पांच बजे से दस बजे तक ट्रैफिक जाम लगता है। 200 से ज्यादा चौराहों और सड़कों को जीएमडीए ने सुधारने की योजना है। 2031 तक शहर की आबादी 42.5 लाख होने का अनुमान है। 75 प्रतिशत चौराहों पर पीक आवर में जाम 75 फीसदी से अधिक इंटरसेक्शन पर पीक आवर में जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे यात्रियों का समय बर्बाद होता है। ईंधन की बर्बादी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलबुर्गी में भीषण सड़क हादसा, कार और लॉरी की टक्कर में पांच की मौत

**वायनाड, एजेंसी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया।



जहां लाडजापुर के पास एक चार-पहिया वाहन की लॉरी से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांचों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए श्रीनिवासुलु ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। कर्नाटक पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में लाडलापुर के पास एक क्रूजर गाड़ी की लॉरी से टक्कर हो जाने के बाद पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद, कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए. श्रीनिवासुलु ने घटनास्थल का दौरा किया और दुर्घटना के कारणों का जायजा लेने के लिए निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि एक महीने पहले कर्नाटक के यादगिरी इलाके में एक कार की बस से टक्कर हो जाने के बाद सात लोगों की मौत हो गई थी और दो बच्चे घायल हो गए थे। कार में सवार सभी यात्री एक ही परिवार के थे और रायचूर के सिरवार तालुक के रहने वाले थे।यादगिरी के पृथ्वीक शंकर ने बताया कि यह दुर्घटना यादगिरी जिले में, सुरपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, कार एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश में सामने से आ रही बस से टकरा गई। शंकर ने कहा, 'हमने पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत ले ली है और हम मामले की जांच कर रहे हैं।'

### बांद्रा स्टेशन के पास सभी अवैध निर्माण किए गए ध्वस्त


**मुंबई, एजेंसी।** रेलवे ट्रैक के किनारे अतिक्रमणों को हटाने के लिए पश्चिमी रेलवे द्वारा चलाए जा रहे बेदखली अभियान के चौथे दिन शुक्रवार को बांद्रा स्टेशन के पास गरीब नगर में सभी अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने कहा कि 19 मई से अब तक लगभग 500 अवैध झुग्गियों को हटाया जा चुका है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले इस बेदखली अभियान को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि बांबे हाई कोर्ट ने अधिकारियों को 100 ढांचों को पूरी तरह से न गिराने का निर्देश दिया था। इसलिए, इन झुग्गियों के भूतल को बरकरार रखा गया है, जबकि ऊपरी मंजिलों को गिराया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और ऊपरी मंजिलों को गिराने का शेष काम शनिवार दोपहर तक पूरा होने की उम्मीद है। पश्चिमी रेलवे के अनुसार, ध्वस्त इमारतों का मलबा साथ-साथ हटाया जा रहा है और निर्धारित निपटान स्थलों पर ले जाया जा रहा है। अभिषेक ने बताया कि स्थल पर बाड़ लगाने और बैरिकेडिंग का काम भी शुरू हो गया है।

### बदल गया हिमाचल प्रदेश का मौसम, शिमला-मनाली हुआ कूल-कूल

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मौसम को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहे हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। राजधानी शिमला समेत कई इलाकों में सुबह से तेज हवाएं चलती रहीं और हल्की बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बादलों के बरसने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले तीन दिनों से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा था और लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। शिमला में सुबह आसमान में बादल छाए रहे और कई जगह हल्की बारिश हुई। तेज हवाओं के कारण मौसम ठंडा हो गया। पिछले कल शिमला का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। जो सामान्य से करीब पांच डिग्री ज्यादा था।

## बिजली की खपत ने मई में ही तोड़ा जून का रिकॉर्ड, 2500 एमवीए तक पहुंचने का अनुमान

**साहिबाबाद, एजेंसी।** बीते वर्ष जून में हुई बिजली की खपत का रिकॉर्ड इस बार मई में ही टूट गया है। 21 मई को जिले में बिजली की खपत 2100 एमवीए (मेगा वोल्ट एंपीयर) दर्ज की गई। जबकि इतनी खपत बीते वर्ष जून में हुई थी, जो उस वर्ष की अधिकतम थी।



इस बार जून में बिजली की खपत 2500 एमवीए तक पहुंचेगी। वहीं, जिले की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। मई 2025 में बिजली की अधिकतम खपत 1841 एमवीए पहुंची थी, लेकिन इस बार अभी तक 259 एमवीए अधिक है। अभी इस माह में एक सप्ताह बाकी है। इस दौरान गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत बढ़ने के भी आसार हैं। पारेषण विभाग के अधिकारियों की मानें तो जून में भीषण गर्मी पड़ने से बीते वर्ष के मुकाबले यह आंकड़ा करीब 400 एमवीए अधिक रहने वाला है। यानी करीब 2500 एमवीए तक बिजली की खपत पहुंच जाएगी। इसके बाद जुलाई में गर्मी कम होने के साथ ही खपत में गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। जिले में पारेषण की क्षमता 3338 एमवीए है। इसके सापेक्ष अधिकतम लोड 62 प्रतिशत तक पहुंचा है। इतने पर ही बिजली व्यवस्था पूरी तरह से दम तोड़ दिया है।

## सीएम शुभेंदु के दिल्ली दौरे के बाद केंद्र ने खोला खजाना, बंगाल में विकास योजनाओं के लिए 39 हजार करोड़ मंजूर

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पहले दिल्ली दौरे के बाद केंद्र सरकार ने राज्य के विकास के लिए बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के तहत रुकी हुई योजनाओं के लिए 39,000 करोड़ रुपये जारी करने पर सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु ने बताया कि केंद्र ने बंगाल के आर्थिक विकास, उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया है।



दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ बैठक के दौरान केंद्रीय प्रोजेक्ट्स को लागू करने में मदद का भी भरोसा दिया, जिनमें से कई ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत रुके हुए थे। शुभेंदु अधिकारी ने एक पोस्ट में लिखा, 'हमारी सार्थक चर्चा के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास के अपने दृष्टिकोण पर फिर से जोर दिया और दोहराया कि बंगाल का विकास केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें बंगाल को आर्थिक विकास, औद्योगिक पुनरुद्धार और युवा सशक्तिकरण के पथ पर अग्रसर करने के लिए हर संभव सहायता, मार्गदर्शन और केंद्रीय समर्थन का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही, राज्य में आयुष्मान भारत और ग्रामीण रोजगार जैसी केंद्रीय योजनाओं को तेज गति से लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। 1 जुलाई से हर ग्रामीण परिवार को 125 दिन की सैलरी वाली नौकरी देने वाली शुरुआत हो जाएगी।

# एसआईटी ने दाखिल की 1500 पन्नों की पहली चार्जशीट, कई दस्तावेज जब्त

**मुंबई, एजेंसी।** नासिक पुलिस ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नासिक यूनिट से जुड़े यौन उत्पीड़न मतांतरण मामले में आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को 1,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। आरोपितों के खिलाफ कुल नौ एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से फिलहाल सिर्फ एक मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है।

नासिक पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक की टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने पीड़िता के जबरन मतांतरण से संबंधित सुबूतों का पता लगाया है, एक ऐसा कृत्य जिसने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। पुलिस ने आरोपितों द्वारा पीड़िता का नाम और पहचान बदलने के लिए इस्तेमाल किए गए मूल दस्तावेज भी जब्त कर लिए हैं। इसके अलावा, पीड़िता और आरोपितों दोनों के मोबाइल फोन से प्राप्त वाट्सएप चैट स्क्रीनशाट के रूप में डिजिटल और तकनीकी साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं। आरोपपत्र में दानिश एजाज शेख, तौसीफ बिलाल अत्तार, निदा एजाज खान और मतीन मजीद पटेल को आरोपित बनाया गया है। इनमें से किसी को भी जमानत नहीं मिली है। आरोपपत्र नासिक रोड स्थित अतिरिक्त सत्र एवं विशेष न्यायालय में दायर की गई।

नासिक यौन शोषण मामले की सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने टाटा




कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कंपनी को निर्देश दिया कि वह अपने सभी 127 यूनिटों में चार सप्ताह के भीतर यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए आंतरिक समितियां गठित करे। आयोग की प्रमुख विजया राहटकर की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई सुनवाई में कंपनी को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम (पीओएसएच), 2013 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय करते हुए आयोग ने कंपनी को संबंधित अधिकारियों को वार्षिक पीओएसएच रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के लिए कहा और अगली समीक्षा कार्यवाही के दौरान अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी।

## भारत का बढ़ा गौरव: मेजर अभिलाषा बराक को मिला बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मान; लेबनान में महिलाओं की मदद बनी मिसाल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मेजर अभिलाषा बराक को साल 2025 के प्रतिष्ठित 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य लिंग अधिवक्ता पुरस्कार' के लिए चुना है। यह सम्मान उन्हें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान महिलाओं और किशोरियों के लिए किए गए उत्कृष्ट काम के लिए दिया जा रहा है। यह भारत के लिए गर्व का क्षण माना जा रहा है। मेजर अभिलाषा बराक इस समय लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल यानी यूएनआईएफआईएल में भारतीय बटालियन के साथ तैनात हैं। वह वहां महिला सहभागिता टीम (एफईटी) की कमांडर के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने स्थानीय महिलाओं और लड़कियों के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं को समझने,



उन्हें जागरूक करने और उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम किया। इसके अलावा उन्होंने शांति सैनिकों को लिंग संवेदनशीलता यानी महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर प्रशिक्षण भी दिया। भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मेजर अभिलाषा बराक को महिलाओं और किशोरियों के साथ सामुदायिक जुड़ाव और शांति सैनिकों को जेंडर प्रशिक्षण देने के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। मेजर अभिलाषा बराक भारतीय सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलिकॉप्टर पायलट भी हैं। अब उन्हें 29 मई को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। यह दिन हर साल 'संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारत के लिए खास बात यह भी है कि इस सम्मान को पाने वाली अभिलाषा बराक तीसरी भारतीय अधिकारी बन गई हैं।

## ट्रंप से बदला लेने की फिराक में ईरान, इवांका की हत्या की साजिश रचने का दावा, आईआरजीसी से जुड़ा आरोपी गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के परिवार को निशाना बनाने की कथित साजिश ने अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। दावा किया गया है कि ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप की हत्या की योजना बनाई गई थी। इस मामले में गिरफ्तार इराकी नागरिक मोहम्मद बाकेर साद दाऊद अल-सादी पर आरोप है कि वह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी से जुड़ा हुआ था और ट्रंप परिवार से बदला लेना चाहता था।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अल-सादी के पास इवांका ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित घर का नक्शा भी मिला था। बताया जा रहा है कि यह कथित साजिश ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की अमेरिकी ड्रोन हमले में हुई मौत का बदला लेने के लिए रची गई थी।

**आखिर इवांका ट्रंप को निशाना बनाने का आरोप क्यों लगा**

रिपोर्ट के मुताबिक मोहम्मद अल-सादी ट्रंप परिवार के खिलाफ बदले की भावना रखता था। दावा किया गया है कि कासिम सुलेमानी की मौत के बाद वह लोगों से कहता था कि 'ट्रंप ने हमारा घर जलाया है, इसलिए हमें इवांका को मारना होगा।' सूत्रों के अनुसार उसके पास फ्लोरिडा में



इवांका ट्रंप और उनके पति जैरेड कुशनर के घर से जुड़ी जानकारी और नक्शा भी मौजूद था। सोशल मीडिया पर उसने फ्लोरिडा के उस इलाके का नक्शा साझा किया था, जहां इवांका का घर स्थित है। साथ ही उसने अरबी भाषा में धमकी भरा संदेश भी लिखा था, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां भी उन्हें नहीं बचा पाएंगी। इस घटना के बाद अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है।

गिरफ्तार आरोपी पर कौन-कौन से आरोप लगे हैं 32 वर्षीय मोहम्मद अल-सादी को 15 मई को तुर्किये में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद उसे अमेरिका लाया गया।

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार उस पर यूरोप और अमेरिका में 18 हमलों की कोशिशों का आरोप।

जांच एजेंसियों का दावा है कि वह अमेरिका और यहूदी समुदाय से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाने में शामिल था।

एम्स्टर्डम में बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन पर फायरबॉम्ब हमले में नाम जुड़ा।

लंदन में दो यहूदी नागरिकों पर चाकू से हमले का आरोप।

टोरंटो स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर गोलीबारी में कथित भूमिका।

बेल्जियम के लीज शहर में यहूदी उपासना स्थल पर बम धमाके से नाम जुड़ा।

रॉटरडैम में धार्मिक स्थल में आगजनी के आरोप भी लगे। कई अन्य अंतरराष्ट्रीय आतंकी गतिविधियों और हमलों की साजिश में शामिल होने की जांच जारी है। रिपोर्टों के मुताबिक अल-सादी को आईआरजीसी और कताइब हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से जुड़ा बताया गया है। दावा किया गया कि वह बचपन में तेहरान भेजा गया था, जहां उसने आईआरजीसी से प्रशिक्षण लिया। बाद में उसने धार्मिक यात्राओं से जुड़ी ट्रैवल एजेंसी शुरू की, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर दुनिया भर में आतंकी नेटवर्क से संपर्क बनाने के लिए किया गया।

# अंतरिक्ष में मौसम का बड़ा रहस्य, 2690 प्रकाशवर्ष दूर ग्रह पर बनते-बिखरते दिखे बादल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक ऐसे दूरस्थ ग्रह का पता लगाया है, जहां मौसम का बेहद अनोखा तंत्र काम करता है। पृथ्वी से करीब 2690 प्रकाशवर्ष दूर स्थित इस विशाल एक्सोप्लैनेट यानी सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रह पर घने बादल बनते और खत्म होते देखे गए हैं। खास बात यह है कि ग्रह के अंधेरे हिस्से में बादल बनते हैं और फिर तेज हवाएं उन्हें रोशनी वाले हिस्से तक ले जाकर खत्म कर देती हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से वैज्ञानिकों ने पहली बार इतने दूर मौजूद किसी ग्रह पर मौसम की इस प्रक्रिया को विस्तार से समझा है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि यह खोज अंतरिक्ष विज्ञान और ग्रहों के अध्ययन में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

आखिर वैज्ञानिकों ने इस ग्रह पर क्या खोजा

वैज्ञानिकों ने एक्सोप्लैनेट डब्ल्यूएएसपी-94 ए बी का अध्ययन किया। यह ग्रह अपने



तारे डब्ल्यूएएसपी-94 ए के सामने से गुजरता है। इसी दौरान वैज्ञानिकों ने ग्रह के वायुमंडल से होकर गुजरने वाली रोशनी का विश्लेषण किया। अध्ययन में पाया गया कि ग्रह के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली रोशनी में अंतर दिखाई दे रहा था। खगोलशास्त्री सैगनिक मुखर्जी के नेतृत्व में हुई इस रिसर्च में पता चला कि ग्रह का जो हिस्सा पहले तारे के सामने आता है, वहां घने बादल मौजूद थे। वहीं, रोशनी वाले हिस्से में ये बादल खत्म हो जाते थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रह पर चलने वाली तेज हवाएं इन बादलों को एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक ले जाती हैं।

### बादलों की यह प्रक्रिया इतनी अहम क्यों मानी जा रही

वैज्ञानिकों के अनुसार यह खोज केवल मौसम तक सीमित नहीं है। इससे ग्रह की रासायनिक संरचना और उसके निर्माण के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। रिसर्च में कहा गया है कि अगर दिन और रात वाले हिस्सों के इस अंतर को नजरअंदाज कर दिया जाता, तो वैज्ञानिक गलत निष्कर्ष तक पहुंच सकते थे। उन्हें ऐसा लग सकता था कि ग्रह के दिन वाले हिस्से में धुंध जैसी परत बनी हुई है। इससे ग्रह के वातावरण की पूरी तस्वीर बदल सकती थी। इसलिए यह अध्ययन वैज्ञानिकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के लिए एक्सोप्लैनेट्स को सीधे देख पाना आसान नहीं होता। आमतौर पर इन ग्रहों का पता तब चलता है जब वे अपने तारे के सामने से गुजरते हैं। उस समय तारे की रोशनी थोड़ी कम हो जाती है। वैज्ञानिक उसी बदलाव का अध्ययन करते हैं। इस प्रक्रिया में ग्रह तारे की कुल रोशनी का केवल लगभग 1 प्रतिशत हिस्सा ही रोक पाता है। उसमें से भी बहुत कम रोशनी ग्रह के वायुमंडल से होकर गुजरती है। यही वजह है कि ऐसे संकेत बेहद कमजोर होते हैं और उन्हें समझने के लिए अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत पड़ती है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसी मुश्किल काम को संभव बनाया है।

## शिपयार्ड बना आग का गोला: लगातार दो धमाकों ने मचाई तबाही, एक व्यक्ति की मौत व 36 घायल

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क शहर के एक शिपयार्ड में शुक्रवार को लगी आग और दो विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में घायल हुए 36 लोगों में अधिकतर दमकलकर्मी और अन्य आपातकालीन सेवाकर्मी हैं। एक आम नागरिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस समय दूसरा विस्फोट हुआ दो दमकलकर्मी इमारत के अंदर थे जिससे कि वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने शुक्रवार शाम को संवाददता सम्मेलन में कहा, हालात बेहद जटिल है और स्थिति लगातार बदल रही है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी लिलियन बोनसिन्योर ने बताया कि अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई और बताया गया कि शिपयार्ड के पिछले हिस्से में एक तहखाने में दो मजदूर फंसे हैं।

# परिवहन व्यवस्था में सुधार को लेकर विभाग गंभीर : सचिव

## बोकारो डीटीओ कार्यालय का परिवहन सचिव ने किया औचक निरीक्षण, दिया जरूरी दिशा-निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को परिवहन विभाग झारखंड सरकार के सचिव राजीव रंजन ने जिला परिवहन कार्यालय बोकारो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय कर्मियों से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद उन्होंने उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर परिवहन व्यवस्था एवं विभागीय योजनाओं पर चर्चा की। बाद में, बोकारो परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में परिवहन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

**जिला परिवहन कार्यालय में सुधार एवं स्थानांतरण पर जोर**

परिवहन सचिव ने कहा कि बोकारो जिला परिवहन कार्यालय में कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित करने की दिशा में भी पहल की बात कही।

**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को प्रभावी बनाने की तैयारी**

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं कमजोर वर्ग के लोगों तथा विद्यालय जाने वाले बच्चों को निःशुल्क गांव से शहर तक सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए रूट निर्धारण एवं रूट फाइनल जिला से करके विभाग को भेजा जाता है। जिसके बाद रूट फाइनल कर - बस ऑपरेटरों के साथ समन्वय स्थापित कर योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत वाहनों की मॉनिटरिंग जीपीएस ट्रैकर के माध्यम से की जाएगी तथा सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सब्सिडी का भुगतान डीटीओ के माध्यम से किया जाएगा।

**राज्य में शुरू होगा ईवी बस संचालन**

परिवहन सचिव ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा 40 से 50 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राज्य के प्रमुख जिलों में चरणबद्ध तरीके से 04 से 05 ईवी बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। ईवी चार्जिंग स्टेशन एवं आधारभूत संरचना विकसित करने की तैयारी उन्होंने कहा कि झारखंड को पूर्वी भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र का महत्वपूर्ण राज्य बनाने की दिशा में विभाग कार्य कर रही है। इसके लिए पूरे राज्य में आवश्यकता अनुसार चार्जिंग स्टेशन एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा।

**राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए माहवार लक्ष्य निर्धारित**

परिवहन सचिव ने कहा कि राजस्व संग्रहण बढ़ाने के उद्देश्य से सभी जिलों को माहवार लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित टीमों को विभिन्न रूटों पर नियमित जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग उपायुक्त स्तर से नियमित की जाएगी।

**सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर**

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है। सड़क सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

**चंदनकियारी सड़क दुर्घटना के पीड़ित बच्चों को मिलेगी सहायता**

हाल ही, में चंदनकियारी में हुई सड़क दुर्घटना में दंपति की मृत्यु एवं तीन बच्चों के अनाथ होने की घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावित बच्चों को हिट एंड रन योजना के तहत मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**ऑनलाइन एवं फेसलेस सेवाओं के विस्तार पर विभाग का फोकस**

परिवहन सचिव ने कहा कि विभाग अधिकांश सेवाओं को ऑनलाइन करने की दिशा में कार्य कर रहा है। आने वाले समय में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित फेसलेस इंटरवेंशन व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि आम लोगों को पारदर्शी एवं सरल सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

**ट्रांसपोर्ट नगर एवं आधुनिक बस स्टैंड विकसित करने की पहल**

उन्होंने बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर एवं आधुनिक बस स्टैंड विकसित करने की दिशा में भी सकारात्मक पहल करने की बात कही। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# एल्यूमिनियम चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के बालीडीह थाना पुलिस ने चोरी के एल्यूमिनियम तार की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 70 किलो कटिंग किया हुआ एल्यूमिनियम तार और एक सफेद रंग की आल्टो कार जब्त की है। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध सफेद आल्टो कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर कार से भारी मात्रा में कटिंग किया हुआ एल्यूमिनियम तार बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लोग बोकारो स्टील प्लांट के आसपास से एल्यूमिनियम तार चोरी कर उसे विभिन्न जगहों पर बेचने का काम करते थे। पुलिस के अनुसार, प्रकाश कुमार उपाध्याय उर्फ घनु इस गिरोह का मुख्य सरगना है। गिरोह का नेटवर्क बोकारो से लेकर रामगढ़ तक फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार रामगढ़ का रहने वाला है और चोरी के एल्यूमिनियम तार की खरीद-बिक्री में शामिल था। गिरफ्तार आरोपियों में सिंदु कुमार, प्रिंस कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में बालीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के बालीडीह थाना पुलिस ने अपहरण और मारपीट मामले में लगभग दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभय पाण्डेय के रूप में हुई है। डीएसपी मुख्यालय पवन कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को बालीडीह थाना में दर्ज मामले में आरोपी और उसके सहयोगियों पर अंकित सिंह का अपहरण कर मारपीट करने, नगदी छीनने और मोबाइल से यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर करने का आरोप लगाया गया था। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। डीएसपी के अनुसार आरोपी के खिलाफ बालीडीह थाना में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई मामलों में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### एसपी ने बालीडीह थाना का किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो नाथू सिंह मीणा द्वारा बालीडीह थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन, पुलिस व जनता के बीच बेहतर तालमेल का निर्देश दिया। उन्होंने सघन गश्ती, थाना रिकार्ड का बेहतर संधारण, साफ सफाई, थाना आने वाले पीड़ितों से मित्रवत व्यवहार, साइबर जागरूकता, महिला अपराध के मामले में जीरो टॉलरेंस की बात कही। न्यू क्रिमिनल एक्ट का पूर्णतः अनुपालन, ई-साक्ष्य एप पर शत प्रतिशत प्रविष्टि करना इत्यादि निर्देश देते हुए एसपी ने बकरीद त्योहार पर विशेष तैयारी व अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों से एक- एक कर बात कर के थाना की कार्य प्रणाली को और बेहतर करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए गए।

### बीएसएल के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेल की बारीकियों से अवगत हो रहे बच्चे



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है. विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे प्रशिक्षण शिविरों में शामिल हो रहे हैं. खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे के बीच किया जा रहा है. हैंडबॉल प्रशिक्षण में 36, बास्केटबॉल में 52, हॉकी में 22 तथा वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में 26 बच्चों ने हिस्सा लिया. बास्केटबॉल का प्रशिक्षण स्टील क्लब सेक्टर-3 में, जबकि वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों को खेल की तकनीक एवं फिटनेस के साथ-साथ अनुशासन एवं टीम भावना के बारे में जानकारी दी जा रही है. अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को निखारने में सहायता मिल रही है. ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है. यह शिविर खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. बोकारो स्टील प्लांट के खेल एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 2 जून तक आयोजित किया जाएगा.

# जिलास्तरीय सांस्कृतिक समिति की बैठक आयोजित

## सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर दिया जोर





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सांस्कृतिक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रति वर्ष जिला स्तरीय नाट्य मंच महोत्सव आयोजित किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिले की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने पर बल दिया।

**कला भवन निर्माण प्रस्ताव पर किया गया विचार-विमर्श**

बैठक के दौरान कला भवन निर्माण से संबंधित प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सांस्कृतिक आयोजनों, नाट्य प्रस्तुतियों एवं कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने की दिशा में सकारात्मक पहल पर विचार किया गया।

**अखड़ा संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर**

बैठक में उपायुक्त ने जिले की पारंपरिक अखड़ा संस्कृति को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोक संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण समय की आवश्यकता है।

**पारंपरिक नृत्य संगठन गठन हेतु दिया निर्देश**

पारंपरिक नृत्य विधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विभिन्न लोक एवं पारंपरिक नृत्य समूहों के संगठन गठन की दिशा में कार्य करने को कहा गया, ताकि स्थानीय कलाकारों को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराया जा सके।

**सांस्कृतिक आयोजनों को रेखांकित करने का निर्देश**

जिले में आयोजित होने वाली प्रमुख सांस्कृतिक गतिविधियों एवं आयोजनों को व्यवस्थित रूप से रेखांकित एवं प्रचारित करने हेतु जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**ज्ञान भारतम मिशन के तहत सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की पहल**

बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार द्वारा मार्ग दर्शन देते हुए बताया गया कि ज्ञान भारतम मिशन, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है। उन्होंने कहा कि उक्त मिशन के अंतर्गत बोकारो जिला की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन एवं डिजिटलीकरण से संबंधित प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**पांडुलिपियों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर भी विशेष फोकस**

ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों एवं निजी संग्रहों में संरक्षित सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में कार्य किए जाने को कहा। बैठक में जिले की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, सीएसआर नोडल शक्ति कुमार समेत विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बकरीद पर्व को लेकर डीसी व एसपी ने की विधि-व्यवस्था की समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना की संयुक्त अध्यक्षता में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विधि-व्यवस्था समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सतर्कता एवं प्रशासनिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों एवं पॉकेट को चिन्हित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर शांति समिति एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं, सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने को कहा।

**पर्व को रूटीन ड्यूटी नहीं, जिम्मेदारी के साथ लें : उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी पर्व ड्यूटी को रूटीन कार्य नहीं समझें। सभी पूरी तरह सतर्क एवं अलर्ट मोड में रहें, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास न कर सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रशासन का खौफ असामाजिक तत्वों में बना रहना चाहिए।

**अस्पताल, कंट्रोल रूम एवं आपदा प्रबंधन टीम रहेगी अलर्ट**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा जाए। साथ ही, जिला कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने एवं सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग को भी किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने को कहा।

**सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश**

मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की पशु तस्करी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा सभी गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने लोकल व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष नजर रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने तथा सभी वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# धनबाद रेल मंडल द्वारा रोजगार मेला का आयोजन, नियुक्ति पत्र का वितरण

## केंद्र सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है : अन्नपूर्णा देवी



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में 19वें रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद ढुल्लू महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान देशभर के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित किया और ऑनलाइन माध्यम से 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश के युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं और युवाओं की भागीदारी से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाले युवाओं से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ देश सेवा करने की अपील की। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि देशभर के 47 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया, जहां विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मंत्री ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा




**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने हत्या के आरोप में दोषी करार कसमार थाना अंतर्गत हसलता टोला गहरी गढ़ा निवासी जग्गू महतो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मालूम हो की वादी कसमार थाना अंतर्गत हसलता टोला गहरी गढ़ा निवासी सिकंदर महतो ने 12/7/2018 को पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराया था कि उसकी जमीन पर पड़ोसी नकुल महतो, पुरन महतो के साथ पूर्व से विवाद चल रहा था। जिस विवाद में अंचलाधिकारी द्वारा दोनों पक्ष को विवादित जमीन पर कोई कार्य करने से मना कर दिया गया था। उक्त जमीन पर पुरन महतो, नकुल महतो दोनों आकर हल चलाने लगे, जिसे देखकर मेरे पिता सहदेव महतो एवं चाचा चौहान महतो एवं पुरन महतो वहां गए और जमीन पर काम करने से मना किया। इसी क्रम में वे गाली गलौज करने लगे एवं हल्ला की आवाज सुनकर रतन महतो, गोपाल महतो, शंकर महतो, जग्गू महतो, भुनेश्वर महतो, हरिहर महतो, सबिता देवी, शीला देवी, उषा देवी आए और मारपीट करने पर उतारू हो गए। इसी बीच रतन महतो टांगी से मेरे पिता को सिर पर मारने लगे, जिससे वह गिर गए। पुरन महतो, नकुल महतो, जग्गू महतो, शंकर महतो, भुनेश्वर महतो, गोपाल महतो, लाठी डंडा से एवं अन्य लोग लात से मेरे पिता को मारने लगे। जिससे मेरे पिता लहुलुहान हो गए और तड़पने लगे। सदर अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सक के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना को सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दिया। इस मामले की सुनवाई के दौरान उपलब्ध गवाह एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस सुनने के बाद सूर्य मणि त्रिपाठी ने हत्या के आरोप में जग्गू महतो को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त जग्गू महतो को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी अपर लोक नवीन कुमार मिश्रा ने बहस की।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## योजना का लाभ प्रत्येक पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे : डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद कार्यालय के सभागार में समाज कल्याण निदेशालय में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रांची से प्रशिक्षित चास ग्रामीण की महिला पर्यवेक्षिका ममता कुमारी एवं क्षेत्रीय प्रबंधक चिरंजीवी सिंह ने सभी महिला पर्यवेक्षिको एवं सभी कम्प्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता द्वारा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की क्षमता वृद्धि करना था। यह प्रशिक्षण आगामी 30 जून, 2026 तक जिले के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को प्रशिक्षित कर देना है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो सह प्रभारी पदाधिकारी मुकेश कुमार एवं जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी चास जया कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी चास सत्यबाला सिन्हा, स्टेट कोडिडिनेटर मृत्युंजय नायक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बोकारो जिला, सभी महिला पर्यवेक्षिका, सभी प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं योजना से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया तथा शिकायत निवारण से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सेविका एवं सहायिका को अच्छे से प्रशिक्षित करें- उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी महिला पर्यवेक्षिको (प्रशिक्षकों) से कहा कि आप यहां से बहुत मोटिवेट होकर जाइए और अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सेविका एवं सहायिका को अच्छे से प्रशिक्षित करें, ताकि वे ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना की जानकारी दे सके तथा ज्यादा से ज्यादा लाभुक इस योजना से जुड़कर इस योजना का लाभ ले सके। साथ ही उन्होंने सभी महिला पर्यवेक्षकों से कहा कि आप सभी अपने-अपने सेंटरों का मैपिंग करें। इस मैपिंग में डीटेल भी लिखे।

**योजना का लाभ प्रत्येक पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे-**

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों के पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही भी नहीं होनी चाहिए। साथ ही क्षेत्र स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को योजना से जोड़ने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को योजना के नवीन दिशा-निर्देशों, तकनीकी प्रक्रियाओं एवं कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों पर भी जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए क्षेत्र स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के उपाय बताए गए। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र महिला मातृत्व अवधि में आवश्यक सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके तहत पहले बच्चे के लिए पात्र गर्भवती महिला को ₹5,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है एवं दूसरे बच्चे के लिए (यदि बच्ची जन्म लेती है) ₹6,000 की सहायता राशि दी जाती है।

# अनुसेवक का आकस्मिक निधन, शोक सभा का आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायालय के अनुसेवक अरविन्द कुमार सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई। न्यायालय कर्मी के निधन पर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी की अगुवाई में आज शोक सभा का आयोजन किया गया। बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि व्यवहार न्यायालय में कार्यरत अनुसेवक अरविन्द कुमार सिंह की मृत्यु सुबह तेनुघाट में हो गई। जिसे लेकर उक्त शोक सभा की गई। बताया कि दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह काफी मृदु भाषी और मिलनसार थे। जिससे सभी न्यायिक कर्मी खुश रहते थे। उनके निधन से सभी काफी दुखी हैं। ज्ञात हो कि, दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह अपने पीछे अपनी पत्नी, दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। दोनों पुत्रियां विवाहित हैं। बताते चले कि दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह मूल रूप से बिहार गया जिला के ग्राम बूढ़ी के निवासी थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK